e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
वर्ष 11, अंक 107
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
शुक्रवार
19.04.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
दूसरों पर आरोप लगाने से पहले स्वयं को जवाब देना पड़ता है।

## क्विक न्यूज

### डमी कैंडिडेट पर चुनाव आयोग की पैनी नजर

**रांची :** लोकसभा चुनाव के दौरान डमी कैंडिडेट पर चुनाव आयोग की पैनी नजर रहेगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि ऐसे कैंडिडेट की पहचान कर सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि आयोग के संज्ञान में आया है कि डमी कैंडिडेट के नाम पर दूसरे कैंडिडेट चुनावी खर्च मैनेज करते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि इस बार चुनाव में उम्मीदवारों के लिए गाड़ियों का परमिट फुलप्रूफ होगा। इसके लिए आयोग ने स्टैंडर्ड फार्मेट बनाया है। यह सात तरह का होगा। इसका डुप्लीकेट बनाना मुश्किल होगा। इसमें कोडिंग और माइक्रो चिप जैसी व्यवस्था होगी। इसे गाड़ी के स्क्रीन पर लगाना अनिवार्य होगा। गाड़ी बदलने पर परमिट सरेंडर कर नई गाड़ी का परमिट लेना होगा।

### आगामी 15 अगस्त को देंगे एक करोड़ को नौकरी: तेजस्वी यादव

**बेगूसराय :** बिहार के बेगूसराय में आईएनडीआईए गठबंधन के उम्मीदवार अवधेश राय के पक्ष में सभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने गुरुवार को कहा कि आगामी 15 अगस्त राज्य के एक करोड़ लोगों को नौकरी देंगे। भाजपा झूठ बोलकर लोगों को गुमराह कर रही है। इस बार झांसे में नहीं आएं और एकजुट होकर इंडिया गठबंधन को समर्थन करें। जिससे देश में विकास हो सके, हम बेरोजगारी महंगाई की बात करते हैं, लेकिन भाजपा सिर्फ मंदिर मस्जिद की बात करती है।तेजस्वी यादव ने कहा है कि भारत को अंग्रेजों से आजादी 1947 में ही मिल गई थी। लेकिन असली आजादी नहीं मिली है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो हम बेरोजगारी से आजादी दिलाएंगे। रक्षाबंधन के अवसर पर प्रत्येक वर्ष बहनों को एक-एक लाख रुपया देंगे।

### मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**इंफाल :** मणिपुर में हथियार और गोला बारूद की बरामदगी का सिलसिला लगातार जारी है। इसी सिलसिले में भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद संयुक्त सुरक्षा बलों के अभियान में बरामद किया गया।मणिपुर पुलिस ने आज बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान और क्षेत्र प्रभुत्व चलाया गया। तलाशी अभियान के दौरान एक लैथोड गन, तीन सिंगल बैरल 12 मिमी बोर राइफल, मैगजीन के साथ एक 9 मिमी सीएमजी, 01 एक आंसू गैस गन, 14 जीवित गोला बारूद राउंड, रबर बुलेट के साथ दो 38 मिमी दंगा विरोधी कारतूस, तीन टियर स्मोक शेल (सीएस), दो इम्प्रोवाइज्ड लॉन्ग रेंज मोर्टार तथा एक इम्प्रोवाइज्ड लॉन्ग रेंज मोर्टार गोला बारूद लंग्ज़ा क्षेत्र, चुराचांदपुर जिले से बरामद किया गया। सुरक्षा बलों द्वारा पूरे राज्य में छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।

### दीवार के मलबे में दबकर दो बच्चों की मौत

**चाईबासा** : जिले के कुमारडुंगी प्रखंड के अंधारी के पांडुसाई टोला में निर्माणधीन कच्ची दीवार गिर जाने से घर की आंगन में गहरी नींद में सो रहे दो बच्चे मलबे में दब गए और दोनों की मौत हो गई. इस घटना में अन्य दो बच्चों के साथ एक बुजुर्ग को गंभीर चोटें आई हैं.बच्चों के परिजन के अनुसार, गांव के लगभग 6 बच्चों ने एक साथ भोजन किया और फिर खेलते-खेलते देवानंद पान के घर की आंगन में सो गये थे. रात को निर्माणाधीन दीवार अचानक से बच्चों के पर गिर गई. आनन-फानन में देवानंद पान ने चार बच्चों को खींचकर मलबे से बाहर निकाला, जबकि दो बच्चे 8 वर्षीय शिवा पान और 7 वर्षीय मुन्ना पान उसमें दब गए.मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है. मृतक और घायल एक ही परिवार के हैं.



**रांची का तापमान**
अधिकतम 36°
न्यूनतम 23°

---

### 21 राज्यों की 102 सीटों पर होगी वोटिंग, 8 केंद्रीय मंत्रियों की किस्मत का होगा फैसला

# प्रथम चरण का मतदान आज

**सीमाएं सील, हेलिकॉप्टर-ड्रोन से निगरानी, सीएपीएफ के 3 लाख जवानों ने बनाया तीन स्तर का सुरक्षा घेरा**

एजेंसी
**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव में 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिन सीटों पर मतदान होगा, उसके आसपास के जिलों की सीमाएं सील रहेंगी। इसके अलावा, ऐसा कोई लोकसभा क्षेत्र, जिसकी सीमा अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर से लगती हैं, वहां भी कई रास्तों को सील किया गया है।
संवेदनशील मतदान केंद्रों के आसपास ड्रोन से निगरानी की जाएगी। नक्सल प्रभावित क्षेत्र और उत्तर पूर्व के इलाकों में स्थित मतदान कर्मियों को बूथ तक पहुंचाने के लिए हेलिकॉप्टर की मदद ली गई है। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कराने के मकसद से केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के करीब तीन लाख जवानों ने तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा तैयार किया है। चुनावी जिलों में इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं।

#### 8 केंद्रीय मंत्रियों की किस्मत ईवीएम में होगी लॉक

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री किरण रिजिजू, बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग, आयुष मंत्री सर्बानंद सोनेवाल, मत्स्य, पशु चिकित्सा और डेयरी मंत्रालय में राज्य मंत्री डॉक्टर संजीव बालियान,प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री के रूप में कार्यरत एल मुरुगन के भाग्य का फैसला आज होगा।

**102 लोस सीटों पर होगा मतदान**

19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए वोट डाले जाएंगे। 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 संसदीय सीटों पर मतदान होगा। लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण की वोटिंग के साथ ही अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम की 92 विधानसभा सीटों पर भी वोट डाले जाएंगे। अरुणाचल प्रदेश की 2 लोकसभा सीटें, जिनमें अरुणाचल प्रदेश पूर्व और अरुणाचल प्रदेश पश्चिम शामिल हैं, पर मतदान होगा।

**300 कंपनियां तैनात की गई हैं**

#### बस्तर में रहेगा तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा

छत्तीसगढ़ की बस्तर सीट पर मतदान के लिए कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा तैयार किया गया है। मतदान कर्मियों को हेलिकॉप्टर के जरिए बूथों तक पहुंचाया जा रहा है। नक्सली हमले के खतरे के मद्देनजर, सीआरपीएफ ने कई बूथों पर मोर्चा संभाला है। केंद्रीय बलों की साढ़े तीन सौ कंपनियां तैनात की गई हैं। मतदान केंद्र तक पहुंचने वाले रास्तों पर भारी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं।

#### आसपास के जिलों की सीमाएं सील

केंद्र सरकार के सूत्रों के मुताबिक, प्रथम चरण के मतदान के दौरान सुरक्षा के अचूक प्रबंध किए गए हैं। पश्चिम बंगाल में कूचबिहार, अलीपुरद्वार और जलपाईगुड़ी लोकसभा सीट पर केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की करीब 300 कंपनियां तैनात की गई हैं। संवेदनशील बूथों के अलावा, राष्ट्रीय राजमार्ग और स्थानीय सड़कों पर भी सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। मणिपुर और बंगाल में मतदान के दौरान तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा रहेगा। जिन सीटों पर मतदान होगा, उसके आसपास के जिलों की सीमाएं सील कर दी जाएंगी। ड्रोन के जरिए निगरानी की जा रही है। संवेदनशील मतदान केंद्रों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। अधिकांश केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।



#### मतदान जरूर करें : मुख्य चुनाव आयुक्त

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने एक वीडियो संदेश जारी कर लोगों से मतदान की अपील की है। उन्होंने कर्तव्य और जिम्मेदारी को समझते हुए लोगों से स्वयं मतदान करने तथा अपने परिवारवालों और दोस्तों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा है. आयोग ने चुनाव से जुड़ी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। चुनाव पूर्व संदेश में राजीव कुमार ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की गौरवशाली अभिव्यक्ति है। इससे बेहतर कुछ नहीं है। लोगों के मतदान को सहज और सुलभ बनाने के लिए चुनाव आयोग ने बड़ी तैयारियां की हैं।

---

## ईडी ने दो इंजीनियरों की 22.47 लाख की संपत्ति जब्त की




प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय ने झारखंड के मनरेगा घोटाले में एक बार फिर से कार्रवाई की है। गुरुवार को ईडी की टीम ने दो एग्जीक्यूटिव इंजीनियरों की 22.47 लाख रुपये मूल्य की चार अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त की गई है।जानकारी के अनुसार ईडी ने झारखंड के खूंटी जिले में 18.06 करोड़ रुपये के मनरेगा घोटाले मामले में आरोपित एग्जीक्यूटिव इंजीनियर शशि प्रकाश और जय किशोर चौधरी की 22.47 लाख रुपये मूल्य की चार अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त की हैं। इस मामले में ईडी अब तक स्थाई व अस्थाई रूप से कुल 106.86 करोड़ की संपत्ति जब्त कर चुकी है। इस मामले में झारखंड पुलिस में दर्ज 16 प्राथमिकियों के आधार पर ईडी ने ईसीआइआर दर्ज कर पूरे मामले की जांच शुरू की थी। इस मामले में झारखंड पुलिस ने जो चार्जशीट दाखिल की थी, उसमें पता चला था कि जूनियर इंजीनियर राम विनोद प्रसाद सिन्हा, सहायक इंजीनियर आरके जैन (मृतक), कार्यकारी अभियंता शशि प्रकाश और जय किशोर चौधरी भी मनरेगा के 18.06 करोड़ रुपये के गबन में शामिल थे।उल्लेखनीय है कि ईडी ने 6 मई 2022 को पीएमएलए अधिनियम में दर्ज प्रविधानों के तहत सभी इंजीनियरों से संबंधित परिसरों और खूंटी की तत्कालीन उपायुक्त आइएएस पूजा सिंघल से संबंधित परिसरों की तलाशी ली थी। इस छपेमारी में ईडी को तब 19.58 करोड़ रुपये नकदी मिले थे, जिसे ईडी ने जब्त किया था। फिलहाल मामले में पूजा सिंघल न्यायिक हिरासत में है। उनका इलाज रिम्स में चल रहा है।

**इस मामले में झारखंड पुलिस में दर्ज 16 प्राथमिकियों के आधार पर ईडी ने ईसीआइआर दर्ज कर पूरे मामले की जांच शुरू की थी। इस मामले में झारखंड पुलिस ने जो चार्जशीट दाखिल की थी, उसमें पता चला था कि जूनियर इंजीनियर राम विनोद प्रसाद सिन्हा, सहायक इंजीनियर आरके जैन (मृतक), कार्यकारी अभियंता शशि प्रकाश और जय किशोर चौधरी भी मनरेगा के 18.06 करोड़ रुपये के गबन में शामिल थे।**

---

## पुलिस की गोली से मौत मामले में थाना प्रभारी निलंबित, एएसआइ गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची :** गोड्डा जिले के सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र में पुलिस की गोली से एक युवक की मौत मामले में गुरुवार को थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया गया। साथ ही आरोपित एएसआइ राजनाथ यादव को गिरफ्तार कर लिया गया।
आरोपित एएसआइ पर गैर इरादतन हत्या और आर्म्स एक्ट की धारा में सुंदरपहाड़ी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। मामले को लेकर गोड्डा एसडीपीओ जेपीएन चौधरी के नेतृत्व में एसआइटी की टीम मामले की जांच कर रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि बेनाडिक हेंब्रम लेवी वसूलने आने वाला है। सूचना के आधार पर बुधवार देर शाम सुंदरपहाड़ी थाना की पुलिस ने एक टीम गठित कर बेनाडिक हेंब्रम के घर छापेमारी की। पुलिस को देखकर एक व्यक्ति वहां से भागने लगा। पुलिस ने उसे रूकने को कहा, लेकिन वह भागता ही रहा।
उसे पकड़ने के दौरान पुलिस ने फायरिंग की। इस गोलीबारी में बेनाडिक हेंब्रम के घर पर रह रहे हरिनारायण पहाड़िया नाम के युवक के बांये कंधे के पास गोली लग गई। घायल अवस्था में पुलिस उसे अस्पताल ले गयी, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।
इस घटना के बाद ग्रामीणों ने पुलिस पर बिना कुछ पूछे गोली चलाने का आरोप लगाया है।

---

**ईडी ने कोर्ट में लगाया आरोप**

## बेल पाने के लिए जेल में मिठाई खा रहे केजरीवाल



एजेंसी
**नई दिल्ली** : दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई के दौरान राउज एवेन्यू कोर्ट में ईडी ने दावा किया कि उनके घर से जानबूझकर मीठा खाना भेजा जा है, ताकि उनका शुगर लेवल बढ़ जाए. ईडी की ओर से पेश वकील जुहैब हुसैन ने कोर्ट में सुनवाई के दौरान कहा कि अरविंद केजरीवाल के घर से जानबुझ कर ऐसा खाना आ रहा है, जिससे उनका शुगर लेवल बढ़ जाए. वकील ने कहा, उन्हें घर से आलू, पूरी, आम, मिठाई और मिठी चीजें दी जा रही हैं. हमने जेल ऑथोरिटी से रिपोर्ट मांगी है. सीएम अरविंद केजरीवाल के वकील विवेक जैन ने ईडी के वकील की दलीलों का विरोध करते हुए कहा कि इस बयान मीडिया के लिए दिया जा रहा है. उन्होंने कहा, ÷अरविंद केजरीवाल का फास्टिंग शुगर 243 था, जो कि बहुत ज्यादा है. उन्हें डॉक्टर्स की ओर से निर्देशित भोजन ही दिया जा रहा है.अरविंद केजरीवाल के वकील विवेक जैन ने ईडी के वकील की दलीलों का विरोध करते हुए कहा कि इस तरह के बयान मीडिया के लिए दिया जा रहा है. उन्होंने कहा,अरविंद केजरीवाल का फास्टिंग शुगर 243 था, जो कि बहुत ज्यादा है. उन्हें डॉक्टर्स की ओर से निर्देशित भोजन ही दिया जा रहा है. कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल के वकीलों से कहा कि हम जेल से रिपोर्ट मांगेंगे. कोर्ट ने कहा कि आप हमें अरविंद केजरीवाल का डाइट चार्ट उपलब्ध कराएं. ईडी की ओर से कहा गया कि आप जेल के डीजी से रिपोर्ट मांग सकते हैं. इस मामले में अगली सुनवाई 19 अप्रैल दोपहर 2 बजे होगी.

---

## ईरान में फंसे जहाज से भारतीय महिला सुरक्षित वापस लौट आई



एजेंसी
**नई दिल्ली :** ईरान द्वारा कब्जे में लिए गए इस्राइली अरबपति के जहाज पर सवार 17 भारतीय चालक दल में शामिल केरल की एन टेसा जोसेफ सुरक्षित भारत लौट आई हैं। गुरुवार को केरल के त्रिशूर की रहने वाली एन टेसा कोचीन हवाई अड्डे पर पहुंची, जहां उनका स्वागत किया गया। विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान के जरिए इस बारे में जानकारी दी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उनकी सुरक्षित वापसी पर खुशी जताई है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि मोदी की गारंटी हमेशा काम करती है। फिर चाहे वो देश हो या विदेश। विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा कि तेहरान में भारतीय मिशन कंटेनर जहाज पर बचे शेष 16 भारतीय चालक दल के सदस्यों के संपर्क में है। जहाज वर्तमान में ईरानी नियंत्रण में है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि भारत लौटी चालक दल की सदस्य ठीक हैं और वे अपने परिजनों के संपर्क में हैं। अन्य भारतीयों की स्वदेश वापसी के लिए भारतीय मिशन ईरानी अधिकारियों के संपर्क में है। शीघ्र ही उनकी भी वापसी होगी। इसे भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत के रूप में देखा जा रहा है। बता दें कि ईरान की नौसेना ने 13 अप्रैल को होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ओमान की खाड़ी में भारत की ओर आ रहे इस्राइली अरबपति के इस जहाज को अपने कब्जे में ले लिया था। इस जहाज पर 17 भारतीय सवार थे। सबसे पहले हेलीकॉप्टर से इस्राइली जहाज पर हमला किया गया था और इसके बाद ईरान की नौसेना ने इस पर कब्जा कर लिया था।

---

## देवघर रोपवे हादसे को लेकर दर्ज प्राथमिकी पर क्या हुई कार्रवाई : हाई कोर्ट

***हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल कर जानकारी देने का दिया निर्देश**

प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में त्रिकूट पर्वत, देवघर में रोपवे दुर्घटना से तीन लोगों की मौत मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई गुरुवार को हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि इस हादसे को लेकर जो एफआईआर दर्ज की गई थी उस पर क्या कार्रवाई हुई है। रोपवे संचालित करने वाले कंपनी के खिलाफ कार्रवाई के संबंध में क्या निर्णय लिया गया है। कोर्ट ने राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल कर इस संबंध में जानकारी देने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 30 अप्रैल को होगी।इससे पहले राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि त्रिकूट पर्वत पर रोपवे हादसा की जांच चल रही है, इसमें रोपवे संचालित करने वाली कंपनी को दोषी पाया गया है, उसके खिलाफ जिम्मेदारी तय की जा रही है। इस हादसे को लेकर एफआईआर भी दर्ज कराई गई है।पूर्व की सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि त्रिकूट पर्वत पर रोपवे का संचालन करने वाली दामोदर रोपवे इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को शो कॉज नोटिस जारी किया गया है। उनसे पूछा गया था कि क्यों नहीं उनको काली सूची में डाल दिया जाए।त्रिकूट पर्वत पर रोपवे में अप्रैल 2022 में एक दुर्घटना घटी थी, जिसमें तीन लोगों की जान चली गई थी। इस पर कोर्ट में स्वत संज्ञान लिया था। समाचार पत्रों में यह बात आई थी कि एक्सीडेंट से पहले सिम्फर और बीआईटी मेसरा की रिपोर्ट थी कि रोपवे में प्रॉब्लम नहीं था। रोपवे को ऑपरेटर ने चलाया था, जिससे दुर्घटना हुई थी।



---

### लोस चुनाव के चौथे चरण के लिए नामांकन शुरू

**नई दिल्ली:** देश में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए गुरुवार को नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई। भारत निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को राष्ट्रपति की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी की। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को नौ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की पांच सीट सहित कुल 96 सीटों पर मतदान होगा। इस चरण में आंध्र प्रदेश (25) और तेलंगाना (17) की सभी सीटों पर मतदान होगा।

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद
अब हृदय का बाईपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, फेफड़े इत्यादि का ऑपरेशन आयुष्मान भारत कार्ड से हो रहा है
78083 68888
www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

# रामनवमी उत्सव पर निकली हुसैनाबाद में भव्य शोभायात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** हुसैनाबाद चैत श्री रामनवमी उत्सव अवसर पर गुरुवार को हुसैनाबाद में सैकड़ों से अधिक श्री राम भक्त श्रद्धालुओं के द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा के दौरान के साथ बाजार क्षेत्र में जय श्री राम के जयकारे से गुंजायमान रहा महावीर झंडा के साथ इस शोभायात्रा की शुरुआत जपला महावीर भवन सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों से लंगर कोट भैरौपुर नहर मोड़ स्थित चार धाम परिसर गम्हरिया ऊपरी कला सैदाबाद कठौधा फातमा चक विहारी विघा सहित अन्य गांव में जय श्री राम उत्सव को नारे से गूंजती रही है वहीं उत्सव के दौरान छात्र छात्राओं द्वारा झांकी जोरदार प्रदर्शन किया जिसमें बजरंगी अखड़ा मधूशाला रोड़ माली मुहल्ला कुम्हार टोली चैनेनी पर द्वारा झांकी अन्य रुपों में शहर के गांधी चौक पर पेश किया गया जिसमें हिन्दू परिसर के अध्यक्ष दिनेश कश्यप के नेतृत्व में समस्त जुलूस को गांधी चौक इमामबाड़ा होते हुए लंबी गली अंबेडकर चौक होते हुए जेपी चौक पर समापन किया गया जिसमें प्रशासनिक पदाधिकारी द्वारा सुरक्षा के इंतजाम किए गए शोभा यात्रा में शामिल लोगों के खास है उसको देखा गया इस दौरान शांति व्यवस्था को लेकर हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी सह आईएस पियुष सिन्हा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार महतो थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी अंचलाधिकारी पंकज कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार सहित अन्य सुरक्षा कर्मी रहे तैनात मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विनोद कुमार सिंह पूर्व विधायक शिव पूजन मेहता, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह संरक्षक दिनेश कश्यप राकेश कुमार तिवारी उपाध्यक्ष कामाख्या नारायण सिंह राजेंद्र पाल अजीत अग्रवाल कोषाध्यक्ष संजय कुमार सोनी सचिव उत्तम कुमार महासचिव राजू कुमार ठाकुर मंदिर के वरिष्ठ सदस्य पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार कृष्ण मुरारी अग्रवाल पप्पू सोनी अरविंद कुमार अनिल प्रसाद गुप्ता अग्रवाल दीनानाथ सोनी रामेश्वर राम उपादान राम राजकुमार कश्यप लोकनाथ केसरी गुप्ता अमित कश्यप चंदन कुमार हंसराज पायल राजेश कुमार सिंह दिनेश शर्मा संतोष पाल अविनाश कुमार पाठक गुड्डू कुमार संदीप कुमार चंदेल किशन कुमार समिति एवं नगर वासियों को सहयोग सराहनीय रहा।

## छापेमारी कर अवैध हथियार सहित एक को किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ थाना क्षेत्र के धावा गांव के टोला बेहराखाड़ स्थित एक घर में गुप्त सूचना के आधार पर रामगढ़ पुलिस ने छापेमारी कर घर में छुपाकर रखे अवैध हथियार को बरामद कर लिया।जिस पर रामगढ़ थाना प्रभारी निलेश कुमार के नेतृत्व में टीम गठित किया गया और त्वरित कार्रवाई करते हुए 65 वर्षीय माना मुंडा पिता स्वर्गीय रैया मुंडा का घर में छापामारी की गई छापामारी के दौरान अवैध हथियार बरामद की गई। इस संदर्भ में माना मुंडा को गिरफ्तार कर धाराङ्क 25(1–B)a/26 शस्त्र अधिनियम 1959 के तहत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## राममय हुआ विश्रामपुर नप मुख्यालय



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज परंपरा के अनुसार विश्रामपुर नप मुख्यालय में गुरुवार दसवीं को रामनवमी का भव्य जुलूस निकाला जुलूस की शुरुआत ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर प्रांगण से हुआ। जुलुस गढ़ मुहल्ला,दर्जी मुहल्ला,अंजान शाहिद देव स्थल, बाजार चौक,बस स्टेंड, सोरडीह सहित नप मुख्यालय के हर गली कुच्चो से गुजरते हुए डाक बंगला परिषर में जय श्री राम के घोष के बीच समापन्न हुआ। जुलुस में राम भक्तो की भीड़ उमड़ पड़ी। जुलुस में एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम जय श्री राम गूंज रहा था। जिससे पूरा नगर परिषद राममय हो गया। रामरथ पर सजा रामदरबार की झांकी जुलूस के आकर्षण का केंद्र रहा। विश्रामपुर के जुलुस में पांडेयपुर, कविलासी, उरसुला, झगरुआ, मधुरीडीह, नवडीहवा, छिपादोहर, पाचघरा, बघमानवा, कोसियार सहित दर्जनों गांव के झंडों का मिलान डाक बंगला परिषर में हुआ। रामनवमी पूजा कमेटी ने अतिथियो, पुलिस अधिकारियों व स्थानीय गण्यमान्य लोगो को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया.सम्मान समारोह की अध्यक्षता कमेटी के अध्यक्ष मुन्नू काकसराय व संचालन देव कुमार ठाकुर ने किया। सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उपस्थित थे। कमेटी के लोगो ने सभी को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया.सम्मानित होने वालों में वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

## महागठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी ममता भुइयां का हुआ केतार प्रखंड में दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** पलामू लोकसभा क्षेत्र के इंडिया महागठबंधन समर्थित उम्मीदवार राजद प्रत्याशी ममता भुइयां ने गुरुवार को केतार प्रखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतो का भ्रमण किया। इस दौरान पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव एवं झामुमो के कद्दावर नेता जनाब ताहिर अंसारी मौजूद रहे। सांसद प्रत्याशी ममता भुइयां को केतार पहुंचते ही महागठबंधन में शामिल झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राजद के कार्यकर्ता एवं नेता उनका जोरदार स्वागत किया साथ ही फूल माला देकर ममता भुइयां जिंदाबाद महागठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी जिंदाबाद के नारे लगाए गए। तत्पश्चात झामुमो प्रखंड कार्यालय से मुख्य बाजार बाबा साहब भीमराव अंबेडकर प्रतिमा तक पैदल चलकर अपने पक्ष में महागठबंधन के प्रत्याशी को समर्थन देने का अपील सभी से किया साथ ही बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया गया। वही केतार, पचाडूमर, परती, चेचरिया गांव का दौरा किया गया। इस मौके पर राजद के जिला अध्यक्ष सूरज सिंह, अभय पांडे, लल्लू राम, सुदेश्वर राम, मुक्तेश्वर पांडे, कामेश्वर सिंह, जगनारायण यादव, संजय सिंह, जसीमुद्दीन अंसारी, इम्तेयाज अंसारी, मनीष कुमार गुप्ता, महेंद्र पाल, रमेश राम सत्येंद्र ठाकुर, पंकज यादव, सुरेश प्रसाद सहित अन्य लोग शामिल थे।

## जय श्री राम उद्घोष के साथ चैनपुर में रामनवमी त्यौहार संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** नगर निगम क्षेत्र के चैनपुर शाहपुर एवं चैनपुर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में रामनवमी पूजा बड़े ही हर्षोउल्लास एवं शांति वातावरण में संपन्न हो गया है। रामनवमी पर्व को लेकर शाहपुर महावीर नवयुवक दल जेनरल के नेतृत्व में तीन दिवसीय धार्मिक भक्ति जागरण एवं झांकी का कार्यक्रम नवमी के रात शिव विवाह, महाकाल भस्म आरती एवं राधा कृष्ण लीला सुदामा पर आधारित कार्यक्रम को दिखाया गया। इधर जुलूस विवेकानंद चौक से निकलकर पूरे शाहपुर नगर भ्रमण करते हुए रात्रि 2:00 बजे शाहपुर बाजार मोहल्ला स्थित महावीर मंदिर में पूजा पाठ के बाद झंडा धारीयो को तलवार देकर सम्मानित करते हुए कार्यक्रम समापन कराया गया। इधर चैनपुर बाजार क्षेत्र में भी सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को सम्मानित किया गया एवं झंडा जुलूस मिलकर बुधवार के रात्रि में समापन कार्यक्रम किया गया। इधर रामनवमी पर्व को लेकर क्षेत्र के चांदो, झरुवा, पनेरीबांध, धावाताड़, खोहरी, नरसिंहपुर पथरा, मझीगांवा, नगवा, और पूर्वडीहा आदि क्षेत्रों में कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## जन जन में हैं श्री राम : अविनाश देव



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राम जन्मोत्सव के पावन पर्व रामनवमी में विभिन्न अखाड़े,क्लब, दल, के सम्मान समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव उपस्थित रहें और पगड़ीपोशी, फूलमाला, शौर्य के प्रतीक तलवार देकर सम्मानित किए गए। राम भक्तों को संबोधित करते अविनाश देव ने कहा की राम की सौम्यता सब को भाती है। राम आम के जुबान पर रहते है खुशी और विषाद दोनो में जिह्वा से बरबस बाहर आते हैं।खेत खलिहान से लेकर सेठ के खाता बही पर राम विराजते हैं।वाल्मीकि तुलसी के महाकाब्य राम के रास्ते मुक्ति के मार्ग बताया है जिसको हर नागरिक अपने जीवन में उतारते आया है।किंतु वर्तमान दौर में राम का नाम राजनीतिक फायदे के लिए किया जा रहा है। राम का जन्म ही शत्रुओं के संहार के लिए हुआ था और गुरु के एक बात पर शस्त्र व शास्त्र के शिक्षा के लिए पिता भरोसा कर आश्रम भेज दिए। किंतु आज परंपरा को छोड़ राम की बेहतर वस्तुस्थिति से लोग अनभिज्ञ है। पर्यावरण एवं स्वास्थ्य का ख्याल किए बगैर युवा को जुलूस में डी जे पर डांस करते देखा गया किंतु उनके विचारों पर अमल नहीं करना बेहद चिंतनीय है । पुरानी परंपरा संस्कृति ,शालीनता,स्नेह, नफरत के आग और ऊंची आवाज में दबता जा रहा है। संगठन के लोगों को तलवार की साथ साथ रामचरित मानस के पुस्तक भी सप्रेम भेंट करना चाहिए जिसे युवा पीढ़ी पुनर्पाठ कर सके और उससे रामराज्य लाने का सूत्र निकाल सके। आगे अविनाश देव ने जिला प्रशासन, सभी संगठन के प्रधान, छात्र, युवा से गुजारिश किया की राम के विचारों को फैलाने में अपनी महती भूमिका निभाएं। राम जहां भी गए मित्र बनाए और मोहब्बत से रहने का पाठ पढ़ाए। रामनवमी में राम भक्तों के उमड़े जन सैलाब के मद्देनजर बुनियादी सुविधाओं में मेडिकल कैंप,लंगर,पीने का पानी, चलंत शौचालय,चाय बिस्कुट का व्यवस्था जिस उदारता के साथ सामाजिक संगठन के लोगों ने किया वे सभी बधाई के पात्र है जिन्होंने जनपक्षिये चेतना को जागृत किया।

## रामनवमी महापर्व धूमधाम से हुआ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौन्धी :** थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में रामनवमी महापर्व को राम भक्तों ने धूमधाम से रामनवमी महापर्व को शांतिपूर्ण ढंग से पर्व को मनाया खरौन्धी प्रखंड के विभिन्न गांव मे जुलूस निकालकर प्रभु श्री रामचंद्र जी का नारे लगाते हुए जय श्री राम जय श्री राम के नारे से पूरा खरौन्धी भक्तिमय हो गया। लोकसभा चुनाव को लेकर के सरकार के गाइडलाइन को पालन करते हुए पर्व को मनाऐ अगर जो व्यक्ति सरकार की गाइडलाइन का उल्लंघन करेगा उसे कड़ी से कड़ी करवाई किया जाएगा। साथ ही साथ उन्होंने कहा अगर जो व्यक्ति गाइडलाइन का उल्लंघन करेगा तो हमसे डायरेक्ट दूरभाष के माध्यम से संपर्क करें। उस व्यक्ति को चिन्हित कर कड़ी से कड़ी कानूनी करवाई किया जाएगा।वही खरौन्धी जुलूस में भाग लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार, खरौन्धी थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी, आजसू पार्टी के जिला प्रवक्ता गोरखनाथ चौधरी, चन्दनी मुखिया रामगहन मेहता, उपेंद्र भारती, अभिमन्यु कुमार, योगेंद्र प्रजापति, नवलेश पासवान, सहित सैकड़ो राम भक्त एवं सभी पुलिस के जवान मौजूद थे।

## रामनवमी के उत्सव पर महावीर जी भवन परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद/ पलामू :** जपला श्री महावीर भवन परिसर प्रबंधन समिति के नेतृत्व में होने वाले चैत शुक्ल पक्ष नवाह परायण यज्ञ पूरे विधि विधान के साथ संपन्न हुआ।नवाह परायण यज्ञ की शुरुआत कलश यात्रा से शुरू होकर कलश स्थापना एवं नौ दिनों तक अनवरत रूप से चलने के बाद दसमी दिन गुरुवार को समापन समारोह एवं भंडारे के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में विधायक कमलेश कुमार सिंह भाजपा कार्यकारिणी सदस्य विनोद कुमार सिंह रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बब्लू सिंह विधायक प्रतिनिधि अजित कुमार सिंह गुड्डू सिंह मंदिर प्रबंधन समिति के संरक्षक दिनेश कश्यप, अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी, उपाध्यक्ष कामाख्या नारायण सिंह, राजेंद्र पाल सचिन आनंद, अजीत अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संजय कुमार सोनी, सचिव उत्तम कुमार, सहसचिव राजीव कुमार ठाकुर,



मंदिर के वरिष्ठ सदस्य, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, कृष्णामुरारी अग्रवाल, पप्पू सोनी, अरविंद ओझा, अनिल प्रसाद गुप्ता, डा0 मलय राय, मिंटू अग्रवाल, दिनानाथ सोनी, रामेश्वर राम उर्फ छठन राम, राजकुमार कश्यप, लोकनाथ केशरी, श्रवन अग्रवाल, पंकज कांस्कार, संतोष गुप्ता, अमित कश्यप, चंदन कुमार, यशराज (पायल) राजेश कुमार सिंह, बिनय शर्मा, संतोष पाल, अविनाश कुमार चार धाम अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता वार्ड पार्षद अर्जून प्रसाद गुप्ता रनविजय कुमार सिंह सिन्हा, दीपक भगत, पुजारी गोपाल पाठक, ऑपरेटर गुड्डू कुमार, सनी कुमार चंदेल, किशन कुमार समेत सभी भक्तगण एवं नगर वासियों का सहयोग सराहनीय रहा। वहीं इस दौरान मंदिर प्रबंधन द्वारा यज्ञ ब्राह्मण, पत्रकारों एवं समिति के सदस्यों को सम्मानित भी किया गया।

## अगलगी में घर हुआ खाक



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के कोल्हुआ ग्राम में गुरुवार को अहले सुबह ओम पीताम्बर गुप्ता के भंडार में आग लगने से भंडार जलकर राख हो गया। आग लगने से भंडार में रखा भूसा जल गया। घर वालों ने पम्प लगाकर आग पर काबू पाया। जबतक आग पर काबू पाया जाता सबकुछ जल चुका था। जानकारी के अनुसार अग्निशमन वाहन रास्ता नही होने के कारण महुली स्कूल के पास से ही वापस चली गई।

## गढ़वा में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जन्मोत्सव का पर्व रामनवमी जिले भर में काफी धूमधाम व भव्य तरीके से मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का जन्मोत्सव रामनवमी पर्व जिले भर में काफी धूमधाम एवं भव्य तरीके से मनाया गया। पूरा गढ़वा जय श्रीराम के नारां से गूंजता रहा। उत्साहित राम भक्तों ने बुधवार की देर रात तक गाजे-बाजे साथ झांकी, रथ व जुलूस को निकाला। इस दौरान शहर के रंका मोड़ पर श्री रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल की ओर से स्टॉल लगाकर अखाड़ा रथ व झांकी आदि को सम्मानित किया गया। जबकि बेहतर प्रदर्शन करने वाले को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, पलामू सांसद बीडी राम, राकेश पाल, जवाहर पासवान व जनरल समिती के अध्यक्ष उमेश कश्यप ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर उपस्थित मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि चैत्र शुक्ल नवमी को मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम का जन्म हुआ था। यह बहुत ही शुभ दिन है। आज के दिन भगवान श्री राम एवं बजरंग बली की पूजा की जाती है। इससे सुख, शांति एवं समृद्धि आती है। हमारे पूर्वजां ने खास उद्देश्य से इस प्रकार के सामुहिक पूजन का आयोजन किया था। इस महापर्व पर समाजिक एकता एवं समरस्ता का भाव देखने को मिलता है। मंत्री ने कहा कि सामाजिक एकता एवं समरस्ता का गढ़वा पूरे देश में मिशाल है। उन्होंने ने कहा कि रामनवमी महापर्व हिंदुओं का बहुत बड़ा पर्व है। मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के मौके पर मनाये जाने वाले इस पर्व से समाज में सद्भावना का संदेश जाता है। भगवान श्री राम ने मर्यादा एवं राजधर्म का अद्वितीय संदेश समाज को दिया है। मौके पर महासमिति जेनरल के संरक्षक दौलत सोनी, कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास कुमार माली, संरक्षक मुरली श्याम सोनी, मंच का संचालन धीरज दुबे व राजकुमार मलेशिया, तनवीर आलम, मनोज ठाकुर, अंजली गुप्ता, सूरज गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पिपरा में रामनवमी भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा, पलामू :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र में रामनवमी पूजा भव्य शोभायात्रा के साथ संपन्न हुआ। चैत रामनवमी के अवसर पर बुधवार को पिपरा में सैकड़ो राम भक्त श्रद्धालुओं के द्वारा शोभा यात्रा निकाला गया। शोभा यात्रा अखाड़ा पिपरा से निकल कर दमवा मधुबाना बरवाडीह तेंदुई होलया होते हुए सरैया तक गया। फिर वहा से बरदाग पिपरा बाजार दुबटिया मोड चपरवार होते हुए दलपतपुर के रास्ते वापस पिपरा आकर संपन्न हुआ। इस दौरान सैकड़ो राम भक्त जय श्री राम का नारा लगा रहे थे. चारों ओर भक्तिमय माहौल हो गया था। बरवाडीह तेंदुई एवं सरैया में जलपान की व्यवस्था की गई थी. जहां पर राम भक्तों ने रुक कर शरबत पानी पिया। इस दौरान शांति व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी बिमल कुमार दलबल के साथ काफी सक्रिय दिखे। अखाड़ा पिपरा स्थित बजरंगबली के मंदिर मे विद्वत पूजा पाठ किया गया।



कमेटी के सदस्यों के द्वारा उपस्थित सभी लोगों को सम्मानित करते हुए प्रसाद का वितरण किया गया. पोलदा मोड़ स्थित गुरुकुल विद्यालय के बच्चे सैकड़ो की संख्या में पूजा स्थल पर बैंड बाजे के साथ पहुंचे थे। बच्चों का उत्साह देखते बन रहा था। इस मौके पर प्रमुख विक्रांत सिंह यादव जिला परिषद दद्दन पासवान मुखिया प्रतिनिधि अरविंद कुमार सिंह विकास तिवारी एनसीपी नेता संदीप पासवान अनुपम राज राजू सिंह जनेश्वर भुईया रामप्रवेश भुईया बिंदेश्वर पाठक अरुण मिश्रा विजय यादव सुनील सिंह विमलेश सिंह राजन सिंह लाल बहादुर सिंह सौरभ सिंह मथुरा गुप्ता रंजीत गुप्ता विपिन सिंह दिनेश सिंह सागर सिंह नितेश सिंह निसार अहमद बिगन साई प्रिंस प्रताप सिंह संजय मेहता संजय सिंह हरि यादव पप्पू यादव लव सिंह विकास आर्ट अनीश सोनी यमुना यादव राजीव रंजन गुरुकुल विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं अध्यापिका सहित सैकड़ो की संख्या में राम भक्त जय श्री राम का नारा लगा रहे थे। शोभायात्रा शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

## मारपीट में एक घायल



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के कोल्हुआ ग्राम में दो पक्षों में हुए मारपीट में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों में राम पवन गुप्ता का पुत्र अंकित गुप्ता का नाम शामिल है।परिजनों ने घायल को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहा चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। घटना के बारे में बताया जाता है कि घर के बगल में राम पवन गुप्ता का भूसा रखा हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार ओमपिताम्बर गुप्ता का गाय भूसा खा रहा था।अंकित गुप्ता गाय भगाते हुए ओमपिताम्बर गुप्ता से कहने चला गया। इसी विवाद में ओम पीताम्बर गुप्ता ने उसे मार पीट कर घायल कर दिया।राम पवन गुप्ता ने इस संबंध में नगर उंटारी थाने में लिखित आवेदन भी दिया है।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

झारखण्ड

रांची, बुधवार, 19 अप्रैल 2024 | पेज 4


## बचरा शराब दुकान के पास तेज रफ्तार कार की चपेट मे आने से दो छात्रा सहित तीन घायल

# डीएवी स्कूल के छुट्टी के समय हुआ हादसा, कार जब्त व दो हिरासत में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल के बचरा इलाके मे वाहनो का तेज रफ्तार थमने का नाम नही ले रहा है।जब से बचरा की सड़को को बनाया गया है,तब से दो पहिया और चार पहिया वाहनो की रफ्तार काफी बढ़ गई है।ताजा मामला गुरुवार को देखने को मिला,जहां एक तेज रफ्तार कार ने बाईक को जोरदार टक्कर मार दिया।इस घटना मे बाईक सवार डीएवी बचरा की दो छात्रा सहित तीन लोग घायल हो गया।घायलो की पहचान पिपरवार मे कार्यरत सीसीएल कर्मचारी सूरज पासवान की पुत्री भारती कुमारी और रामबच्चन यादव की पुत्री अंजली कुमारी व पुत्र सौरभ कुमार के रूप मे की गई है।घायल भारती कुमारी और अंजली कुमारी डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा मे बारहवीं कक्षा की छात्रा है।यह घटना स्कूल मे हुई छुट्टी के समय हुआ है।घटना के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की दोपहर स्कूल मे छुट्टी होने के बाद छात्रा बाईक से अपने भाई सौरभ के साथ अपने आवास बंसत विहार कालोनी जा रही थी,इसी बीच बचरा चार नम्बर पटेल चौक स्थित शराब दुकान के पास तेज रफ्तार से आ रही कार जेएच 01ईएच-6648 ने बाईक को जोरदार टक्कर मार दिया।घटना के बाद बाईक सवार तीनो सड़क पर गिर गया।वही धक्का मारने के बाद कार सवार भागने का प्रयास कर रहा था,जिसे स्थानीय लोगो की मदद से पकड़ा गया।घटना के बाद स्थानीय लोगो की मदद से तीनो घायलो को बचरा अस्पताल पहुंचाया गया,जहां तीनो घायलो का ईलाज किया गया।वही घटना की सूचना पाकर पिपरवार पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और कार को जब्त करते हुए कार चालक सहित दो युवको को हिरासत मे लेकर आगे की कारवाई शुरु कर दी है।इधर घटना की सूचना पाकर सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेड उपेन्द्र सिंह,पिपरवार थाना के अवर निरीक्षक अंजनी कुमार, डीएवी बचरा के प्राचार्य आरबी प्रसाद,शिक्षक जीएसपी शर्मा,सुरैश कुमार, एके द्विवेदी,एके लाल,सुमित कुमार,आभा खन्ना,आरआर दत्ता,सुदिप्ता डे,नरेश सेठ, मन्टु यादव सहित कई स्थानीय लोग अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी ली।घटना के बाद पिपरवार पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**शराब दुकान हटाने और स्पीड ब्रेकर लगाने की उठी मांग :** बचरा चार नम्बर चौक स्थित शराब दुकान के पास तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से डीएवी बचरा की दो छात्रा सहित तीन लोगो के घायल होने के बाद स्थानीय ग्रामीणो मे आक्रोश देखा गया।घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणो ने बचरा चार नम्बर चौक पर संचालित शराब दुकान को हटाने व बचरा के सड़को पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है।इस संबंध मे स्थानीय लोगो ने कहा कि सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबधंन द्वारा बचरा मे काफी अच्छी और बेहतर सड़क बनायी गई है, लेकिन कहीं पर ब्रेकर नही दिया गया है,जिसके कारण वाहनो की रफतार काफी तेज गति से होती है।वही मुख्य चौक पर शराब दुकान होने से शराब लेने वाले लोग सड़क पर वाहन को खड़ी कर देते है जिसके कारण आये दिन दुर्धटना की आशंका बनी रहती है।इसके साथ ही बस स्टैण्ड बचरा के समीप सड़क किनारे चल रहे सब्जी मंडी को भी हटाने की मांग की गई है।स्थानीय लोगो ने पिपरवार एरिया प्रबधंन और पुलिस से बचरा सीआईएसएफ कॉलोनी,पटेल चौक,शिव मन्दिर, बस स्टैण्ड,डीएवी स्कूल, आम्बेडकर चौक,थाना चौक,बचरा अस्पताल, बाजारटांड़ सहित धार्मिक व सार्वजनिक स्थलो के पास स्पीड ब्रेकर लगाने व चार नम्बर चौक से शराब दुकान एंव सब्जी मंडी को हटाने की मांग की है।ग्रामीणो ने कहा कि यदि इस काम को जल्द नही किया गया तो आने वाले दिनो मे कभी भी बड़ी दुर्धटना हो सकती है।









## श्री राम भक्तों का अंजुमन इस्लामिया, खिजुरटोला व किशुनपुर द्वारा भव्य स्वागत



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खिजूर टोला, अंजुमन के द्वारा बुटी रामनवमी मेला में शामिल होने वाले खिजुरटोला, रामनवमी जुलूस का स्वागत करते हुए बूटी मोड़ क्षेत्र में एकता और अखंडता का परिचय देने का काम किया है और जय श्री राम घोष के साथ बूटी झंडा मिलन समारोह में भेजने का काम किया। स्वागत करने वालों मेंमुख्य रूप से जावेद इकबाल, अशरफ अंसारी, कुदुस अंसारी, खुरसीद आलम, कमरूदीन साहब, मुमताज आलम, खलील अंसारी, अशफाक आलम, मोबिन अंसारी, साजीद आलम, अमीनुदीन जुमावदीन पीस कमिटी के सुनील महतो, रुद्रनारायण महतो, संजय महतो, आदिल अब्दाल, रुस्तम अली एक दूसरे को गुलाब और लस्सी पानी दिया गया ग्रामीण का सहयोग से सौहार्दपूर्ण तरीके से बूटी झंडा मिलन अखाड़ा भेजने का काम किया गया।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में ओजस और प्रवाह समारोह का आयोजन



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के परिसर में छात्रों को सम्मानित करने के लिए ओजस, और प्रवाह वार्षिक अवार्ड समारोह 2023-24 का आयोजन किया गया। शैक्षिक क्षेत्र में शानदार उपलब्धि के लिए छात्रों को सम्मानित किया गया। 'प्रवाह' अवार्ड से उन छात्रों को पुरस्कृत किया गया, जो अपनी मजबूत इच्छा और दृढ़ संकल्प के बल पर हर दिन विद्यालय पहुंचे। लगातार तीन वर्षों तक 100: उपस्थिति वाले छात्रों को 'हैट्रिक उपस्थिति' के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर अभिभावकगण भी उपस्थित थे जो इस समारोह के साक्षी बनें। समारोह में 1500 से अधिक छात्रों को सम्मानित किया गया। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों की उल्लेखनीय उपलब्धियों की प्रशंसा की और अन्य विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया ताकि वे भी भविष्य में ऐसे पुरस्कार के हकदार बनें।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर खूंटी जिला में स्वीप के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, खूंटी लोकेश मिश्रा द्वारा समाहरणालय परिसर से एलईडी (वर्चुअल रियलिटी) वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोकेश मिश्रा ने बताया कि जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी सुनिश्चित की गई हैं। साथ ही मतदाताओं को जागरुक भी किया जा रहा है, इसी कड़ी में आज डिजिटल वैन को रवाना किया गया है, जो गांव, कस्बों, टोलों में जाकर वर्चुअल तकनीक के जरिए लोगों को मतदान और चुनावी प्रक्रिया के संबंध में जागरूक करेगा खासकर वैसे बूथों में जहां पूर्व में मतदान प्रतिशत कम रहा है। इस दौरान आमजनों को मतदान तिथि 13 मई को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस दौरान उपरोक्त के अलावा अपर समाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

## बंगाल झारखंड के बॉर्डर पर वाहन चेकिंग अभियान जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** झारखंड बंगाल सीमा पर लोकसभा चुनाव को देखते हुए रोजाना वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है! जिसमें हेलमेट कागजात ट्रिपल लोड के साथ बड़ी वाहनों को बारिकी से जांच किया जा रहा है । इधर रामनवमी त्योहार को लेकर सिल्ली मुरी के प्रशासन पूरे क्षेत्र में किसी तरह का अप्रिय घटना ना हो इसको लेकर भ्रमण करते नजर आये। प्रशासन के इस तरह क्षेत्र में कार्य को देखते हुए यहां की जनता काफी खुश है इस चेकिंग अभियान से क्षेत्र में कई बड़ी दुर्घटनाएं कम हो गई है यहां की जनता घर से दो पहिया वाहन लेकर निकलते ही हेलमेट पहनकर निकल रहे हैं ।इस दौरान चेकिंग अभियान में शामिल मजिस्ट्रेट विंध्याचल प्रसाद राय, प्रभात कुमार बॉर्डर पर दलबल के साथ तैनात देखे गये।



## जीत के प्रति संकल्पित है कांग्रेस के सभी कार्यकर्त्ता और पदाधिकारी : बंधु तिर्की



**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र चान्हो में प्रखण्ड अध्यक्ष मो इस्तेयाक के अध्यक्षता में कॉग्रेस प्रखंड पदाधिकारी मंच मोर्चा मण्डल, पंचायत अध्यक्षों की एक बैठक हुई। इस दौरान उपस्थित पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि आगामी लोहरदगा लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के सभी कार्यकर्त्ता और पदाधिकारी जीत के प्रति संकल्पित हैं. श्री तिर्की ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने पिछले 10 साल में केवल जुमलेबाजी के सिवाय कुछ नहीं किया. यहाँ तक कि प्रत्येक वर्ष दो लाख रोजगार और हर व्यक्ति के बैंक खाते में 15 लाख रुपया देने कर वायदा भी झूठा निकला। चान्हो प्रखण्ड में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र प्रखण्ड,पदाधिकारी मंच मोर्चा मण्डल, पंचायत अध्यक्ष की बैठक के दौरान श्री तिर्की ने कहा कि भाजपा संविधान में बदलाव की साज़िश रच रही है जो किसी के लिये अच्छा नहीं है.आज की बैठक में आगामी 21 अप्रैल को आयोजित उलगुलान रैली को ज़बरदस्त रूप से सफल बनाने का निर्णय लिया गया. श्री तिर्की ने कहा कि रांची के प्रभात तारा मैदान में आयोजित इस रैली में कांग्रेस के शीर्ष नेताओं सोनिया गाँधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गाँधी सहित देश भर के इंडिया गठबंधन के प्रमुख नेता शामिल होंगे. आज की बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अगले 30 अप्रैल को चान्हो में कांग्रेस की विशाल रैली का आयोजन किया जायेगा जिसमें पूर्व मंत्री श्री बंधु तिर्की, लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी सुखदेव भगत मांडर के लोकप्रिय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की सहित कांग्रेस के अनेक महत्वपूर्ण नेता भाग लेंगे। आज की महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य रूप से , प्रखंड अध्यक्ष मो इस्तेयाक , महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष प्रियंका उरांव अनुसूचित जनजाति अध्यक्ष चूमनू उरांव युवा अध्यक्ष इरशाद खान अल्पसंख्क अध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी अनुसूचित जाती अध्यक्ष दिनेश राम ओबिसी अध्यक्ष त्रिभुवन साहू सेवा दल अध्यक्ष जोशफिन मिंज एनएसयूआई अध्यक्ष शाहिद एकबाल मंडल अध्यक्ष प्रमोद लाल मंगलेश वर उरांव शिव उरांव अजीत सिंह शशि साहू मारवाड़ी उरांव अल्फ्रेड मिंज दिलीप सिंह जमाल अंसारी मोरहा उरांव जावेद अहमद मन्ना उरांव चरवा उरांव किशोर भगत पवन भगत सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मुख्य रूप से भाग लिया और घर-घर व्यापक जनसम्पर्क कर सभी मतदाताओं से मिलने और 21 अप्रैल को उलगुलान रैली के साथ ही 30 अप्रैल की जनसभा को सफल बनाने का निर्णय लिया।

# रामनवमी महोत्स्व धूमधाम से संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** नामकुम प्रखण्ड के ग्रामीण इलाके में भी रामनवमी उत्सव कि धूम रही। सभी ओर महावीर झंडा से सड़क, चौक चौराहे पट्टे हुए थे।मुख्य कार्यक्रम महावीर मंडल द्वारा ई ई एफ मंदिर में देखने को मिला। यहाँ पर सिल्वे, चतरा , टाटी, मानकी ढीपा, महिलोंग, हरातु, टाटीसिल्वे चौक, बर्टोला,मिश्रा टोला राम सेना ,लालगंज का विशाल शोभा यात्रा गाजे बाजे, श्री राम ,वीर हनुमान के जयकारे एवम विभिन्न झांकी के साथ उपस्थित हुए। सभी जगह के अखाड़े धारियों द्वारा विभिन्न करतब दिखाये। मैदान में महावीर मंडल टाटीसिल्वे के कार्यक्रम में सम्मानीय अतिथि जिला परिषद सदस्य विपिन टोप्पो,उप प्रमुख वीणा देवी,जयपाल हजाम, मुखिया कृष्णा पाहन,नूतन पाहन, संदीप तिर्कि, समाजसेवी रशेश्वर नाथ मिश्रा,उमेश प्रसाद, ब्रजेश सिंह,मनोरंजन मिश्र,गोविंद महतो, सयनाथ महतो,श्री दाम सिंह मुंडा, माधुरी देवी पूर्व उप प्रमुख, मधुसुदं पांडे।शिविर लगाकर चना,गुड़, शरबत का वितरण तथा सबसे आकर्षक झांकी एवम तमाम अखाड़ेधारियों को झंडा,अंग वस्त्र, तलवार पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष विगना महतो,युवा नेता मनेश महतो, समाजसेवी बसंत मिश्रा,जगदीश नायक, सुमित महतो, रंथु नायक, रंधीर कुमार, उधवचंद महतो,राजेश मिश्रा,थाना प्रभारी मनोज कुमार,पूर्व मुखिया सोहन मुंडा, विमल महतो,रुसु महतो, संजीव सिंह,राजन साहू, सत्यजीत सिंह,कर्नल बी के सिंह, राजेंद्र महतो, विजय महतो,अमर महतो,सनील जाय इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। दूसरी ओर भारतीय नव युवक संघ नामकुम द्वारा 251 फिट का महाविरि एवम तिरंगा झंडा शोभा यात्रा में निकाला गया। सदाबहार चौक नामकुम में भी समाजसेवी,सांसद संजय सेठ, विधायक राजेश कच्छप,सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, आरती कुजुर,अशोक मुंडा, आरती सिंह, बिरसा मुंडा, मनोज सिंह,अशोक नायक के द्वारा अखादधारियों व विशेष झाकियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को देखने के लिए आस पास गाँव हजारो लोग शामिल थे।

# लोकसभा चुनाव मे इंडिया गठबंधन ने की मुस्लिम उमीदवारो की अनदेखी : अब्दुल कुदूस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** आगामी लोकसभा चुनाव मे इंडिया गठबंधन ने झारखण्ड मे मुस्लिम उम्मीदवारों की अनदेखी करने का काम किया है।महागठबंधन मे शामिल कांग्रेस और झामुमो सिर्फ मुस्लिम समुदाय को अपना वोट बैंक समझती है,ऐसे मे राज्यभर के मुस्लिम समुदाय में आक्रोश नजर आ रहा है, उक्त बाते कांग्रेस पार्टी के चतरा जिला महासचिव अब्दुल कुदूस अंसारी ने प्रेस बयान जारी कर कही है।उन्होने लोकसभा चुनाव में मुस्लिमों को प्रतिनिधित्व नहीं दिए जाने पर रोष व्यक्त कर कहा की राज्य बनने के बाद यहां के आदिवासी मूलवासी और विशेष कर मुसलमानो में एक



उम्मीद की किरण जगी थी की लोकसभा और विधानसभा में मुसलमान का प्रतिनिधित्व होगा।क्षेत्रीय पार्टियों ने तो मुसलमान को टिकट देकर अपना दामन साफ किया,लेकिन देश की सबसे बड़ी पार्टी जो सेक्युलर का दावा करती है वह लोकसभा चुनाव में झारखण्ड से मुसलमानो का प्रतिनिधत्व को उचित नहीं समझा और मुसलमानो के बीच एक सन्देश दिया की वह भी भाजपा की राह में तुष्टिकरण की राजनीति करती है।उन्होने कहा कि कांग्रेस ने मुसलमानों को सिर्फ वोट बैंक समझा,जब भी मुसलमानो की प्रतिनिधित्व एवं राजनीतिक भागीदारी की बात आती है तो कांग्रेस कन्नी काट लेती है।लोकसभा, विधानसभा और यहां तक की राज्यसभा चुनाव मे भी मुस्लिम उम्मीदवार अपेक्षाओं का दंश झेल रही है।साहिबगंज,गोड्डा,पाकुड़, गिरिडीह,जामताड़ा और देवघर है जहां मुसलमान की जनसंख्या 20 प्रतिशत से कहीं अधिक है,परंतु कांग्रेस पार्टी ने किसी भी जिला में मुस्लिम उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया या मुसलमानो के प्रतिनिधित्व को उचित नहीं समझा।कांग्रेस राज्य के अल्पसंख्यकों को धोखे में रखती है और मुसलमानों को वोट बैंक समझती है,लेकिन राज्य के मुस्लिम समुदाय जागरूक हो चुकी हैं।यही कारण है कि अधिकांश मुसलमानो का झुकाव छेत्रीय पार्टियों की ओर बढ़ा है।यदि समय रहते इस पर पार्टी विचार नही करती है तो इसका खामियाजा कांग्रेस को लोकसभा और विधानसभा चुनाव में उठाना पड़ सकता है।

## उमेदंडा का ऐतिहासिक रामनवमी महा मेला हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न



**बुढ़मू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुढ़मू प्रखंड के उमेडंडा में आयोजित रामनवमी मेला सह अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता बुधवार को हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हो गया। रामनवमी के अवसर पर आयोजित उमेडंडा के इस मेला में राम भक्तों का उल्लास पूरे चरम पर रहा। जय श्री राम,जय हनुमान,राम लखन जानकी जय बोलो हनुमान की जैसे गगनचुंबी जयकारों के साथ चौरासी मौजा के 116 गावों के महावीर मंडल अपने प्रमुख पताका जुलूस के साथ मेला शामिल हो अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता में भी अपने अपने जौहर दिखाया। मेला में दर्शक व अखाड़ेधारी राम भक्तों को कोई दिक्कत परेशानी ना हो इसके लिए प्रशासन की ओर से एंबुलेंस के साथ स्पेशल मेडिकल टीम,की तैनाती की गई थी। साथ ही पेयजल, गुड़ चना शरबत,की भी विशेष व्यवस्था राम भक्तों के लिए किया गया था ।विधि व्यवस्था में महिला बटालियन तथा दो कंपनी अतिरिक्त पुलिस बल के साथ डीएसपी खेलारी आर एन चौधरी तथा थानाप्रभारी रामजी कुमार सुरक्षा की बागडोर संभाले थे। वहीं पूरे मेला परिसर में समस्त सुरक्षा तथा राम भक्तों की सेवा सुरक्षा के लिए महावीर महामंडल उमेदंडा की ओर से दो सौ से भी अधिक वोलेंटियर कार्यकर्ता भी राम भक्तों के लिए सक्रिय रहे ।

## ठाकुर गांव का ऐतिहासिक रामनवमी मेला हर्षोल्लास के साथ शान्ति पूर्ण संपन्न




**ठाकुरगांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महावीर मंडल गिंजो ठाकुर गांव के मंडा टांड़ में आयोजित रामनवमी मेला सह अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता बुधवार को हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हो गया। रामनवमी के अवसर पर आयोजित ठाकुर गांव के इस मेला में राम भक्तों का उल्लास पूरे चरम पर रहा। जय श्री राम,जय हनुमान,राम लखन जानकी जय बोलो हनुमान की जैसे गगनचुंबी जयकारों के साथ लगभग 15 गावों के महावीर मंडल अपने प्रमुख पताका जुलूस गाजा बाजा और डीजे बॉक्स के साथ मेला शामिल हो अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता में भी अपने अपने जौहर दिखाया। मेला में दर्शक व अखाड़ेधारी राम भक्तों को कोई दिक्कत परेशानी ना हो इसके लिए प्रशासन की ओर से एंबुलेंस के साथ स्पेशल मेडिकल टीम,की तैनाती की गई थी। साथ ही पेयजल, गुड़ चना शरबत,की भी विशेष व्यवस्था राम भक्तों के लिए किया गया था ।विधि व्यवस्था में महिला पुलिस तथा अतिरिक्त पुलिस बल के साथ ठाकुर गांव थाना प्रभारी विनीत कुमार सुरक्षा की बागडोर संभाले थे। उनके साथ एसआई दिलीप कुमार, एसआई अरविन्द कुमार, एएसआई सुनील दास, एएसआई प्रधान किसको, और कोस्टेबल मौजूद थे,। वहीं पूरे मेला परिसर में समस्त सुरक्षा तथा राम भक्तों की सेवा सुरक्षा के लिए महावीर महामंडल ठाकुर गांव की ओर से 70 लोग से भी अधिक वोलेंटियर कार्यकर्ता भी राम भक्तों के लिए सक्रिय रहे ।

## सीसीएल द्वारा राय छलटा पुल निर्माण कार्य हुआ प्रारंभ

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार एरिया के अशोक परियोजना कोयला खदान से आरसीएम साईडिंग तक होने वाली कोयला ढुलाई के ट्रांसपोर्टिंग मार्ग पर जर्जर छलटा पुल को बनाने का काम गुरुवार से शुरू कर दिया गया है।यह छलटा पुल स्थानीय पिपरवार एरिया प्रबधंन द्वारा बनाया जा रहा है।पुल निर्माण कार्य शुरू होने के साथ ही अशोका कोयला खदान से आरसीएम साईडिंग तक होने वाली कोयला ढुलाई का कार्य बन्द हो गया है।मिली जानकारी के अनुसार पिछले वर्ष 2023 के बरसात मे नदी मे बाढ़ आने के कारण छलटा पुल टुटकर क्षतिग्रस्त हो गया था, बरसात का मौसम होने के कारण सीसीएल प्रबधंन द्वारा क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत करायी गई थी,लेकिन पुल काफी कमजोर था और कोयला ढुलाई होने से हादसो का डर बना हुआ था,जिसके बाद प्रबधंन द्वारा बेहतर मौसम मे इस पुल को बेहतर ढंग से बनाने का निर्णय लिया था,इसी बीच गुरूवार से पुल बनाने का काम चालु कर दिया गया है।पुल का निर्माण कार्य शुरू होने के बाद से अशोक परियोजना कोयला खदान से आरसीएम साईडिंग तक होने वाली कोयला ढुलाई का काम बंद हो गया है।वहीं ग्रामीणों के आवागमन को लेकर पुल के बगल से डायवर्सन तैयार किया गया है,जिससे आम जनता आवागमन कर सकते हैं। संभवत- अनुमान लगाया जा रहा है कि पूल बनाने में दो से ढाई माह का समय लग सकता है।ऐसे में दो ढाई महीने तक कोयला ढुलाई नहीं होने से आरसीएम साइडिंग में कोयले का अभाव हो जाएगा,जिसके कारण साइडिंग से रैक लोडिंग और डिस्पैच का काम भी प्रभावित हो सकता है। जिसमें सीसीएल प्रबधंन के अलावा रेलवे को भी काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है।फिलहाल पुल बनाने का कार्य जोर-शोर से किया जा रहा है।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए बांगुर सीमेंट का नया मल्टी मीडिया कैंपेन लॉन्च

**जमशेदपुर/धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: बांगुर सीमेंट ने देश भर के नागरिकों को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए नए मल्टी मीडिया कैंपेन का अनावरण किया है। यह कैंपेन 'वोट सोलिड, देश सोलिड' देश को सोलिड यानि मजबूत बनाने के लिए हर व्यक्ति के मतदान के महत्व पर रोशनी डालता है। यह कैंपेन आधुनिक है क्योंकि यह ब्राण्ड के पिछले बेहद लोकप्रिय कैंपेन का सीक्वल है, जिसे बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल के साथ फिल्माया गया था। इसके अलावा ब्राण्ड, अपनी वेबसाईट पर 'वोट का वचन' के माध्यम से लोगों को मतदान की शपथ लेने के लिए भी प्रोत्साहित करता है। बांगुर सीमेंट ने मतदान की हर शपथ के लिए 1 किलो ग्राम सीमेंट दान में देने की शपथ ली है, जिसका उपयोग समाज कल्याण कार्यों में किया जाएगा। इस संबंध में नीरज अखोरी, मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री सीमेंट ने कहा कि बांगुर सीमेंट का 'वोट सोलिड देश सोलिड' कैंपेन और 'वोट का वचन' शपथ हमारे ब्राण्ड्स, प्रोडक्ट्स एवं नेटवर्क के माध्यम से समावेशी विकास के साथ प्रगतिशील देश के निर्माण के लिए हमारी सतत प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। यह कैंपेन 'वोट सोलिड, देश सोलिड' का संदेश देता है। जिस तरह बांगुर सीमेंट सोलिड घर बनाने में मदद करता है, ठीक उसी तरह आप अपने मतदान के अधिकार का उपयोग कर देश को सोलिड बनाने में योगदान दे सकते हैं।




## राहेड़डीह हरिनाम संकीर्तन के अंतिम दिन उमड़े श्रद्धालु

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: पटमदा के कमलपुर थाना क्षेत्र की बनकुंचिया पंचायत अंतर्गत राहेड़डीह गांव में सोलोआना कमेटी की ओर से आयोजित 24 प्रहर अखंड हरिनाम संकीर्तन के अंतिम दिन गुरुवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कमेटी के दयाल महतो ने बताया कि हरिनाम श्रवण करने के लिए आसपास गांवों से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मंदिर एवं आसपास क्षेत्र को विद्युत सज्जा से सुसज्जित किया गया है। जो दर्शकों के लिए आकर्षक का केंद्र बना हुआ है। समाजसेवी असीम कुमार सिंह ने मंदिर में मत्था टेका और क्षेत्र की खुशहाली हेतु प्रार्थना की। मौके पर नंदलाल महतो, दयाल महतो, सन्तोष सिंह, सुभाष महतो, कार्तिक महतो व सागर सिंह आदि मौजूद रहे।

## ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास से मिले केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: केंद्रीय मंत्री सह खूंटी लोकसभा से बीजेपी प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने गुरुवार को ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास से एग्रिको स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। आधे घंटे तक राज्यपाल और केंद्रीय मंत्री ने कई मुद्दों पर बंद कमरे में चर्चा की. केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और राज्यपाल रघुवर दास तीन दिनों से अपने गृह क्षेत्र जमशेदपुर में हैं. केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि शहर प्रवास के दौरान काफी दिनों से उनसे मुलाकात नहीं हो सकी थी. पर्व-त्योहार के मौके पर मुलाकात का अवसर मिला. यह हमारी सनातन परंपरा है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने बुधवार को अपने आवास पर रामनवमी का पताका लहराया. गुरुवार को खूंटी रवाना होने के पहले उन्होंने ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास से मिलने घोड़ाबांधा से उनके एग्रिको स्थित आवास पहुंचे. केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि उनकी काफी दिनों से शहर प्रवास के दौरान ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास से मुलाकात नहीं हो पायी थी। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा खूंटी लोकसभा सीट से बीजेपी के प्रत्याशी हैं. भारतीय जनता पार्टी ने फिर उन्हें खूंटी से लोकसभा का उम्मीदवार बनाया है. अभी वर्तमान में वे खूंटी लोकसभा सीट से ही सांसद हैं. इसके साथ ही केंद्र में मंत्री भी हैं।



## उत्कृष्ट विद्यालय प्रवेश परीक्षा में लावजोड़ा की रिंकी कुमारी को मिली सफ़लता

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: बोड़ाम प्रखंड के लावजोड़ा गांव की रिंकी कुमारी, (पिता- कर्मू महतो) को उत्कृष्ट विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता मिली है। रिंकी कुमारी उत्क्रमित मध्य विद्यालय, दामोदरपुर की पांचवीं वर्ग की छात्रा है। अब रिंकी को जमशेदपुर स्थित उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा 6 में नामांकन मिलेगा जहां पर उन्हें आवासीय सुविधा के साथ इंग्लिश माध्यम में वर्ग 12 वीं तक निशुल्क शिक्षा मिलेगी। उत्कृष्ट विद्यालय में सफ़लता मिलने पर उनके माता- पिता काफ़ी खुश हैं।



## घोड़ाबांधा में आयोजित सरहुल पूजा में शामिल हुए विधायक प्रतिनिधि

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: पटमदा की जोड़सा पंचायत के घोड़ाबांधा गांव स्थित जाहेरथान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरहुल पूजा का आयोजन किया गया। प्रकृति पर्व सरहुल में गांव के गराम थान की पूजा लाया (पुजारी) द्वारा की गई। इसमें पूरे गांव के लोगों ने भोग चढ़ाया और गांव की सुख शांति व समृद्धि की कामना इष्टदेव से की गई। मौके पर विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, शत्रुघ्न सिंह, सुरेंद्र सिंह, रमेश सिंह, राजेन सिंह, दशरथ सिंह, जीतूलाल मुर्मू, दिवाकर टुडू व संजय सिंह ने शामिल होकर लोगों को बधाई दी। इस दौरान झामुमो नेताओं ने मांदर बजाकर सरहुल नृत्य किया।

## रजक समाज के रामनवमी उत्सव में शामिल हुए, सांसद व आस्तिक महतो

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रजक समाज, सी एच एरिया सोनारी के द्वारा अखाड़ा के लाइसेंसी अजय रजक के नेतृत्व में धूमधाम से रामनवमी उत्सव मनाया गया। जिसमे अतिथियों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन संजय कुमार रजक के द्वारा किया गया। कार्यकर्म में मुख्य रूप सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व डीआईजी राजीव रंजन सिंह, झारखंड मुक्ति मोर्चा वरिष्ठ नेता सह समाजसेवी अस्तिक महतो, सूरज बधानी,सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार, भोला जैसवाल,भाजपा सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार, सिव सिंह, समाज अध्यक्ष महेश प्रसाद, बिनोद रजक,छोटे लाल, महेंद्र रजक,अरुण रजक एवम रजक समाज के बहुत सारे महिलाएं पुरुष बच्चे आदि शामिल थे।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जमशेदपुर में रामनवमी अखाड़ा विसर्जन जुलूस में उमड़ी भीड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर में रामनवमी अखाड़ा विसर्जन जुलूस गुरूवार को धूमधाम से निकला। गुरुवार को जमशेदपुर नगर की सड़कों में रामनवमी उत्सव की जीवंत भावना ने शहर को रोशन कर दिया। विभिन्न अखाड़ा समितियों के भक्तों ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अपने कौशल का प्रदर्शन किया। हजारों लोगों की भागीदारी से जुलूस में भाग लेते हुए भक्ति और साहसी कृत्यों का नजारा सामने आया, जिससे माहौल खुशी और उत्साह से भर गया। जिला प्रशासन की कड़ी निगरानी के बीच रामनवमी का विसर्जन जुलूस निकला। जुलूस को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट थी। जगह-जगह पुलिस पदाधिकारी तैनात थे। डीसी अनन्य मित्तल व वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल द्वारा शहर भ्रमण कर रामनवमी विसर्जन जुलूस के दौरान विधि व्यवस्था संधारण की समीक्षा कर रहे थे। उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, सिटी एसपी मुकेश लुणायत, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनंत कुमार भी मौके पर मौजूद थे। अखाड़ा उत्सव में 200 से अधिक अखाड़ा समितियों की भागीदारी के साथ, जुलूस स्वर्णरेखा नदी के तट पर पहुंचने से पहले कई क्षेत्रों से गुजरा। 25 रास्तों वाले इस पारंपरिक मार्ग पर आस्था और परंपरा का रंगारंग नजारा देखने को मिला। विसर्जन समारोह में, उत्सव का एक आकर्षण, लाइसेंस प्राप्त अखाड़ा समितियों को नदी के किनारे पांच प्रमुख घाटों पर विशाल केसरिया और लाल झंडे ले जाते हुए देखा गया। भगवान राम के जीवन के दृश्यों को दर्शाने वाली रथयात्राएं सड़कों पर सजी हुई थीं, क्योंकि राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान की मूर्तियों वाले रथ शहर के माध्यम से अपना रास्ता बना रहे थे। इस उत्सव में धार्मिक उत्साह के साथ-साथ, सामाजिक और धार्मिक संगठनों द्वारा लगाए गए विभिन्न खाद्य पदार्थों की पेशकश वाले स्टालों के साथ परोपकारी प्रयास भी देखे गए। रंग-बिरंगे बैनरों से सजे गेटों ने कई स्थानों पर प्रतिभागियों का स्वागत किया, जिससे उत्सव का माहौल और भी शानदार हो गया। जिला पुलिस, अर्धसैनिक बलों और रैपिड एक्शन पुलिस इकाइयों सहित 3000 से अधिक कर्मियों को पूरे शहर में रणनीतिक रूप से तैनात किया गया था। साकची में पुलिस नियंत्रण कक्ष में दंगा नियंत्रण वाहन स्टैंडबाय पर रहे। रामनवमी अखाड़ों का विसर्जन जुलूस को लेकर शहर में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही। जिला नियंत्रण कक्ष कार्यरत, सीसीटीवी से गहन निगरानी की गई।






## महिला ने की एक बच्ची का अपहरण करने की कोशिश, लोगों ने किया पुलिस के हवाले

**जमशेदपुर :** जुगसलाई थाना क्षेत्र के गौशाला नाला रोड की रहने वाली एक बच्ची का एक महिला ने अपहरण करने की कोशिश की. महिला बच्ची का हाथ पकड़ कर जबरदस्ती ले जा रही थी. आसपास के लोगों ने देखा तो महिला को पकड़ लिया और बच्ची को छुड़ाया. घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई. पुलिस ने महिला को हिरासत में लिया है. उससे पूछताछ की जा रही है. महिला का नाम कमला है और जबलपुर की रहने वाली है। महिला का कहना है कि उस पर लगने वाले सारे आरोप गलत हैं. वह दवा लेने गई थी. घटना की जानकारी मिलने पर झारखंड गुरुद्वारा के प्रधान सरदार शैलेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे. वह उस बच्ची के घर भी गए.जिसका अपहरण करने की कोशिश की गई थी.वह कुछ काम से घर से बाहर निकली थी. तभी महिला ने उसका जबरन हाथ पकड़ लिया और अपने साथ ले जाने के लिए घसीटने लगी।

## कदमा में बजरंग सेवा समिति का भोग व शरबत का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कदमा बाजार मेन रोड चौक पर बजरंग सेवा समिति, तिस्ता रोड द्वारा विसर्जन जुलूस मे भोग एवं शरबत का वितरण किया गया। उक्त अवसर पर सबसे पहले बजरंगबली की प्रतिमा का माल्यार्पण एवं पूजा कर उक्त भोग का वितरण शुरु किया गया। इसे सफल बनाने मे सुमित महापात्रा, विकाश सहाय, अर्जुन सिंह, प्रीत पाल सिंह, पितु, रमेश,आतिश मिश्रा, नयन पंडिया, राजा चौधरी, चंदन, मिलाप सिंह, राकेश ,जीडी, सहित अन्य कमिटी मेम्बरों का इसे सफल बनाने मे अहम योगदान रहा ।

## कलश और प्रतिमा विसर्जन के साथ चैती नवरात्र संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** कलश और प्रतिमा विसर्जन के साथ ही विगत दस दिनों से चला आ रहा चैती नवरात्र शुक्रवार को सम्पन्न हो गया। इस दौरान कांड्रा व गम्हरिया क्षेत्र के सभी पूजा कमेटियों द्वारा स्थानीय नदी और तालाबों में मां दुर्गा की प्रतिमा और कलश का विसर्जन किया गया। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को अबीर व गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। साथ ही, विभिन्न पूजा पंडालों में सुहागिन महिलाओं ने भी मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर व उन्हें सिंदूर चढ़ाकर एक दूसरे को सिंदूर लगाकर माता को विदाई दी। विसर्जन जुलूस में पूजा कमेटी के सदस्यों के साथ काफी संख्या में महिला व पुरुष भक्त श्रद्धालु शामिल होकर माता के प्रति अपनी आस्था प्रकट किया। विर्सजन के दौरान प्रशासनिक ओर से शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु दंडाधिकारी समेत पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की तैनाती रही।

## दुग्धा पंचायत में अंबेडकर जयंती समारोह का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** प्रखंड के दुग्धा पंचायत में अंबेडकर जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित टिस्को ग्रोथ शॉप के महाप्रबंधक शरद कुमार शर्मा ने कहा कि संघर्ष से ही सफलता हासिल हो सकती है। बच्चों को संघर्ष कर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी मुकाम हासिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज के विकास में शिक्षा से बढ़कर कोई विकल्प नहीं है। कहा कि समाज के विकास में बुद्धिजीवियों, शिक्षकों, समाजसेवियों एवं पर्यावरण संरक्षकों का सबसे अहम दायित्व है। इस मौके पर टीजीएस के मैन्युफैक्करिंग चीफ पंचम कुमार टांक ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने में दुग्धा पंचायत के सदस्यों का उल्लेखनीय भूमिका है। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में नवोदय में चयनित विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि देकर और समाज मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रबुद्ध लोगों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर टीजीएस के दिनेश उपाध्याय, उपमुखिया दिलीप महतो, बबलू प्रधान समेत काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

## जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन परिसर में बना पार्क तोड़ने से अधिवक्ताओं में आक्रोश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन परिसर में दो माह पूर्व उद्घाटन हुए पार्क बीते दिन क्षतिग्रस्त कर दिए जाने के बाद अधिवक्ताओं में आक्रोश फूट पड़ा। अधिवक्ताओं का कहना था कि बार एसोसिएशन को बिना जानकारी दिए छुट्टी के दिन इसे तोड़ दिया गया। उनका कहना था कि दो माह पूर्व जमशेदपुर पूर्वी विधायक सरयू राय के निधि से लगभग 15 लाख की लागत से पार्क बनाया गया था। यहां आने वाले क्लाइंट के साथ अधिवक्ता भी वहां बैठते थे, लेकिन स्थल पर ई-कोर्ट काउंटर बनाने के नाम पर इसे तोड़ दिया गया। कहा कि यह सरासर अधिवक्ताओं के अधिकार से अन्याय किया जा रहा है, जिसे हरगीज होने नहीं देंगे।वहीं अधिवक्ताओं की मांग पर जिला जज घटना स्थल पर पहुंचे और स्थिति से अवगत हुए। अधिवक्ताओं का कहना था कि न्यायालय परिसर में खाली स्थल है, जहां पार्किंग की व्यवस्था करने की बात कही गई थी, जो आज तक पूरी नहीं हुई। वही बने पार्क को तोड़ दिया गया। कहा कि अगर रिकॉर्ड काउंटर बनाना ही था तो उसे खाली स्थान पर बनाया जा सकता है, लेकिन ऐसा न कर पार्क को क्षतिग्रस्त कर दिया गया।



## जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला के निर्देशानुसार विभिन्न क्षेत्र में निरंतर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है।जिला स्वीप कोषांग के अंतर्गत जेएलएलपीएस द्वारा गुरुवार को खरसावां प्रखंड के सिमला पंचायत में जागरूकता रैली एवं शपथ आंगनबड़ी सहिया, सेविका(बीएलओ) द्वारा आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता आयोजन व पोस्टर के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र में ÷चुनाव का पर्व देश का गर्व÷ आई एम रेडी टू वोट थीम के तहत मतदाता जागरूकता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। उपस्थित मतदाताओं को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदान करने हेतु मतदाता शपथ कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।



## रामनवमी विसर्जन जुलूस के दौरान विभिन्न समाजसेवी संगठनों ने लगाया शिविर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** रामनवमी विसर्जन जुलूस के दौरान विभिन्न समाजसेवी संगठनों की ओर से क्षेत्र में कई जगहों पर शिविर लगाकर राम भक्तों व अन्य श्रद्धालुओं की सेवा की गई। श्री राम सेना की ओर से गम्हरिया लाल बिल्डिंग चौक पर शिविर आयोजित कर लोगों के बीच चना व शर्बत वितरण किया गया। इस दौरान सदस्यों द्वारा समाज के कई प्रबुद्ध लोगों को पगड़ी पहनाकर और भगवा वस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। इस मौके पर श्री राम सेना के सन्नी सिंह, गुड्डु सिंह, राजा टूडू, चंदन कुमार, रॉबिन हांसदा, सवेरा कुमार, पुरुषोत्तम खंडेलवाल समेत सभी सदस्य उपस्थित थे। क्षत्रिय संघ, गम्हरिया इकाई की ओर से आयोजित शिविर में मुख्य रूप से प्रमोद सिंह, अरविंद सिंह, पंकज सिंह, विनोद सिंह, ब्रजेश सिंह समेत कई सदस्य उपस्थित थे। वहीं, ब्रह्मकुमारीज संस्था की ओर से पूनम बहन के नेतृत्व में गम्हरिया में शिविर लगाकर श्रद्धालुओं के बीच चना और शर्बत वितरण किया गया। इसके अलावा अखिल भारतीय तैलिक महासभा द्वारा सुजीत उर्फ मुन्ना कुमार के नेतृत्व में तथा जनकल्याण दुर्गापूजा समिति की ओर से अध्यक्ष सोनू सिंह के नेतृत्व में शिविर आयोजित कर राम भक्तों और अन्य श्रद्धालुओं की सेवा की।



## जिला प्रशासन ने रामनवमी विसर्जन जुलूस की ड्रोन से रखी नजर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रामनवमी विसर्जन जुलूस के दौरान विधि व्यवस्था संधारण की समीक्षा के मद्देनजर जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल द्वारा परसुडीह, जुगसलाई, बिष्टुपुर, साकची, मानगो आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, सिटी एसपी मुकेश लुणायत, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनन्त कुमार समेत अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। जिले के वरीय पदाधिकारियों ने प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस संपन्न कराने, सतर्कता एवं तत्परता से ड्यूटी पर मुस्तैद रहने का निर्देश दिये। सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था संधारण के मद्देनजर रामनवमी विसर्जन जुलूस की वीडियोग्राफी तथा सीसीटीटी से निगरानी के अलावा ड्रोन से भी नजर रखी गई ताकि असामाजिक तत्व किसी भी प्रकार से व्यवधान न डाल पायें। जोनल दण्डाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी लगातार भ्रमणशील रहते हुए जुलूस की निगरानी कर ससमय विसर्जन संपन्न कराया।



## पटमदा में शांतिपूर्वक निकाला गया रामनवमी का विसर्जन झंडा जुलूस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा के बेलटांड़ स्थित संकट मोचन अखाड़ा, ब्लॉक कॉलोनी महावीर अखाड़ा एवं पंचमुखी हनुमान मंदिर कुलटांड़ से गुरुवार को गाजे बाजे के साथ रामनवमी का विसर्जन झंडा जुलूस निकाला गया। इस दौरान युवाओं द्वारा लाठी एवं तलवार से करतब दिखाए गए जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शांतिपूर्वक जुलूस संपन्न कराने में बीडीओ पियूषा शालीना डोना मिंज, सीओ विजय कुमार महतो, थाना प्रभारी करमपाल भगत, पटमदा सीएचसी के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन के आलावा पुलिस के जवानों ने सक्रिय भूमिका निभाई। जुलूस के दौरान जय श्री राम के नारों से माहौल भक्तिमय हो गया था। मौके पर महावीर अखाड़ा के संरक्षक मुचीराम बाउरी, अध्यक्ष महावीर महतो, जिला परिषद सदस्य प्रदीप बेसरा, प्रदीप कुमार, कृष्ण बल्लभ महतो, विश्वजीत महतो, दीपक महतो, प्रेम महतो, विपिन महतो, पंचमुखी अखाड़ा के शरत सिंह सरदार, चंदन सिंह, यदुनाथ गोराई, राखहरि सिंह, कृष्णपद सिंह आदि मौजूद थे।



## ह्यूमन वेलफेयर, शांति समिति ने रामनवमी अखाड़ा के लाइसेंसियों को सम्मानित किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आजादनगर थाना शांति समिति एवं ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के सहयोग से पारडीह चेपापुल के पास रामनवमी अखाड़ा जवाहरनागर रोड नंबर 14 तरुण संग त्रिवेदी अखाड़ा के लाइसेंसी नितिन चंद्र एवं पारडीह श्रमिक एकता बजरंग अखाड़ा के लाइसेंसी संजय मुखर्जी एवं उसके सदस्यों को शिविर में पगड़ी और माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस कार्यक्रम ने खास तौर से पारडीह दुर्गा पूजा समिति के अपूर्व पाल,ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष मतिनुल हक अंसारी,सैयद आसिफ अख्तर,सरदार गुरुचरण सिंह और आजादनगर थाना शांति समिति के सचिव मुख्तार आलम खान,सैयद आलम,सेंट्रल पीस कमिटी की मेंबर डॉक्टर निधि श्रीवास्तव, अशफाक आलम, हरपाल सिंह, मोइनुद्दीन अंसारी, हरपाल सिंह, रिजवानुल हक,ताहिर हुसैन, शेख बदरुद्दीन, सैयद साजिद परवेज, फिरोज आलम,फरजाना शफी, तुफैल अख्तर,इरशाद खान, अफताब आलम, साजू खान, गुरुचरण सिंह, एडवोकेट पार्थो बोस, अमरजीत सिंह,मोहम्मद अयूब के योगदान से शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में खास तौर से रामनवमी अखाड़ा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए चना, गुड, शरबत, मिनरल वॉटर की व्यवस्था की जाएगी और साथ में कोई अप्रिय घटना होने पर मेडिकल हेल्प डेस्क भी लगाया गया।




## न्याय यात्रा को लेकर झामुमो ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** झामुमो की ओर से रांची में आहूत इंडिया गठबंधन की न्याय यात्रा रैली को लेकर गुरुवार को पटमदा के विभिन्न गांवों में विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस संबंध में टुडू ने बताया कि खेडुआ पंचायत के खेडुआ, सिंदरीटांड, बामनी व घोषडीह गांव में लोगों से संपर्क करते हुए न्याय यात्रा में शामिल होने की अपील की गई। उन्होंने बताया कि गांवों में न्याय यात्रा को लेकर काफी उत्साह है क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजे जाने के मामले में भाजपा के खिलाफ काफी आक्रोश है। अभियान में मुख्य रूप से झामुमो नेता सुभाष कर्मकार व अन्य कार्यकर्त्ता शामिल थे।

संपादकीय

# केजरीवाल की भूमिका

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी और रिमांड को 'वैध' और 'न्यायसंगत' करार दिया है। केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) को अदालत ने तब करारा झटका दिया, जब उसने शराब नीति और कथित घोटाले में दोनों की संलिप्तता भी मानी। अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के साक्ष्यों और दस्तावेजों के सौजन्य से कहा कि केजरीवाल साजिश में शामिल थे। उन्होंने 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक के तौर पर घूस भी मांगी थी। रिश्वत का पैसा गोवा चुनाव में खर्च किया गया। उसकी मनी ट्रेरल भी स्पष्ट है। कानून की दृष्टि से मुख्यमंत्री को कोई विशेषाधिकार नहीं है कि उनकी गिरफ्तारी चुनाव के समय पर न की जाती। ईडी ने जो सामग्री, तथ्य, ई-मेल और व्हाट्स एप चैट के ब्योरे अदालत के सामने रखे हैं, वे सही और पर्याप्त हैं। जांच एजेंसी ने सबूतों के आधार पर गिरफ्तारी की है। केजरीवाल गवाहों से 'क्रॉस' कर सकते हैं। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने गंभीरता से यह टिप्पणी की है कि सरकारी गवाहों पर उंगली उठाना अदालत और न्यायाधीश पर आक्षेप लगाना है। अदालत का सरोकार संवैधानिक नैतिकता के प्रति है। अदालत पर कोई राजनीतिक प्रभाव नहीं होता और न ही उसे चुनाव के समय, चुनावी टिकट और चुनावी बॉन्ड से कोई लेना-देना है। सरकारी गवाहों के बयान पीएमएलए और धारा 164 में न्यायाधीश के सामने लिए गए हैं। सरकारी गवाह का प्रावधान सैकड़ों साल पुराना है। ऐसे में यह नहीं कहा जा सकता कि इन प्रावधानों का उपयोग केजरीवाल को फंसाने के लिए किया गया। यह मामला ईडी और केजरीवाल के बीच का है। इसमें केंद्र की कोई भूमिका नहीं है। केजरीवाल ने उच्च न्यायालय में उनकी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती दी थी, गलत करार दिया था, लेकिन जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने इन टिप्पणियों के साथ केजरीवाल की अर्जी को खारिज कर दिया। केजरीवाल और 'आप' के सामने अब भी सर्वोच्च अदालत में इस फैसले को चुनौती देने का संवैधानिक विकल्प शेष है, लेकिन उच्च न्यायालय के स्तर पर यह तथ्य स्थापित हो चुका है कि शराब नीति बनाने और उसकी आड़ में घूस मांगने के कथित अपराध में केजरीवाल भी संलिप्त थे। बेशक 'आप' के नेता और प्रवक्ता दलीलें देते रहें कि चवन्नी भी बरामद नहीं हुई है। केजरीवाल को फंसाना और जेल तक पहुंचाना अभी तक की सबसे बड़ी राजनीतिक साजिश है। भाजपा 'आप' को कुचल देना चाहती है, दिल्ली की सरकार गिराने के उसके मंसूबे हैं। 'आप' राजनीतिक स्तर पर कितने भी अभियान चलाए, लेकिन अदालत के सामने ठोस साक्ष्य हैं। उन्हें अदालत ने बुनियादी तौर पर स्वीकार भी किया है। हवाला ऑपरेटर्स के बयान भी मौजूद हैं। जिन्होंने घूस की राशि दी है, उनके बयान, ई-मेल, व्हाट्स एप चैट, बैठकों और मुलाकातों आदि के ब्योरे भी उपलब्ध हैं। केजरीवाल और 'आप' किस-किस को झुठलाने की कोशिश करेंगे। दरअसल केजरीवाल एक चक्रव्यूह में फंस चुके हैं। उनकी कानूनी टीम और अन्य सलाहकारों ने गलत सलाह दी। केजरीवाल को ईडी के 9 समन्स को खारिज नहीं करना चाहिए था। अब जो कानूनी निष्कर्ष सामने हैं, वे उच्च न्यायालय के हैं। किसी के खोखले आरोप नहीं हैं। नौबत यहां तक पहुंच चुकी है कि यदि 'आप' का भ्रष्टाचार भी साबित हो गया और 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक के नाते केजरीवाल का अपराध भी साबित हो गया, तो चुनाव आयोग 'आप' की मान्यता भी रद्द कर सकता है। 'आप' के प्रवक्ताओं को शरत रेड्डी और 60 करोड़ रुपए के चुनावी चंदे और भाजपा की वाशिंग मशीन में धुल कर आरोपितों के पाक-साफ होने सरीखे तर्कों के अलावा कुछ और भी ठोस तर्क देने होंगे। एक चोर दूसरे चोर पर उंगली उठाते हुए यह दलील नहीं दे सकता कि उसके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है? यदि 'आप' की दलीलों में दम है, तो वह भाजपा में शामिल होने वाले 'चोरों' के खिलाफ अलग से शीर्ष अदालत में जा सकती है। फिलहाल केजरीवाल और उनके साथी शराब घोटाले में आरोपित होकर जेल में हैं।

> केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) को अदालत ने तब करारा झटका दिया, जब उसने शराब नीति और कथित घोटाले में दोनों की संलिप्तता भी मानी। अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के साक्ष्यों और दस्तावेजों के सौजन्य से कहा कि केजरीवाल साजिश में शामिल थे। उन्होंने 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक के तौर पर घूस भी मांगी थी। रिश्वत का पैसा गोवा चुनाव में खर्च किया गया। उसकी मनी ट्रेरल भी स्पष्ट है। कानून की दृष्टि से मुख्यमंत्री को कोई विशेषाधिकार नहीं है कि उनकी गिरफ्तारी चुनाव के समय पर न की जाती। ईडी ने जो सामग्री, तथ्य, ई-मेल और व्हाट्स एप चैट के ब्योरे अदालत के सामने रखे हैं, वे सही और पर्याप्त हैं। जांच एजेंसी ने सबूतों के आधार पर गिरफ्तारी की है। केजरीवाल गवाहों से 'क्रॉस' कर सकते हैं। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने गंभीरता से यह टिप्पणी की है कि सरकारी गवाहों पर उंगली उठाना अदालत और न्यायाधीश पर आक्षेप लगाना है। अदालत का सरोकार संवैधानिक नैतिकता के प्रति है।

### तिहाड़ जेल में दस हजार कैदियों की क्षमता है, लेकिन वहां 23 हजार हैं

# आप के आदर्श शिक्षा मॉडल की स्थिति चिन्तनीय

ललित गर्ग

> न्यायालय ने दिल्ली की स्कूलों की स्थिति अत्यंत चिन्तनीय, दुखद एवं अपर्याप्त बताते हुए दिल्ली के शिक्षा सचिव को फटकार लगायी है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता एनजीओ 'सोशल ज्यूरिस्ट, ए सिविल राइट्स ग्रुप' का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील अशोक अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत इस विषयक एक तीखी रिपोर्ट पर संज्ञान, सुनवाई एवं जांच में पाया कि इन स्कूलों में कई विसंगतियों हैं जैसे टूटी हुई डेस्क, कक्षाओं की गंभीर कमी, पीने के स्वच्छ पानी का अभाव, अपर्याप्त किताबें और लेखन सामग्री।

**देश** ही नहीं, दुनिया के अनेक देशों में दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार ने अपने शिक्षा मॉडल को अनुकरणीय बताया एवं अपनी सरकार की बड़ी उपलब्धि के रूप में बहुप्रचारित किया लेकिन दिल्ली उच्च न्यायालय में इसकी पोल खुल गयी। न्यायालय ने दिल्ली की स्कूलों की स्थिति अत्यंत चिन्तनीय, दुखद एवं अपर्याप्त बताते हुए दिल्ली के शिक्षा सचिव को फटकार लगायी है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता एनजीओ 'सोशल ज्यूरिस्ट, ए सिविल राइट्स ग्रुप' का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील अशोक अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत इस विषयक एक तीखी रिपोर्ट पर संज्ञान, सुनवाई एवं जांच में पाया कि इन स्कूलों में कई विसंगतियों हैं जैसे टूटी हुई डेस्क, कक्षाओं की गंभीर कमी, पीने के स्वच्छ पानी का अभाव, अपर्याप्त किताबें और लेखन सामग्री। कई स्कूलें टिन बिल्डिंग में चल रही है एक स्कूल में 1,800 लड़कियां और 1,800 लड़के डबल शिफ्ट में पढ़ते हैं। कुछ कक्षाओं में दो-दो कक्षाओं के छात्र एक साथ बैठकर पढ़ते हैं। जब शिक्षा सचिव ने बदहाली की पुष्टि की तो जस्टिस मनमोहन ने कहा कि आपकी इसी लापरवाही की वजह से तिहाड़ जेल में समस्या और भीड़ दोनों बढ़ी है। तिहाड़ जेल में दस हजार कैदियों की क्षमता है, लेकिन वहां 23 हजार हैं। वजह अशिक्षा एवं दूषित शिक्षा है जिससे युवा पीढ़ी का भविष्य को बर्बाद हो रहा है। केजरीवाल सरकार ने शराब घोटाला ही नहीं, शिक्षा घोटाला भी किया है। केजरीवाल सरकार ने अपनी उपलब्धियों के नाम पर दो उपक्रम प्रमुखता से गिनाये हैं एक शिक्षा एवं दूसरा मौहल्ला क्लीनिक। दिल्ली के सरकारी स्कूलों की दशा एवं दिशा न केवल बिगड़ी है, बल्कि रसातन में चली गयी है। मौहल्ला क्लीनिकों की स्थिति भी दयनीय है। दिल्ली से शुरु हुई उन्नत शिक्षा की पहल को देश के अन्य प्रांतों ही नहीं, बल्कि दुनिया के अनुकरणीय बताने वाले केजरीवाल ने शिक्षा के बुनियाद क्षेत्र को भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया। शिक्षा जैसे मूलभूत क्षेत्र को राजनीतिक नजरिये से देखना एवं उन्नत इंसानों को गढ़ने की इस प्रयोगशाला से खिलवाड़ करना, शर्मनाक घटनाक्रम है। आप की सरकार ने साल 2015 से साल 2024 के बीच 'शिक्षा सबसे पहले या एजूकेशन फ़र्स्ट' जैसा आकर्षक नारा देकर दिल्ली सरकार द्वारा संचालित स्कूलों में नई जान फूंकने के नाम पर दिखावा किया। कुछ स्कूलों को



अत्याधुनिक बनाकर दिल्ली की समस्त स्कूलों का कायाकल्प करने की बात करने वाली केजरीवाल सरकार ने करोड़ों रूपये विज्ञापनों पर खर्च किये। आप सरकार ने शिक्षा मंत्रालय संभाले उनके नायब/उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के नेतृत्व में शिक्षा के लिए अधिकतम राशि का आवंटन किया, शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण की नई तकनीक और विद्यार्थियों के वास्ते नए पाठ्यक्रम लागू किए तथा स्कूलों का दम तोड़ता बुनियादी ढांचा सुधारने के लिए जी खोल कर धन मुहैया कराया। लेकिन दिल्ली उच्च न्यायालय में प्रस्तुत हुई दिल्ली की स्कूलों की दर्दनाक स्थितियां बताती है कि वह सरकारी खजाना अगर स्कूलों में खर्च होता तो स्कूलों की यह दुर्दशा देखने को नहीं मिलती। स्पष्ट है स्कूलों के नाम पर आवंटित बजट में बड़ा घोटाला हुआ है, उसकी स्वतंत्र जांच होनी ही चाहिए। दिल्ली उच्च न्यायालय में ही एक अन्य याचिका में यह तथ्य भी सामने आया कि दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम के स्कूलों में पढ़ने वाले छह लाख से ज्यादा बच्चों को शिक्षा के अधिकार कानून के तहत मिलने वाली सुविधाएं जैसे यूनिफॉर्म, शिक्षण सामग्री इत्यादि नहीं मिल पा रही हैं। याचिका में कहा गया है कि राइट ऑफ चिल्ड्रन टू फ्री एंड कंपल्सरी एजुकेशन एक्ट, दिल्ली राइट ऑफ चिल्ड्रन टू फ्री एंड कंपल्सरी रुल्स और दिल्ली स्कूल एजुकेशन एक्ट के नियमों के मुताबिक बच्चों को शिक्षण सत्र के शुरू में ही उन्हें स्कूल यूनिफॉर्म, शिक्षण सामग्री इत्यादि सुविधाएं मिलनी चाहिए। याचिका में कहा गया है दिल्ली सरकार के स्कूलों में पढ़ने वाले 2,69,488 छात्र और दिल्ली नगर निगम में पढ़ने वाले 3,83,203 छात्र शिक्षा के अधिकार कानून के तहत मिलने वाले वैधानिक सुविधाओं से वंचित हैं। याचिका में 14 नवंबर 2023 के ऑडिट मेमो का जिक्र किया गया है जिसमें कहा गया है कि 2016-17 से शिक्षण सत्र से दिल्ली नगर निगम के छात्रों को वैधानिक वित्तीय सुविधा नहीं दी जाती हैं। विडम्बना देखिये दुनिया के लिये आदर्श मॉडल के रूप में दिल्ली की सरकारी स्कूलों को प्रचारित करने वाली स्कूलों की स्थिति कितनी खतरनाक हैं। स्कूल में एक ही कमरे को साइंस लैब, आर्ट रूम और लाइब्रेरी के तौर पर प्रयोग किया जा रहा है। एक कक्षा में 70 से 80 बच्चे हैं। दोनों पालियों में लगभग 4 हजार छात्र-छात्राएं यहां पढ़ते हैं। स्कूल में कुल 15 कमरे हैं, लेकिन अधिकारिक तौर पर 7 साल पहले इस स्कूल को असुरक्षित घोषित किया गया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के उस शिक्षा मॉडल की जिसका डंका वे दिन रात बजाते हैं। यहां तक कि न्यूयार्क टाइम्स में भी दिल्ली के शिक्षा मॉडल की तारीफों के पुल बांधते हुए लेख लिखे जाते हैं। उस शिक्षा मॉडल का यथार्थ बहुत भद्दा एवं खौफनाक है। शिक्षा के नाम पर एक बदनुमा दाग है। जिसकी झलक प्रजा फाउंडेशन एनजीओ की व्हाइट पेपर रिपोर्ट में मिलती है। यह रिपोर्ट केजरीवाल के दावे को मुंह चिढ़ा रही है। इस रिपोर्ट के मुताबिक अरविंद केजरीवाल के सत्ता में आने के बाद से दिल्ली के सरकारी स्कूल में ड्रॉप आउट रेट बढ़ गया। साल 2014-15 में सरकारी स्कूल में ड्रॉप आउट रेट जहां 2.9 प्रतिशत था, दो साल के भीतर 2016-17 तक आते आते ड्रॉप आउट रेट 3.4 प्रतिशत हो गया। दिल्ली ईकोनॉमिक सर्वे 2021-22 में दिए गए आकड़े मुख्यमंत्री के प्रचारतंत्र से वादा खिलाफी कर रहे हैं। ये आंकड़े सरकार पर सवाल उठाते हुए बता रहे हैं कि अगर शिक्षा व्यवस्था सुधर रही है तो साल दर साल सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या घट क्यों रही है। ईकोनॉमिक सर्वे के मुताबिक 2014-15 में सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या 15.42 लाख थी जो घटते-घटते 2017-18 में 14.81 लाख रह गई। नेशनल कमीशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड ने दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था को लेकर जो रिपोर्ट जारी किया उसमें स्कूलों में प्रिंसिपल की कमी, ड्रॉप आउट, छात्र-शिक्षक अनुपात जैसी समस्या सामने उभर कर आई। इस रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली के छात्रों में सीखने की क्षमता राष्ट्रीय औसत से कम है। सरकारी स्कूल में दाखिले के विपरीत प्राइवेट स्कूल में दाखिला लेने वाले छात्रों की संख्या में लगातार वृद्धि आई है।

दृष्टि कोण

# जलवायु कार्यवाही में ग्लोबल साउथ की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण

**दुनिया** में चल रहे भू-राजनीतिक संघर्षों को देखते हुए जलवायु परिवर्तन पर ध्यान केन्द्रित रखना बेहद महत्वपूर्ण है। इस काम में ग्लोबल साउथ की भूमिका बहुत अहम है। विशेषज्ञों का मानना है कि पिछले साल भारत में जी20 के बाद अगली जी21 की अध्यक्षता भी ग्लोबल साउथ के पास ही है। ऐसे में वह एजेंडा निर्धारित कर सकता है। आखिरकार तीन दशकों की चर्चा के बाद सीओपी28 में स्वीकार किया गया कि समस्या की जड़ जीवाश्म ईंधन है और हमें उससे दूर जाने की आवश्यकता है। अगले दो साल महत्वपूर्ण होंगे। एक सफल सीओपी30 के लिए सीओपी29 का कामयाब होना जरूरी है। इसके लिए हमें इस वर्ष एक सफल जी20 की जरूरत है। इस वर्ष, सरकारों, व्यवसायों और नागरिक समाज से अपेक्षा है कि वे दुनिया के जलवायु से जुड़े समाधान सुनिश्चित करने के लिए अपने सहयोग को व्यापक बनाएं ताकि साल 2025 तक जलवायु से जुड़ी सशक्त कार्रवाई योजनाएं तैयार की जा सकें जो ग्लोबल स्टॉकटेक के अनुरूप है, जिसे पिछले दिसंबर में आयोजित सीओपी28 में हुई चर्चाओं का परिणाम माना जाता है। इस पृष्ठभूमि को देखते हुए जी7, सीओपी29 और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि जी20 में बहुपक्षीय मंचों से समाधान और अंतर्दृष्टि हासिल होने की उम्मीद है। इनमें वैश्विक उत्सर्जन, अनुकूलन से जुड़ी कमियों को दूर करना और 2030 तक सततता बढ़ाना भी शामिल है। जलवायु थिंक टैंक 'क्लाइमेट ट्रेंड्स' ने 2024 में बहुपक्षीय बातचीत से पहले संदर्भ निर्धारित करने के लिए ग्लोबल साउथ के विशेषज्ञों के साथ एक वेबिनार का आयोजन किया। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के महासचिव श्री भरत लाल ने वेबिनार में अपने विचार रखते हुए जलवायु कार्यवाही को पटरी पर रखने में ग्लोबल साउथ की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और कहा, "मुझे लगता है कि ग्लोबल साउथ के अपनी अहमियत जताने और एकजुट रहने का वक्त आ गया है। अच्छी बात यह है कि पिछले साल भारत में जी20 के बाद अगली जी21 की अध्यक्षता भी ग्लोबल साउथ के पास ही है। इसका मतलब यह है कि हम एजेंडा निर्धारित कर सकते हैं। अगर आप बहुपक्षीय विकास बैंकों में सुझाए जा रहे सुधारों को देखें तो जाहिर है कि प्रक्रिया अब जारी है और इसकी रफ्तार को बनाए रखने की जरूरत है।'' उन्होंने कहा, "विकसित दुनिया को उत्सर्जन कम करने और अपनी



जिम्मेदारी उठाने की ज़रूरत है। दुनिया पहले ही कार्बन बजट के 80 प्रतिशत हिस्से का इस्तेमाल कर चुकी है जिससे विकास के उत्सर्जनकारी रास्तों के लिए बहुत कम गुंजाइश बची है। मैं यह देखकर हैरान हूं कि कई विकसित देश 2050 के लिए नेट ज़ीरो प्रतिबद्धताएं बना रहे हैं जबकि उन्हें 2025 तक डीकार्बनाइजेशन हासिल करने का लक्ष्य रखना चाहिए। मिसाल के तौर पर जर्मनी को लें। उसने 2045 तक नेट ज़ीरो के लिए प्रतिबद्धता जताई है लेकिन उसे यह लक्ष्य 2030 तक हासिल करना चाहिए। इसी तरह शेष यूरोप को यह लक्ष्य 2050 के बजाय 2031 में ही हासिल कर लेना चाहिए।'' स्टॉकटेक ने आगाह किया है कि पैरिस समझौते के तहत ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने के लक्ष्यों को पूरा करने के मामले में दुनिया पटरी से उतर गई है। ऐसे वर्ष में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है जब 60 से अधिक देशों में चुनाव हो रहे हैं जिससे वैश्विक जलवायु नीतियों में निरंतरता के लिए भू-राजनीतिक जोखिम बढ़ने की आशंका है। खास तौर से इस साल यूक्रेन और गाजा में चल रहे संघर्षों के वित्तीय और सुरक्षा सम्बन्धी परिणामों पर नजर रहेगी। क्लाइमेट ऑब्जर्वेटरी, ब्राजील की प्रतिनिधि स्टेला हर्शमैन ने जलवायु संरक्षण की कार्यवाही में विभिन्न महत्वपूर्ण शिखर बैठकों के महत्व और उनके परस्पर सम्बन्धों का जिक्र करते हुए कहा, ''जी20, सीओपी29 और सीओपी30, इन सभी का आपस में कुछ न कुछ जुड़ाव है। जी20 और सीओपी28 खासे अहम थे। दोनों में ही इस बात को समझा गया कि हमारे लिए आवश्यक वित्त के आकार और ग्लोबल वार्मिंग में वृद्धि को डेढ़ डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने के लिये हमें किस विज्ञान को बनाए रखने की जरूरत है। आखिरकार तीन दशकों की चर्चा के बाद हमने सीओपी28 में स्वीकार किया कि समस्या की जड़ जीवाश्म ईंधन है और हमें उससे दूर जाने की आवश्यकता है।

कुछ अलग

# बेवफा की वफादारी...

**जमाना** बेवफाओं के वफादार घोषित हो जाने का है। जिन लोगों ने दिन-दहाड़े आपके सपने चुरा कर उन्हें दुःस्वप्न बना दिया, वही अब सपनों का एक नया बायस्कोप बना कर निकले हैं, आपके गांव-गांव, गली-गली, अन्धभक्ति का कोई श्रद्धा गीत गाते हुए। मंशा अपने वोटों की सहायता से महानुभावों को फिर उसी कुर्सी पर बिठा देने की है, जो कभी पहले सिंहासन थी, आजकल जनसेवा का स्टूल कहलाती है। हमारी गलियों में जब बिजली कट अपनी तेजी दिखाते हैं, पावर कट अपना जुल्म दिखाते हैं, तो अपनी विजय घोषणाओं में सेंध लगती देख कर चौकीदार बने चोर अब 'जागते रहो' चिल्लाते हैं। भई, दल बदलुओं का जमाना है, कब कोई सेंधमार स्वांग बदल कर साधुवेष धारण कर आपको श्रद्धा से विनत होने के लिए कह दे कि बोलो भक्तो, ऊंचे स्वर में चिल्लाओ, 'जय-जय'। अगर कोई हमसे पूछने के लिए चला आए, यह किसकी जय-जय है, तो कह दो, तुम्हारी भी जय-जय और हमारी भी जय-जय। न पूछना किसी से कि जब आपके थर्मल प्लांटों के पुर्जे चार माह पहले बिगड़ गए थे, तो उसकी मरम्मत की ओर तब ध्यान क्यों नहीं दिया गया? 'दिया है, दिया है, बन्धु। मरम्मत के लिए स्वीकृति फाईल पर हाजिर है। बस अभी उसे निपटाने की बारी नहीं आई थी, कि यह कम्बख्त मानसून धोखा दे गया। भला यह कह के आदाब हैं कि जब आपको बरसना हो, तब तो बरसे नहीं, और अब बेमौसम बरसात करके जलथल पैदा कर दो।' इससे वही बात हुई न, पिछली बार अपने चुनाव एजेंडे में हमारी अभागी धरती स्वर्ग लोक का वायदा किया था, फिर इसी स्थगित मानसून की तरह हमारी गलियों का रास्ता ही भूल गया। और अब जब चुनाव दुंदुभि बजे तो स्थगित मानसून के याद कर लेने की तरह हमारी गलियों में महानुभाव प्रगट हो गए, लो हमारे आंकड़े देख लो कि हमने तो अपने एजेंडे के पचासी प्रतिशत वायदे पूरे कर दिए। शेष पावर कट भगाने वाली इस लेट-लतीफी बारिश की वजह से रुके, अभी दूर कर देंगे। हमने सुना और प्रशंसा में तालियां बजा दीं, कैसे कह देते कि जनाब इस रास्ता भूली बारिश से कुछ नहीं होगा, जब तक कि इन लगातार बिगड़ते हुए थर्मल प्लांटों की स्थाई मरम्मत नहीं होती। उनको जुर्माना लगाने से क्या होगा, क्योंकि उससे अधिक बड़ा जुर्माना तो उद्योगों को इस लम्बी-चौड़ी पावर कट से लगा गया। उनका लाभ घाटे में बदल गया, तो निठुला हो सडक पर कामगार आया। नहीं, नहीं हमें सडकछाप लोगों की बड़ी फिक्र है। आपके वोट डालने की तिथि से पहले सब वायदे पूरे हो जाएंगे। कसम आपके कल्याण की। बेशक भाषण में वायदों के पूरे होने की यह घोषणा बड़ी अच्छी लगती है। जैसे पार साल आपने कहा था, 'घर-घर रोजगार, अब नहीं रहेगा कोई बेकाम, बेरोजगार।' मजे की बात के इस वचन का उद्घोष उन बेकारों की भीड़ ने ही किया था, जो ठेके पर नारा लगाने का रोजगार पाकर आए थे। अब उसी रोजगार के बंटने के दिन फिर आ गए। फिर दिहाडियों पर लगिए और विजय घोष कीजिए। महाकवि तो ठेले पर हिमालय लाद कर लाए थे, आपने तो ठेकों पर वायदों की पूर्ति की घोषणाएं लाद दीं, जय परिवर्तन के महाप्रभु। बन्धु, ठेके की इस कसौटी पर दमघोटू महंगाई का दाहकर्म कर देने का विजयघोष रखा जा सकता है। पहले तो क्रिकेट में ही खिलाडियों के शतक लगाने की घोषणाओं पर तालियां बजती थीं, अब तो ये पैट्रोल उत्पाद भी राज्य दर राज्य शतक लगाने लगे। चन्द सालों पहले कुछ नौजवान समूह स्वरोजगार की पताकाएं लहराते हुए हमारी सडक़ों पर भी निकले थे।

देश दुनीया से

# पार्टी प्रवक्ता और राजनीतिक आत्मा के प्रत्यारोपण की नई संस्कृति...

> कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता और अर्थशास्त्री गौरव वल्लभ ने जिस तरह अपनी पार्टी को बीच मझधार धता बताकर विपक्षी भाजपा के डेरे में प्रभु गुण गान शुरू किया, उससे कांग्रेस की लाचारी तो उजागर हुई ही, साथ में यह भी साबित हुआ कि दुनिया में हर पेशे की अपनी नैतिकता और लक्ष्मण रेखाएं होती है, सिवाय पार्टी के अधिकृत प्रवक्ता के दरअसल, पार्टी प्रवक्ता ऐसा पद है, जो किसी राजनीतिक दल द्वारा अपने कार्यकर्ता को उसकी तर्क-वितर्क शक्ति, खंडन- मंडन करने की काबिलियत, भाषा पर अधिकार और बेशरमी की हद तक कुतर्क करने की क्षमता के आधार पर दिया जाता है। प्रवक्ता के निजी विचार जो भी हों, लेकिन उसे अपनी ही पार्टी और उसके नेताओं की हर मूर्खता को भी महिमा मंडित करने और विरोधी पार्टी की जायज बात को भी 'राजनीति से प्रेरित' बताकर खारिज करने की प्रतिभा किसी को पार्टी प्रवक्ता बना सकती हैं।

**इस** देश में व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं के चलते नेताओं का दल बदलना और युद्ध के दौरान ही घोड़ा बदलना कोई नई बात नहीं है, लेकिन चलते चुनाव में एक पार्टी प्रवक्ता का अचानक घोर विरोधी पार्टी का दामन थाम कर उसका स्तुतिगान शुरू कर देना, जरा नया ट्रेंड है। ट्रेंड क्या बल्कि यूं कहें कि नैतिक पतन की पराकाष्ठा है। कुछ घंटों पहले तक आप जिस पार्टी को दुनिया की सबसे घटिया और अनैतिक पार्टी बताते रहे, दिल बदलते ही उसे विश्व की सर्वश्रेष्ठ और नीतिवान पार्टी बताने सकने के लिए जिगर के साथ-साथ आत्मा को भी ट्रांसप्लांट करने की हिम्मत चाहिए। हाल में कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता और अर्थशास्त्री गौरव वल्लभ ने जिस तरह अपनी पार्टी को बीच मझधार धता बताकर विपक्षी भाजपा के डेरे में प्रभु गुण गान शुरू किया, उससे कांग्रेस की लाचारी तो उजागर हुई ही, साथ में यह भी साबित हुआ कि दुनिया में हर पेशे की अपनी नैतिकता और लक्ष्मण रेखाएं होती है, सिवाय पार्टी के अधिकृत प्रवक्ता के दरअसल, पार्टी प्रवक्ता ऐसा पद है, जो किसी राजनीतिक दल द्वारा अपने कार्यकर्ता को उसकी तर्क-वितर्क शक्ति, खंडन- मंडन करने की काबिलियत, भाषा पर अधिकार और बेशरमी की हद तक कुतर्क करने की क्षमता के आधार पर दिया जाता है।



प्रवक्ता के निजी विचार जो भी हों, लेकिन उसे अपनी ही पार्टी और उसके नेताओं की हर मूर्खता को भी महिमा मंडित करने और विरोधी पार्टी की जायज बात को भी 'राजनीति से प्रेरित' बताकर खारिज करने की प्रतिभा किसी को पार्टी प्रवक्ता बना सकती हैं। हकीकत में वो एक कठपुतली होता है, जिसके 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' होने का मुगालता खुद उसे और जनता को होने लगता है। वो सुबह जो बात कह रहे होते हैं, शाम तक उस पर यू टर्न लेने में संकोच नहीं करते। आम तौर पर पार्टी प्रवक्ता आदर्श चुनाव आचार संहिता से बंधे होते हैं, लेकिन उनकी स्वयं की कोई आचार संहिता अथवा नीति निष्ठा नहीं होती। अमूमन माना जाता है कि पार्टी प्रवक्ता सम्बन्धित पार्टी की विचारधारा, रणनीति, कार्यशैली और अनुशासन के मीडिया पैरोकार होते हैं। माना जाता है कि प्रवक्ता जो कहता है, वो किसी भी मुद्दे पर पार्टी की अधिकृत लाइन होती है, जो दल के शीर्ष नेतृत्व की सोच और रणनीतिक समझ से तय होती है। इस अर्थ में पार्टी प्रवक्ता राजनीतिक ध्वज वाहक होता है, लेकिन तभी तक जब तक कि वह फलां दल में है। पार्टी बदलते ही जबान फेरने में वह वक्त जाया नहीं करता। इसका एक रोचक उदाहरण प्रवक्ता प्रियंका चतुर्वेदी का है। वो जब तक कांग्रेस की प्रवक्ता थीं, तब तक शिवसेना पर हमलावर थी। लेकिन जैसे उनके गृह राज्य महाराष्ट्र में शिवसेना गठबंधन के साथ सत्ता में आई, वो रातो रात शिवसेना (उद्धव) की खैरख्वाह बन गईं। मध्यप्रदेश में भी पूर्व में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थक प्रवक्ता महाराज के पाला बदलते ही कांग्रेसियों के जानी दुश्मन बन गए। वैसे भी इन दिनों भाजपा में आने वालो की संख्या, भाजपा छोड़कर जाने वालों की संख्या की तुलना में बहुत कम है, क्योंकि सत्ता का फेविकोल यहां ज्यादा मजबूत है। इस मायने में प्रवक्ताओं का शब्दकोश सामान्य शब्द कोशों से अलग अर्थ रखता है। प्रवक्ताओं के शब्दकोश में राजनीतिक मौका परस्ती को आस्था परिवर्तन कहा जाता है। मुखौटे बदलने में ये किसी भी राजनीतिक कार्यकर्ता के लिए आइकन हो सकते हैं। दरअसल सत्ताकांक्षा से उपजी बेचैनी उन्हें दलबदल और नए घर की पहरेदारी पर विवश करती है। राजनीतिक निर्गुणिया से सियासी सगुणिया होने का यह अद्भुत चमत्कार है। यानी जिस पार्टी में वो बरसो भजन करते रहे, वह अचानक उन्हें नास्तिक लगने लगती है। तो क्या पार्टी प्रवक्ता होने की कोई मर्यादा या मापदंड नहीं हैं? देश के जाने माने प्रबंधन विशेषज्ञ हेमंत गवले ने किसी राजनीतिक पार्टी प्रवक्ता के कुछ मापदंड तय किए हैं। पहला है, पार्टी का मानवीकरण करने की योग्यता खासकर अति संवेदनशील मानवीय मुद्दों पर, दूसरा विरोधी को जिम्मेदार ठहराना, तीसरा, पार्टी के रुख को सही ठहराना, चौथा, हर मुद्दे पर पार्टी का संदेश प्रत्येक मीडिया प्लेटफार्म से लोगों तक पहुंचाना (यह तकनीकी काम ज्यादा है)। इसी तरह अगर पाटी प्रवक्ता की योग्यता का पैमाने देखे जाए तो उसे स्ट्रीट स्मार्ट' यानी अपनी पार्टी और सरकार का बचाव करने में सक्षम होना

आप का नजरीया

# हिमाचल की नसों में चिट्टा

**हर** जगह चिट्टे की है एक कहानी, सर्द चौकसी में पसीने की निगरानी। हिमाचल में चुनाव की सतर्क निगहबानी में नशा पकड़ा जा रहा है और इसी के संदर्भ में राजधानी शिमला को नसीहत भी मिल रही है। हालांकि चिट्टे की खेप का वजन महज 42.89 ग्राम ही हाथ लगा, लेकिन खबर बड़ी और हकीकत उससे बड़ी है। पंजाब के अक्स अब हिमाचल का गिरेबां पकड़ रहे हैं और धीरे-धीरे यह जहर हमारी युवा धमनियों में जहर घोल रहा है। तमाम चुनौतियों और युवा सवालों के बीच चिट्टे की धूनी जमाकर बच्चे जिंदगी का शतरंज खेल रहे हैं, लेकिन इस अपराध की कहानी में जिनके हाथ रंगे हैं, वे सुविधाजनक व्यवसाय की तरह देश को माप रहे हैं। शिमला में चिट्टे की चुटकी में समाज को हजारों चपेडें.और नशे के कारोबार में हमारी अपनी बदनाम गलियां बढ़ रही हैं। यह एक गहन नेटवर्क का खेल है, जहां अपराध पैदाइशी नहीं, बल्कि प्रस्तावित है। शिमला में भले ही नशे की मात्रा देखने में कम दिखाई दे रही है, लेकिन इसका चेहरा कातिल और पूंछ लंबी है। पंजाब के पूर्व मंत्री का बेटा अगर संलिप्त है, तो हिमाचल के कितने बेटों को इससे खतरा है, यह विस्तार से सोचना होगा। नशे में आमदनी, नशे में फैशन, नशे में पैशन और नशे में जिंदगी के वेकेशन तक पहुंच रही युवा पीढ़ी को बचाना अति आवश्यक है। पुडिया अब अपनी व्यवस्था करके चलती है और जहां कोरियर तक में पता सुनिश्चित है। हिमाचल नशे का डेस्टिनेशन क्यों बन रहा है, इसे समझने के लिए पुलिस ही काफी नहीं, समाज का रुतबा भी कमजोर हो रहा है। सदी के सबसे बड़े गुनाह में शरीक चिट्टा तय करके, तयशुदा कत्लगाह का सबसे भयावह चरित्र बन चुका है। ऐसे में पीढियां तब बचेंगी यदि समाज, अभिभावक, नीति नियंता, शासन-प्रशासन और प्रतिस्पर्धा का मौजूदा दौर इतना संवेदनशील बने कि हमारे अपने बच्चे न पीछे रहें और न ही उपेक्षित बनें। जीवन का बाई प्रोडक्ट अगर नशा बन गया, तो तहजीब की कालिख में हम सभी गुम हो जाएंगे। कानून का सुखद पहलू यह कि पुलिस अपना काम कर रही है, लेकिन दुखद पक्ष यह कि इस पकड़ा-पकड़ी में भी कोई बड़ा शिकार पकड़ में नहीं आता। चंद ग्राम के चिट्टे की बरामदगी में पुडिया अपना पूरा हुलिया नहीं बताती। हमारी अपनी नजरअंदाजी का मतलब यह भी कि समाज से परिवार तक स्वार्थ की तहों में संस्कार गुम हैं। ऐसे में कानून-व्यवस्था के दायरे में भले ही कुछ उदाहरण पेश हो जाएं, लेकिन नशे के खिलाफ हल्ला बोलने के लिए समस्त तंत्र और सामाजिक मंत्र को एक साथ व्यवस्थागत उच्चारण ढूंढने पड़ेंगे। वर्तमान पीढ़ी को करियर की चक्की पर आखिर कब तक ऐसे पाठ्यक्रम पीसने पड़ेंगे, जो उसे सिर्फ शिक्षा की नुमाइश में विवशताएं ही दे रहा है। आश्चर्य यह कि नए स्कूलों में अग्रणी साबित हो रहे निजी संस्थान केवल विज्ञान तक ही सिमट गए हैं, जबकि व्यक्तित्व विकास के लिए कला की कक्षाओं या ह्यूमैनिटी अध्ययन के उच्च स्तरीय कक्ष विकसित करने होंगे। शिक्षा का स्तर व माहौल सामाजिक मूल्यों में विरक्तता पैदा कर रहा है। हम उपभोक्तावाद के ऐसे युग में प्रवेश कर गए हैं, जहां गली-मोहल्ले अंधे व बहरे साबित हो रहे हैं। ऐसे में खोखले वजूद पर जब हम भविष्य की उपलब्धियों का बोझ नहीं उठा पाते, तो इस दायित्व की परीक्षा में युवा पीढ़ी को धकेल देते हैं।

# महागठबंधन प्रत्याशी ने भाजपा पर जमकर बोला हमला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** महागठबंधन प्रत्याशी केएन त्रिपाठी एक दिवसीय दौरे पर गुरुवार को कुन्दा पहुँचे।सांसद प्रत्याशी केएन त्रिपाठी टिकट मिलने पर कार्यकर्ताओं से मिलकर आभार जताया,इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक तरीके से फूल माला पहनाकर स्वागत किया। सांसद प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने टिकट मिलने पर जनता के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह जनता की अडिग विश्वास का परिणाम है कि मुझ जैसे कार्यकर्ता को पार्टी ने टिकट दिया है।महागठबंधन प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आने वाला समय में भाजपा का ग्राफ बहुत तेजी से नीचे आएगी। प्रजातांत्रिक पद्धति को खत्म करना चाहती है भाजपा, वही वन नेशन वन इलेक्शन नहीं बल्कि वन नेशन नो इलेक्शन चाहती है भाजपा। इलेक्टोरल बांड के नाम पर करोड़ो करोड़ रुपया चंदा के नाम पर घुस लिया है जिसकी खुलासा सुप्रीम कोर्ट ने की है। अब ये लोग कितना झूठ बोलेंगे। उन्होंने कहा की समन्वय समिति का गठन कर यहाँ की समस्याओं को प्रमुखता से रखूँगा।वही जनता के बीच हमेशा भाई बनकर हर सुख दुःख में सहभागी बना रहूँगा। वही विभिन्न पार्टी के आधे दर्जन समर्थकों ने थामा कांग्रेस का दामन।वही प्रत्याशी ने कार्यकर्ताओं को माला पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। ज्ञात हो की केएन त्रिपाठी डालटनगंज से विधायक व झारखंड सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री रह चुके हैं। दौरे के क्रम में जिला अध्यक्ष प्रमोद दुबे, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार साहू, समाजसेवी जयराम भारती, भोला साव, पूर्व मुखिया खेदू यादव, बैजनाथ यादव, अर्जुन पासवान, प्रबिल साव, संजय भारती समेत कई अन्य उपस्थित थे।

# रामनवमी: चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में हुआ सम्मान समारोह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** रामनवमी को लेकर बुधवार को चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में सम्मान समारोह का दौर चला। इस बीच अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद की ओजस्विनी महिला परिषद ने शाहपुर में कार्यक्रम आयोजित कर रामनवमी कमिटी के कई लोगों को सम्मानित किया। अध्यक्षता महिला परिषद की अध्यक्ष सह वार्ड 33 की प्रथम पार्षद चंचल देवी ने की। महिला परिषद की जिला अध्यक्ष चंचला ने अपनी पूरी टीम की तरफ से रामनवमी कमेटी के लोगों को अंग वस्त्र एवं तलवार दिया। मौके पर चंचला देवी ने कहा कि हमें प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अपनाने की जरूरत है तथा उनके बताए हुए रास्तों पर चलने जरूरत है। क्षेत्र समाज और देश की उन्नति इसी से संभव है।मौके पर मुख्य रूप से सुधा गुप्ता, वंदना श्रीवास्तव, कविता देवी, रीता देवी, अजीत पाठक, अविनाश राजा, डॉ आदित्य अग्रवाल, प्रभात अग्रवाल आदि मौजूद थे। इधर, प्रखंड क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक कार्यक्रमों में सामाजिक कार्यकर्ता और चंद्रवंशी समाज के नेता विजय चंद्रवंशी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

## मजदूरों के हित के लिए मैं पूरी निष्ठा के साथ कार्य करूंगा : निजामुद्दीन



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हिंद मजदूर किसान यूनियन झारखंड प्रदेश द्वारा अधिसूचना जारी कर गुरुवार को निजामुद्दीन अली को हिंद मजदूर किसान यूनियन लातेहार का जिला अध्यक्ष बनाया गया जहां मजदूर संघ के सभी लोगों ने निजामुद्दीन अली को बधाई दिया। जिला अध्यक्ष बनने के बाद निजामुद्दीन अली ने कहा कि मुझ पर जिस तरह से भरोसा कर मुझे हिंद मजदूर किसान यूनियन संघ का अध्यक्ष बनाया गया है। मैं उनका सदा आभारी रहूंगा। मैं विस्वास दिलाता हूं कि संगठन को मजबूत करने को लेकर पूरी निष्ठा के साथ दिन-रात एक कर दूंगा। साथ ही साथ मजदूर हित एंव उद्योग हित के लिए मैं लातेहार जिले के अंतर्गत औद्योगिक प्रतिष्ठानो में कार्यरत संगठित असंगठित मजदूरों की समस्या को औद्योगिक प्रबंधन और जिला के प्रशासनिक पदाधिकारी से मिल बैठकर समाधान करने का कार्य करूंगा।

## सुकरी गांव में 13 वर्षीय लड़की ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना क्षेत्र के हेठपोचरा पंचायत के सुकरी गांव में एक तेरह वर्षीय बच्ची ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतिका का नाम फूल कुमारी, पिता जगदीश भुईयां बताया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मृतिका का पिता जगदीश भुईयां ने बताया की बीते दिन रामनवमी पूजा को लेकर घर भी साफ सफाई करने के लिए बच्ची को कहा था, जिसके कारण वह नाराज हो गई। वहीं रात को खाना बनाकर बेटी घर के अंदर सोने चली गई जबकि पिता श्री भुईयां घर के बाहर ही खाट पर सोए हुए थे। इधर जब सुबह घर का दरवाजा खोला तो देखा की बेटी फांसी के फंदे से लटकी हुई है। और उसका पैर घुटने से जमीन को छू रहा है। इधर तत्परता दिखाते हुए पिता ने इसकी सूचना आसपास के ग्रामीणों को दी, वहीं ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन को सूचित किया। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंहा ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# भाजपा लोकतंत्र और संविधान को समापत करना चाहती है जिसकी लड़ाई इंडिया गठबंधन लड़ रही है

**कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी ने बीजेपी पर साधा निशाना, प्रत्याशी अपनी काबिलियत पर नहीं मोदी के नाम पर वोट मांग रहे हैं**

**वन नेशन वन इलेक्शन के सहारे रूस और चीन के तरह सत्ता पर काबिज रहना चाहती है भाजपा : के एन त्रिपाठी**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** इंडिया गठबंधन की ओर से चतरा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सूबे के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी निर्धारित कार्यक्रम के तहत वृहस्पतिवार को हंटरगंज प्रतापपुर और कुंदा प्रखण्ड में गठबंधन के नेता कार्यकर्ता और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ कोऑर्डिनेशन कमिटी की तैयारी को लेकर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।हंटरगंज प्रखण्ड में कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष साकेत बिहारी सिंह राजद प्रखण्ड अध्यक्ष अशोक कुमार यादव, प्रतापपुर में कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष रकीबुल इमाम राजद प्रखड अध्यक्ष खेदू यादव जेएमएम प्रखण्ड अध्यक्ष संजय कुमार चंद्रवंशी और कुंदा प्रखण्ड में कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष मनोज साव आरजेडी प्रखण्ड अध्यक्ष बैजनाथ यादव की संयुक्त अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार के एन त्रिपाठी ने कहा कि आज देश का लोकतंत्र और संविधान खतरे में है।भाजपा की सरकार संविधान को बदलने के लिए प्रयासरत है। वन नेशन वन इलेक्शन उनके गलत मंसूबों को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा चीन और रूस के तर्ज पर भारत में सरकार चलाना चाहती है।भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लिए इंडिया गठबंधन का गठन किया गया है ताकि देश के लोकतांत्रिक प्रणाली और बाबा साहेब के संविधान को बचाया जा सके उन्होंने आगे कहा कि भाजपा के शासनकाल में बेरोजगारी बढ़ी है।किसानो पर अत्याचार हो रहा है। महिलाएं भी असुरक्षित हैं।मणिपुर का उदहारण पूरा देश देखा है।बेरोजगारी महंगाई बढ़ी है।उनके शासन काल में खुद भाजपा का मंत्री संसद में अपने क्षेत्र की समस्याओं को रख नहीं सकता सदन में बोलने पर बैठा दिया जाता है।सांसद और मंत्री पद से इस्तीफा दे कर भाजपा को अलविदा कह चुके हैं। सदन में बोलने पर उन्हें बैठा दिया जाता है जो अपने क्षेत्र की समस्या नहीं रख पाएंगे वह अपने क्षेत्र का विकास कैसे करेंगे यह सिर्फ पूंजी पत्तियों की सरकार है। सांसदों को तो गिना जा सकता है लेकिन उन्हें बोलने का अवसर नहीं दिया जाता है।भाजपा का सांसद सदन में जो बात रखने योग्य नहीं है वह भला क्षेत्र का विकास किया करेंगे। इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के एन त्रिपाठी को महागठबंधन के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने फूलों का माला पहना कर जोरदार स्वागत किया। मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कृष्णा नंदन त्रिपाठी ने भाजपा और एनडीए पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि भाजपा हमेशा से गलत करते रही है। राजनेता को छोड़ कर अनुभवहीन लोगों को मौका देकर सत्ता हासिल करने का काम बीजेपी करती रही है। केएन त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा जनता को बंधुआ मजदूर समझती है। जन भावनाओं से खिलवाड़ करना बीजेपी का काम शुरू से रहा है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन राष्ट्र भक्तों और देश भक्तों का गठबंधन है। देश को सशक्त और मजबूत बनाने का गठबंधन है। कांग्रेस प्रत्याशी ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जो दवा कंपनी फर्जी दवा देकर लोगों की जान ले रही है। उस दवा कंपनी को चार लाख करोड़ का काम देकर सीधे तौर पर 10प्रतिशत घुस के रूप में हजार करोड़ लेकर बीजेपी ने उसे छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने इस घुस की राशि को इलेक्ट्रोल बांड नाम दे दिया है। इतना ही नहीं उन्होंने भाजपा पर ईडी और सीबीआई जैसी राष्ट्रीय एजेंसी का दुरुपयोग कर विपक्ष को डराने का भी आरोप लगाया है। कहा कि यह लोग वन नेशन वन इलेक्शन के नाम पर पावर और पैसा के सहारे रूस और चीन के तर्ज पर स्थाई रूप से सत्ता पर काबिज होना चाहते हैं। संविधान बदलना चाहते हैं ताकि ना कोई विपक्ष रहे और ना कोई विरोध करें। जो विरोध करें अगर वह चर्चित है तो खरीद ले नहीं तो उसे ईडी और सीबीआई के सहारे जेल भेजने का काम कर रही है। महागठबंधन प्रत्याशी ने कहा कि भाजपा का ग्राफ तेजी से गिरा है। महागठबंधन से प्रत्याशी घोषित होने के बाद पहली बार क्षेत्र भ्रमण पर त्रिपाठी पहुंचे।उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, राजद सुप्रीमो लालू यादव, झामुमों सुप्रीमों शिबू सोरेन और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इन सभी का आशीर्वाद और साथ मेरे साथ है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन के घटक दलों और उसके नेताओं ने मुझ पर जो भरोसा जताया है।

## बैंकों द्वारा खाताधारियों से जमा कर हो रही है लूट



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इन दिनों बैंक ऑफ इंडिया के बैंकों में लूट का छूट बना हुआ है। बैंक के शाखा ग्राहक सेवा केंद्रों पर इन दिनों खाता धारी हलेकान व परेशान हो रहे हैं। जब से बैंक ऑफ इंडिया का केंद्र सरकार द्वारा प्राइवीटी करण किया गया है। तभी से आए दिन बैंकों में एक से बढ़ कर एक नए नियम कानून बनाए जा रहे हैं जिसका शिकार आम नागरिक खाता धारी हो रहे है। एक तरफ केंद्र सरकार सभी खाताधारियों को आधार से लिंक करने का मुहिम छेड़ दी गयी है तो वहीं खाता को पुनः केवाईसी के नाम पर खाता धारकों को महीनों का चक्कर काट परेशान हो रहे है। जिन खाता धारियों का शादी विवाह के मौके पर अपना जमा राशि निकाशी करना है उन्हें केवाईसी के चक्कर में थक हार कर कर्ज कर के उन्हें अपनी पुत्री का शादी करना पड़ रहा है। वहीं वर्तमान में सभी सेविंग खाताधारियों से मुख्य बैंक छोड़ बैंक सेवा केंद्रों पर एक हजार की निकाशी में 29 रुपये 50 पैसे कि कटौती की जा रही है।जिससे लोग परेशान हैं दुशरी ओर बैंकों द्वारा फरमान जारी किया गया है कि 20 हजार की निकाशी के लिए बैंक ग्राहक सेवा केंद्रों यानी बैंक बीसी के पास से निकासी करें।20 हजार से ज्यादा की निकाशी के लिए बैंकों में कर सकते हैं निकाशी। फिर भी केवाईसी के चक्कर में वो भी महीनों परेशान होकर लोग बैंक जाना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं। इधर बैंक मैनेजरों की बात करें तो बैंक मैनेजर सीधा मुख्य शाखा प्रबंधक का हवाला देकर अपना पल्ला झाड़ दे रहें है। वैसे में प्रतिदिन बैंक बीसी यानी ग्राहक सेवा केंद्रों पर खाता धारियों से नोक झोंक से लेकर मारपीट की नोबत तक आ रही है। क्या यही है केंद्र सरकार का प्राइवीटी करण ,क्या यही है सभी खाता धारियों को आधार से जोड़ने की मुहिम, क्या एक हजार में 29 रुपये 50 पैसे काटने का मुहिम। क्या यही है केवाईसी के नाम पर खाता धारियों को महीनों बैंकों का चक्कर काटने की सजा। ऐसे में कई तरह का सवाल ग्राहकों ने कर डाला है। वैसे में बैंक ऑफ इंडिया के बैंक में खाता धारियों का विश्वास उठ रहा है। और अधिक खाता धारी अन्य बैंकों का रुख कर रहें हैं। वहीं बैंक बीसीयों का कहना है कि हम लोग क्या करें सिस्टम में ऑटोमैटिक 29 रुपये 50 पसे कट जा रहा है। रुपये कट जाने से खाता धारियों द्वारा हम लोगों को प्रतिदिन खरी खोटी एवं मारपीट तक का नोबत आ जा रही है। वहीं अगर इस कटौती के रुपये की आंकड़ा करें तो प्रतिदिन 29 रुपये 50 पैसे से बैंकों को अरबो रुपये की दोहन खाताधारियों से किया जा रहा है। आखिर यह रुपया जाता है कहाँ इसका हिसाब देगा कौन। किन किन कार्यों में काटे गए अरबो रुपये किया जाता है खर्च। कुल मिला कर खाताधारियों के साथ शोषण व दोहन किया जा रहा है।

# रामराज कोरवा की गई जान, जांच में जुटी पुलिस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरवाईकला पंचायत के निवासी रामराज कोरवा के पैर का नस कट जाने से उसकी मौत हो गई। इस संबंध में मृतक की पत्नी फूलमती देवी ने बताया कि बुधवार की शाम लगभग साढ़े सात बजे मेरे पति अपनी गांव के ही साथी राममोहन सिंह के घर उनके बुलाने पर चले गए और हमें बोलकर गए कि तुम नेवता मानने चले जाओ मेरे मना करने के बावजूद चलें गए। बताया कि लगभग आठ बजकर बीस मिनट में फोन कर मेरे पति बताते हैं कि हमारे पैर में शीशा लग गया है खून रुक नहीं रहा है। उन्होंने बताया कि हम अपने दो बच्चों सहित लगभग आधा घंटा में उनके पास पहुंचे तो देखा कि वह रास्ते में जमीन पर अशुद्ध पड़े हैं और पैर के निचले हिस्से से खून जारी है। बताया कि ग्रामीण की मदद से उन्हें बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं सूचना मिलते ही मौके पुलिस प्रशासन पहुंचती है और पुछताछ करने और मृतक के पत्नी से बयान लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। वहीं मृतक के शव को अंत्यपरीक्षण के लिए लातेहार भेज दिया गया है।

# झांकी में जुबली रोड अखाड़ा ने जीता प्रथम पुरस्कार, चटनाही रहा ताशा में प्रथम




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** श्रीरामनवमी पूजा महासमिति के द्वारा रामनवमी के मौके पर स्थानीय बाजारटांड मैदान में शस्त्र चालन प्रतियोगिता और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के कई अखाड़ों ने भाग लिया। उन्होंने अपने शस्त्र चालन कौशल से लोगों को प्रभावित किया।कई अखाड़ों ने आकर्षक झांकी प्रस्तुत की। जुबली चौक अखाड़ा को प्रथम पुरस्कार दिया गया। झांकी में कलाकारों ने भगवान शंकर के द्वारा भस्मासुर को दिए गए वरदान और भस्मासुर के अंत की जीवंत झांकी प्रस्तुत की।चटनाही अखाड़ा ने नौका पर भगवान श्रीराम और केवट की झांकी प्रस्तुत कर दूसरा पुरस्कार जीता। राजहर अखाड़ा के द्वारा श्रीराम दरबार की झांकी प्रस्तुत की गई। इसे तीसरा पुरस्कार दिया गया। शस्त्र, लाठी डंडा और तलवारबाजी में बेहतर प्रदर्शन करने वाले अखाड़ा के सदस्यों को महासमिति के द्वारा तलवार देकर पुरस्कृत किया गया।ताशा में पहले स्थान पर चटनाही, द्वितीय स्थान पर शहीद चौक और तृतीय स्थान पर बाजारटांड अखाड़ा रहा।निर्णायक मंडली में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील अग्रवाल, राजधानी यादव और अधिवक्ता नवीन कुमार गुप्ता शामिल थे। मंच संचालन महासमिति के महामंत्री अंकित पांडेय ने किया।

## चतरा उपायुक्त-पुलिस अधीक्षक ने चतरा में संभाला मोर्चा, आचार संहिता व सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का अनुपालन करने की अपील की



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा शहर में देर शाम निकलने वाले रामनवमी जुलूस को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस महकमा पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। लोकसभा चुनाव को लेकर प्रभावी आदर्श चुनाव आचार संहिता और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का सख्ती से अनुपालन कराने को ले डीसी रमेश घोलप और एसपी विकास पांडेय ने खुद मोर्चा संभाल रखा है। जुलूस निकलने से पूर्व डीसी और एसपी ने अधिकारियों संग सड़क पर उतरकर तैयारियों का जायजा लिया है। साथ ही जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और तैयारी की समीक्षा करते हुए अधिकारियों और जवानों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया है। इतना ही नहीं शहर के गली-मोहल्ले में फ्लैग मार्च कर शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील अखाड़ा समितियों के साथ-साथ आम लोगों से भी अधिकारियों ने की है। उपायुक्त रमेश घोलप ने कहा की कल शांतिपूर्वक चतरा में मंगला जुलूस निकालकर अखाड़ा के प्रतिनिधियों के साथ-साथ शहरवासियों ने एक बेहतर संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि पर्व में किसी भी तरह का खलल न हो इसे लेकर जिला प्रशासन और पुलिस ने पूरी तरह तैयारी कर रखी है। शहर के संवेदनशील इलाकों को चिन्हित करने के साथ-साथ जुलूस के निर्धारित रूट में जगह-जगह पर सीसीटीवी कैमरा लगाया गया हैं। साथ ही जुलूस के अलावे शहर के विभिन्न इलाकों की नियमित ड्रोन से निगरानी की भी व्यवस्था की गई है। डीसी ने बताया कि शहर के विभिन्न चौक-चौराहों को चिन्हित करते हुए वहां दंडाधिकारी और जवानों की भी तैनाती की गई है। उन्होंने शहरवासियों के साथ-साथ अखाड़ा प्रतिनिधियों से शांतिपूर्वक सरकारी निर्देशों का अनुपालन करते हुए पर्व मनाने की अपील की है। डीसी ने साफ शब्दों में चेताते हुए कहा है कि अगर किसी के द्वारा पर्व में खलल डालने का प्रयास कर अशांति फैलाने का दुस्साहस किया जाता है तो, वैसे लोगों को चिन्हित करते हुए प्रशासन त्वरित तौर पर सख्त से सख्त कार्रवाई करेगा।

# बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नाइट ड्यूटी में नहीं रहते हैं कोई चिकित्सक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इन दीनों अवस्था का आलम देखने को मिल रहा है। स्वास्थ्य कर्मी से लेकर डॉक्टर तक अपनी मर्जी से ड्यूटी कर रहे हैं किसी पदाधिकारी का ना तो चिकित्सक आदेश मानते हैं ना स्वास्थ्य कर्मी इसका ताजा उदाहरण बुधवार की रात्रि की है जहां रात्रि ड्यूटी चिकित्सक ध्रुव कुमार महतो को करना था। लेकिन वे प्रशिक्षण कार्य से रांची चले गए। इसके बाद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने आयुष चिकित्सक डॉ सुरेंद्र कुमार को रात्रि ड्यूटी करने का निर्देश जारी किया। लेकिन बुधवार की रात्रि ड्यूटी में एक भी चिकित्सक नजर नहीं आए। यही कारण हुआ कि रात्रि 11:55 में नसरुल खातून 25 वर्ष स्वर्गीय अमरूल कुरैशी ग्राम बालूमाथ पेट की दर से तड़पते हुए बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा जहां एक भी चिकित्सक नहीं होने के कारण ओटी असिस्टेंट मोहम्मद मझहर द्वारा इलाज की जाने लगी। इसी बीच लाटू ग्राम निवासी मनीषा देवी पति अभय सिंह भी रात में इलाज कराने पहुंची और चिकित्सक के इंतजार में पूरी रात इंतजार करते रहे। लेकिन चिकित्सक नजर नही आया। रात्रि लगभग 1:00 बजे राहुल रजक 16 वर्ष पिता मोहन राजक ग्राम मनातू थाना बरियातू भी दर्द से तड़पते हुए अस्पताल पहुंचा लेकिन कोई चिकित्सक नहीं रहने का कारण ओटी असिस्टेंट मोहम्मद मजहर एवं सफाई कर्मी जयराम के द्वारा इलाज की जाने लगी। मोहम्मद मझहर द्वारा रात्रि ड्यूटी में तैनात चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार को मोबाइल पर सूचना देने को लेकर संपर्क करना चाहा। लेकिन उन्होंने कोई रिस्पांस नहीं दिया।इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रकाश बड़ाइक ने कहा कि रात्रि ड्यूटी डॉक्टर सुरेंद्र कुमार को लगाई गई थी ड्यूटी में लापरवाही की गई है। सिविल सर्जन को कार्रवाई के लिए लिखा जा रहा है।

# पुलिस जवान जयराम की 12 दिनों से रहस्यमई लापता होने की घटना का अविलंब उद्भेदन करे पुलिस : प्रतुलनाथ शाहदेव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने बालूमाथ थाना में कार्य सहायक पुलिसकर्मी के पिछले 12 दिनों से लापता होने पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके लातेहार एसपी से आग्रह किया कि वह 12 दिन से लापता सहायक पुलिसकर्मी जयराम को खोजने के लिए विशेष कदम उठाए। प्रतुल ने कहा की जयराम बालूमाथ थाने में पोस्टेड था और पिछले 12 दिनों से उसका कोई सुराग नहीं है। कहा कि वह बहुत ही निर्धन परिवार से आता है।परिजनों का आरोप है कि इस संदर्भ में अब तक प्रशासन की तरफ से कोई संतोष जनक जवाब नहीं दिया जा रहा है जो की एक चिंता का विषय है। प्रतुल ने कहा कि परिजनों के मन में तमाम प्रश्न है। परिजनों की आर्थिक स्थिति भी खराब है और उन सबों का रो-रो कर बुरा हाल है।प्रतुल ने लातेहार एसपी से आग्रह किया कि इस विषय को गंभीरता से लेते हुए ठोस पहल कर इस घटना का उद्भेदन करें। एक पुलिसकर्मी का परिवार ही पुलिस से ही न्याय की गुहार लग रहा है। पूरे क्षेत्र में इस घटना के बाद सनसनी है।लोगों का प्रशासन पर विश्वास बढ़ाने के लिए आवश्यकता है कि पूरी घटना का अतिशीघ्र उद्भेदन हो। आगे उन्होंने कहा वह अति शीघ्र परिजनों से भी मिलकर वस्तुस्थिति से अवगत होंगे।

## राहुल गांधी का फार्मूला पांच राज्यों में फेल : शमीम अख्तर आजाद



**मांडर।** 2024 के लोकसभा चुनाव में इंडिया महागठबंधन के नेताओं मल्लिकारजून खड़गे, श्री वेणुगोपाल ,श्रीमती सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी का फार्मूला और कथन फेल होता नजर आ रहा है। एक तरफ कांग्रेस मुसलमानों को बीजेपी का डर दिखती है तो दूसरी तरफ भाजपा छोड़कर आए नेताओं को टिकट देकर सम्मानित करती है। देश और संविधान बचाने की जिम्मेदारी क्या सिर्फ मुसलमानों के लिए है ? यह घिनौना खेल नव सेकुलरवाद की नई परिभाषा तो नहीं? एक तरफ 2त्न ,3त्न वालों को कांग्रेस पार्टी टिकट देती है तो दूसरी तरफ 18त्न, 20त्न से लेकर 33त्न प्रतिशत मुस्लिम आबादी में मुसलमानों को टिकट से वंचित कर देती है। झारखंड में 14 लोकसभा सीट में मुस्लिम आबादी 15 प्रतिशत प्रतिनिधित्व शून्य, महाराष्ट्र में 48 सीट मुस्लिम आबादी 12 प्रतिशत प्रतिनिधित्व शून्य, दिल्ली में 7 सीट मुस्लिम आबादी 12 प्रतिशत प्रतिनिधित्व शून्य, राजस्थान में 25 सीट 9 प्रतिशत मुस्लिम आबादी प्रतिनिधित्व शून्य, मध्य प्रदेश में 29 सीट 7 प्रतिशत मुस्लिम आबादी प्रतिनिधित्व शून्य, इस आंकड़े से ऐसा लगता है कि महागठबंधन मुसलमानो को राजनीति में अघोषित अछूत समझती है। झारखंड में साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़ , गिरिडीह, जामताड़ा और देवघर ऐसे जिले हैं जहां मुस्लिम आबादी 20त्न से भी अधिक है, राजमहल में मुस्लिम आबादी 33 परसेंट है जो ( ह्यह्ल) रिजर्व सीट है। इंक्लूसिव राजनीति और सेकुलर वाद राजनीति की हिमायत करने वाली इंडिया महागठबंधन की सहयोगी पार्टियां भी मुस्लिम मुद्दोंऔर टिकट देने के मामले पर फेल साबित हो रही है। आज कांग्रेस पार्टी में वैसे लोग प्रदेश संगठन और केंद्र संगठन में बैठे हुए हैं जो बाहर से हाथ छाप कांग्रेसी और अंदर से फूल छाप कांग्रेसी है उनकी आत्मा विचार नीति एवं मूल्य भाजपा के हाथों गिरवी है। तो क्या अब यह मान लिया जाए कि देश के मुसलमान अब सिर्फ कांग्रेस पार्टी के बंधुआ मजदूर हैं?, या मुसलमानो में चुनाव लड़ने की क्षमता नहीं है? झारखंड के मुद्दे पर मुस्लिम आवाम द्वारा विरोध की शुरुआत तो हो ही गई है, अब देखना है कि कांग्रेस पार्टी के रणनीतिकार डैमेज कंट्रोल कैसे करते हैं उनकी योग्यता एवं क्षमता मुस्लिम आवाम जरूर देखना चाहेगी। कांग्रेस पार्टी के अदूरदर्शी, दिशाहीन एवं अविवेकी नेताओं को समर्पित।

## जीत के प्रति संकल्पित है कांग्रेस के सभी कार्यकर्त्ता और पदाधिकारी : बंधु तिर्की

**बेड़ो।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र बेड़ो में प्रखण्ड,अध्यक्ष करमा उरांव,के अध्यक्षता में कांग्रेस प्रखंड पदाधिकारी मंच मोर्चा, मण्डल, पंचायत अध्यक्षों की बैठक आयोजित किया गया. बैठक में पूर्व मंत्री, सह झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की उपस्थित हुए थे. बैठक को संबोधित करते हुए बंधु तिर्की ने कहा कि आगामी लोहरदगा लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के सभी कार्यकर्त्ता और पदाधिकारी जीत के प्रति संकल्पित हैं. श्री तिर्की ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने पिछले 10 साल में केवल जुमलेबाजी के सिवाय कुछ नहीं किया. यहाँ तक कि प्रत्येक वर्ष दो करोड़ रोजगार और हर व्यक्ति के बैंक खाते में 15 लाख रुपया देने कर वायदा भी झूठा निकला। भाजपा संविधान में बदलाव की साज़िश रच रही है जो किसी के लिये अच्छा नहीं है। बैठक में आगामी 21 अप्रैल को आयोजित उलगुलान रैली को ज़बरदस्त रूप से सफल बनाने का निर्णय लिया गया। श्री तिर्की ने कहा कि रांची के प्रभात तारा मैदान में आयोजित इस रैली में कांग्रेस के शीर्ष नेताओं सोनिया गाँधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गाँधी सहित देश भर के इंडिया गठबंधन के प्रमुख नेता शामिल होंगे। 29 अप्रैल को बेड़ो में कांग्रेस की विशाल रैली का आयोजन किया जायेगा जिसमें पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी सुखदेव भगत मांडर के विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और झारखंड प्रदेश के नेता उपस्थित होंगे। कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता घर-घर जाकर व्यापक जनसम्पर्क कर सभी मतदाताओं से मिलने का अपील किया गया। मौके पर प्रदेश डेलीगेट्स,जिला परिषद पश्चमी, प्रखंड अध्यक्ष,कांग्रेस पार्टी के तमाम प्रखंड पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष,पंचायत अध्यक्ष, उपस्थिति थे।

## रामनवमी महासमिति ने सभी अखाड़ों को तलवार एवं पगड़ी देकर स्वागत किया



**बड़कागांव :** रामनवमी महासमिति के द्वारा नवमी में आए हुए जुलूसों को अध्यक्ष, सचिव एवं पदाधिकारी को 2 तलवार पगड़ी एवं श्री राम का पट्टा देकर स्वागत किया गया। वहीं पर छोटे-छोटे बच्चियों एवं बच्चों के द्वारा लाठी का प्रतिभा दिखाई गई। उन बच्चियों और बच्चों को भी महासमिति द्वारा मेडल देकर स्वागत किया गया। मौके पर रामनवमी महासमिति अध्यक्ष विवेक वर्मा, सचिव दामोदर मेहता, कोषाध्यक्ष दिनेश सिन्हा, उपाध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, विशाल ठाकुर, उप कोषाध्यक्ष सरोज मेहता, संगठन मंत्री सहेश कुमार, उप संगठन मंत्री सुरेश राणा, संयोजक शिव शंकर कुमार, उपसंयोजक बैजनाथ महतो, मीडिया प्रभारी रितेश ठाकुर, संजय भुइयां, संरक्षक पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, मुखिया संघ अध्यक्ष अध्यक्ष रंजीत कुमार, संजय सिंह, संजय तिवारी, शशि मेहता एवं सभी अखाड़ों के अध्यक्ष सचिव के अलावा कई प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

# हजारीबाग में हर्षोल्लास पूर्वक निकला रामनवमी का दशमी जुलूस, गूंजा जय श्री राम का नारा

## रामभक्ति में रंगे हजारीबाग लोकसभा के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल, रामभक्तों संग खूब भांजी लाठियां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

हजारीबाग । ऐतिहासिक और प्रख्यात रामनवमी के दशमी का आगाज गुरुवार को हुआ। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लासपूर्वक रामनवमी का दशमी जुलूस पूरे वैभव के साथ निकला। महाष्टमी और नवमी से ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल रामभक्ति में रंगे नज़र आए। महाष्टमी को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के मांडू विधानसभा क्षेत्र अंर्तगत विष्णुगढ़ और टाटीझरिया के रामनवमी शोभायात्रा में सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल शामिल हुए और भगवा ध्वजवाहक के रूप में जुलूस की अगुवाई किया। महानवमी को वे बरही विधानसभा क्षेत्र के पदमा, चौपारण और बरही के रामभक्तों संग लाठियों पर करतब दिखाते हुए उनका हौसलाआफजाई करते दिखे। तत्पश्चात रामनवमी के दशमी शोभायात्रा का आगाज होते ही हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण और नगर निगम क्षेत्र के रामभक्तों संग कदमताल करते हुए रामभक्ति में रंगे रहे। देर रात्रि तक राम भक्तों संग नाचते झूमते और पारंपरिक तरीके से लाठी और तलवार पर हैरतअंग्रेज करतब दिखाते रहें। इस दौरान उन्होंने रामभक्तों और श्रद्धालुओं के सेवार्थ रामनवमी रूट में संचालित विभिन्न स्टालों में जाकर उनका मनोबल बढ़ाया और सेवा कार्यो की प्रसंशा की । मौके पर सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने कहा की इस साल का रामनवमी ख़ास है जब हमारे अराध्य प्रभु श्रीराम अपने जन्मभूमि पर टेंट से निकलकर सदियों बाद अपने मंदिर महल रूपी दरबार में बिराजे हैं और उनका दिव्य सूर्याभिषेक हुआ है ऐसे में रामभक्तों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने कहा की मार्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम हमें धर्म का अनुसरण करते हुए जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। उनका जीवन हम सभी को त्याग, मर्यादाओं के पालन व कर्तव्यपरायणता की सीख देता है। मनीष जायसवाल ने समस्त हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र वासियों को युगपुरूष, जीवन के आदर्श मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के प्राकट्य दिवस रामनवमी और हनुमान जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दी और हजारीबाग के ऐतिहासिक रामनवमी को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण ने मनाने का अपील किया ।

## रामनवमी संरक्षण समिति ने कराया कुश्ती दंगल प्रतियोगिता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग की इंटरनेशनल रामनवमी के अवसर पर हजारीबाग रामनवमी संरक्षण समिति ने भव्य कुश्ती ( दंगल ) का आयोजन हजारीबाग बड़ा अखाड़ा परिसर स्थित मैदान में करवाया जहां हरियाणा, पंजाब , अयोध्या , बनारस , नेपाल से आए पहलवानों ने भाग लिया द्य दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता से राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त हजारीबाग की रामनवमी के साथ एक नया अध्याय जुड़ गया द्य दंगल प्रतियोगिता में भाग लेने आए पहलवानों ने बारी बारी से अपने कला कौशल का प्रदर्शन किया दो दिनों के इस भव्य दंगल प्रतियोगिता में अयोध्या हनुमानगढ़ी से आए पहलवान नागेंद्र दास व नेपाल से चल कर आए पहलवान राजू थापा के बीच फाइनल दंगल प्रतियोगिता हुआ जिसमें रोमांचक जीत दर्ज करते हुए पहलवान नागेंद्र दास



विजेता बने द्य दंगल प्रतियोगिता के बारे में संरक्षण समिति अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान ने कहा की हमारे यहां सनातन धर्म में दंगल की परंपरा रही है जो कालांतर में धीरे धीरे लुप्त होता जा रहा है फलस्वरूप लोग का इसके प्रति झुकाव कम होते जा रहा है और युवा नशे के चपेट में आ रहे हैं जो समाज के लिए भयावह है आगे उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा की शरीर मानव जीवन की अमूल्य पूंजी है इसे व्यायाम करके निखरें ना की नशा करके बर्बाद करें आगे उन्होंने हजारीबाग के युवाओं और अखदाधारिओं से अपील करते हुए कहा है की राम नवमी आपसी प्रेम सौहार्द और हर्षोल्लास के साथ मनायें द्य वहीं अश्लील और फूहड़ गानों को ना बजाने की अपील की द्य रामनवमी संरक्षण समिति ने दंगल प्रतियोगिता के दौरान आने वाले गणमान्य लोगों व समाज के सजग प्रहरी ( पत्रकारों ) को संरक्षण समिति ने अंगवस्त्र , लाठी व माला पहना कर सम्मानित किया मौके पर झामुमो नेता कमल नयन सिंह , मुन्ना सिंह , दिलीप वर्मा , कार्यकारी अध्यक्ष निशांत कुमार प्रधान,परमेश्वर मेहता , पूर्व महासमिति अध्यक्ष राजकुमार यादव सुनील केशरी , संजीव लाल भगत , ओम प्रकाश गोप ,अजय कुमार साव, ज्योति सिन्हा, लब्बु गुप्ता , ओम प्रकाश सिन्हा , केदार कुमार ,मोहन कुमार ,धर्मेंद्र शुक्ला , समेत रामनवमी संरक्षण समिति के दर्जनों पदाधिकारी सदस्य व सैकड़ो लोग उपस्थित थे ।

## सांढ़ में यज्ञ के नौवें दिन भव्य जागरण में भक्ति गीतों पर रात भर झूमे श्रोता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बड़कागांव :** प्रखंड के ग्राम सांढ-छपेरवा में नौ दिवसीय श्री श्री 1008 हनुमंत सह बाबा विश्वकर्मा देव की महायज्ञ हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यज्ञ के नौवें दिन में भक्ति जागरण में कई मनमोहक झांकी के साथ दर्शकों को मनमोहा एंव भक्ति, भोजपुरी, नागपुरी गीतों से लोगों को बबन छैला ने मंत्रमुग्ध किया। भक्ति गीतों सुनते ही सारे भक्त झूम उठे ,जिसे देखने और सुनने के लिए बड़कागांव, केरेडारी, रामगढ़ सहित हजारीबाग समेत अन्य गांवों से भारी संख्या में लोग जमे हुए थे। यज्ञ को शांतिपूर्वक और सफल बनाने में यज्ञ कमेटी के लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर जीप सदस्य सुनीता देवी, पूर्व जीप सदस्य टुकेश्वर प्रसाद,उपप्रमुख बचनदेव कुमार, मुखिया सुलेखा देवी, पंसस उपेन्द्र कुमार, यज्ञ पूजा अध्यक्ष हरि शंकर प्रसाद दांगी, सचिव पूरन महतो, कृतियानन्द महतो, मुटुकधारी महतो, भीखन महतो, कार्तिक महतो, उपमुखिया हेवन्ती देवी, सजंय मेहता, श्याम नंदन किशोर, शंकर प्रसाद मेहता, महेंद्र विश्वकर्मा,पूनम कुमारी, गिन्नी वर्मा, पूनम देवी, गिरेन्द्र प्रसाद, मनोज कुमार मीडिया प्रभारी आनंद राज सहित अन्य लोगों उपस्थित थे।

## रामनवमी त्योहार के अवसर पर भक्त जनों ने जुलूस निकाला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुजू :** सीसीएल से क्षेत्र सारूबेडा के पुराना हनुमान मंदिर के पास से रामनवमी त्योहार के अवसर पर कॉलोनी के राम एवं हनुमान भक्त लोगों ने शांतिपूर्वक जुलूस निकाला, पूरा मार्ग जुलूस में हो गया द्य जुलूस में स्त्री एवं पुरुष राम में एवं हनुमानमय में होकर श्री राम एवं हनुमान का नारा लगाते हुए शांतिपूर्वक चेकपोस्ट बाल विद्या मंदिर आई डब्ल्यू एस से चार नंबर होते हुए हनुमान मंदिर के पास आकर जुलूस संपन्न हो गयाद्य जुलूस में हनुमान मंदिर समिति के अध्यक्षरोजे करमाली उपाध्यक्ष पारस महतो एवं अशोक साव, सचिव अजय सिंह एवं सहसचिव तेज प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज मिश्रा एवं इंदल सिंह, सहित सैकड़ो महिलाएं साथ चल रही थी ।

## भाईचारे के संदेश के साथ चैती दुर्गा पूजा में सम्मानित लोगों का अद्भुत समर्थन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

सदभावना मंच के तत्वावधान में सदभावना मंच के संयोजक मोईज अख्तर भोलू के नेतृत्व में थड़पखना रांची में सदभावना मंच शिविर के माध्यम से चैती दुर्गा पूजा के जुलूस में शामिल लोगों को पगड़ी बांधकर एवं माला पहनाकर भव्य रूप से सम्मानित किया गया साथ ही साथ जुलूस में शामिल तमाम लोगों का फल , शर्बत, कोल ड्रिंक्स, ठंढा पानी से स्वागत करते हुए एकता एवं भाईचारे का संदेश दिया गया। उक्त अवसर पर मंच के संयोजक मोईज अख्तर भोलू ने अपने पिता स्वर्गीय शमीम अख्तर (सुदीन भाई) को याद करते हुए कहा क कई दशक पूर्व उनके पिता ने जो सदभावना का बीज लगाकर भाईचारे का जो पैगाम दिया है उसे वे आगे बढ़ाते हुए आपसी सौहार्द की कड़ को और भी मजबूत करने का काम कर रहे हैं। चैती दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष शंकर दूबे , श्री महावीर मंडल के अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू, मंत्री दीपक ओझा, श्री महावीर मंडल के पूर्व अध्यक्ष जयसिंह यादव एवं सर्वधर्म सदभावना समिति के अध्यक्ष मो. इसलाम , सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के महासचिव अकीलुर्रहमान ने सदभावना मंच की सराहना करते हुए कहा कि भोलू भाई अपने पिता के बताए मार्ग दर्शन से सदभावना की कड़ी को मजबूत करने का काम कर रहे हैं जो काफी सराहनीय है।

## विदेशी व्यंजनों के रेस्टोरेंट का हुआ उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर के पंचमुखी हनुमान मंदिर ,न्यू एरिया ,ओकनी के सामने वाइब्स एंड बाइट्स रेस्टोरेंट का उद्घाटन गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह द्वारा किया गया। रेस्टोरेंट के प्रोपराइटर ने इस बाबत कहा कि हजारीबाग जिले में अपने आप में यह एक अनोखा रेस्टोरेंट है।इस रेस्टोरेंट में चाइनीज,इटालियन एवं कॉन्टिनेंटल फूड कोलकाता के कुशल कारीगरों द्वारा तैयार स्वादिष्ट व्यंजन परोसा जाएगा जिसका आनंद व्यंजन प्रेमी ले सकेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम में सौरभ राज, वीरेंद्र कुमार वर्मा, विजय वर्मा ,ऋषि शर्मा, महेंद्र वर्मा ,विजय सिंह समेत अनेको व्यक्ति उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद द्वारा दी गई।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई. निविदा सूचना**

**विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई–निविदा सूचना विद्युत (ग.श.) विभाग के लिये खुली निविदायें**

मुख्य परियोजना प्रबंधक (विद्युत/ग.श.) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:

**क्रम सं०–1, ई निविदा सं० :** **ईएल–जीएस–टीआरडी/02–2024–25, कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** हजारीबाग टाउन–कोच रखरखाव डिपो (चरण–I) के लिए विद्युत (टीआरडी) कार्य के संबंध में कार्य। **(कार्य समापन अवधि :** चौबीस महीना ), **कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू० 1,30,77,730.66, **बिड सिक्युरिटी :** रू० 2,15,400.00, **ई निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय:** ई निविदा बंद होने की तिथि दिनांक 13.05.2024 को 11:00 बजे। ई निविदा खुलने की तिथि दिनांक 13.05.2024 को 11.30 बजे के बाद। **वेबसाईट का विवरण :** वेबसाइट **ireps.gov.in** ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (ग.श.), धनबाद**
**पीआर/0108/डीएचएन/इजीईएन/टी/24–25/36**

## लोकसभा चुनाव में मुसलमान को टिकट नहीं देना अन्यायपूर्ण : साजिद अली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हजारीबाग :** लोकसभा चुनाव में कॉंग्रेस पार्टी द्वारा एक भी मुस्लिम प्रत्याशी को टिकट नहीं देने पर हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष साजिद अली खान ने कहा है कि झारखंड राज्य में अल्पसंख्यक 18त्न आबादी में होने के बावजूद एक भी सीट पर किसी अल्पसंख्यक या मुसलमान को पार्टी द्वारा प्रत्याशी नहीं बनाया जाना आत्मघाती निर्णय साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि देश के भावी प्रधानमंत्री राहुल गांधी कहते हैं जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी हिस्सेदारी ,तो फिर लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के सर्वोच्च एवं सर्वमान्य नेता राहुल गांधी द्वारा कही गई बातों को नजर अंदाज करना कहीं से न्यायसंगत एवं कांग्रेस के पार्टी हित में नहीं मालूम पड़ता है इस मामले को लेकर पूरे राज्य में विरोधाभास के स्वर उठ रहे हैं। जबकि झारखण्ड राज्य में कई ऐसे कद्दावर नेता जैसे आलमगीर आलम ,फुरकान अंसारी, इरफ़ान अंसारी, शहजादा अनवर,हाजी मंजूर अंसारी एवं अनवर अंसारी समेत कांग्रेस पार्टी के दर्जनों नेता हैं जो अल्पसंख्यक होने के बावजूद बहुसंख्यक में भी काफी लोकप्रिय है अपनी-अपनी पहचान में ख्याति प्राप्त है और पूरे राज्य में ये अपनी कार्यशैली की बदौलत काफी लोकप्रिय है।किसी भी लोकसभा सीट चुनाव जितने और जीतने कि अर्हता रखते हैं बावजूद इसके पार्टी के प्रमुख नेता, राज्य की 18त्न आबादी एवं लाखों कार्यकर्ताओ को नजरअंदाज करना अन्यायपूर्ण है। मुस्लिम कार्यकर्ता के मान- सम्मान को ध्यान में रखते हुए पार्टी नेतृत्व को पुण- विचार करते हुए गोड्डा एवं किसी अन्य लोकसभा सीट से उम्मीदवार बदलते हुए कांग्रेस पार्टी के हित में किसी मुसलमान को लोकसभा उम्मीदवार बनाने पर विचार करना चाहिए।

## कोर्ट नोटिस

ब-अदालत झारखंड भू सम्पदा नियामक प्राधिकार सतवा तल्ला राँची नगर निगम बिल्डींग, राँची JHARERA COMPLAIN CASE NO. 49/21 रौनिका कुमारी ...वादी मेसर्स सृजन बिल्डकॉन वगैरह ...बनाम

**नोटिस बनाम विपक्षी प्रतिवादीगण**

1. श्रीमती पार्वती देवी प्रतिवादी सं0 3 पति स्व0 लक्ष्मी शंकर उपाध्याय, निवास स्थान 07, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, थाना- अरगोड़ा राँची, झारखण्ड।
2. श्री छतरधारी साहू प्रतिवादी सं0- 4
3. श्री शिव शंकर साहू प्रतिवादी सं0- 5 दोनो के पिता स्व0 इन्द्रनारायण साहू
4. श्री भरत साहू प्रतिवादी सं0- 6
5. श्री चितरंजन साहू प्रतिवादी सं0 7 दोनो के पिता स्व0 चन्द्रभुषण साहू, प्रतिवादी सं0- 4. 5. 6 और 7 का निवास स्थान गाँव अरगोड़ा, थाना अरगोड़ा, जिला- राँची, झारखण्ड।
6. श्रीमती मनोरमा जायसवाल प्रतिवादी सं0- 8 जिला- राँची, झारखण्ड। पति श्री राजामनी जायसवाल, थाना- अरगोड़ा,
7. श्री युधिष्ठीर प्रसाद @ युधिष्ठीर प्रसाद साहू प्रतिवादी सं0- 9 पिता तारा प्रसाद साहू, थाना- अरगोड़ा, जिला- राँची, झारखण्ड।

बजरिये इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि वादी ने मेरे न्यायालय में एक वाद Jharera Complain Case ह्रश. 49/21 दायर किया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है एवं मेरे न्यायालय द्वारा पूर्व में आपको गोसवारा एवं निबंधित नोटिस निर्गत करने के बावजूद न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे है।

**अत:** आपको निर्देष दिया जाता है कि आप दिनांक 29.04.2024को 11:30 बजे पूर्वाहन मेरे न्यायालय में आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर अपना पक्ष रखे, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में इस वाद की सुनवाई एक पक्षीय कर दी जायेगी इसे सख्त ताकिद समझे। यह नोटिस आज दिनांक 08.04.2024 को मरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

## कोर्ट नोटिस

ब-अदालत झारखंड भू सम्पदा नियामक प्राधिकार सतवा तल्ला राँची नगर निगम बिल्डींग, राँची JHARERA COMPLAIN CASE NO. 48/21 नेहा रानी वादी बनाम मेसर्स सृजन बिल्डकॉन वगैरह प्रतिवादीगण

**नोटिस बनाम विपक्षी प्रतिवादीगण**

1. श्रीमती पार्वती देवी प्रतिवादी सं0 3 पति स्व0 लक्ष्मी शंकर उपाध्याय, निवास स्थान 07, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, थाना- अरगोड़ा राँची, झारखण्ड।
2. श्री छतरधारी साहू प्रतिवादी सं0- 4
3. श्री शिव शंकर साहू प्रतिवादी सं0- 5 दोनो के पिता स्व0 इन्द्रनारायण साहू
4. श्री भरत साहू प्रतिवादी सं0- 6
5. श्री चितरंजन साहू प्रतिवादी सं07 दोनो के पिता स्व0 चन्द्रभुषण साहू, प्रतिवादी सं0 4, 5, 6 और 7 का निवास स्थान गाँव अरगोड़ा, थाना- अरगोड़ा, जिला- राँची, झारखण्ड।
6. श्रीमती मनोरमा जायसवाल प्रतिवादी सं0- 8 पति श्री राजामनी जायसवाल, थाना- अरगोड़ा,जिला- राँची, झारखण्ड ।
7. श्री युधिष्ठीर प्रसाद @ युधिष्ठीर प्रसाद साहू प्रतिवादी सं0- 9 पिता तारा प्रसाद साहू, थाना- अरगोड़ा, जिला- राँची, झारखण्ड।

बजरिये इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि वादी ने मेरे न्यायालय में एक वाद Jharera Complain Case No. 48/21 दायर किया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है एवं मेरे न्यायालय द्वारा पूर्व में आपको गोसवारा एवं निबंधित नोटिस निर्गत करने के बावजूद न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे है।

**अत:** आपको निर्देष दिया जाता है कि आप दिनांक 29.04.204 को 11:30 बजे पूर्वाहन मेरे न्यायालय में आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर अपना पक्ष रखे, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में इस वाद की सुनवाई एक पक्षीय कर दी जायेगी इसे सख्त ताकिद समझे। यह नोटिस आज दिनांक . 08.04.2024 को मरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

## कोर्ट नोटिस

ब-अदालत मू सम्पदा नियामक प्राधिकार झारखंड सतवा तल्ला राँची नगर निगम बिल्डींग, राँची JHARERA COMPLAIN CASE NO. 47/21 नेहा रानी वादी बनाम मेसर्स सृजन बिल्डकॉन वगैरह प्रतिवादीगण

**नोटिस बनाम विपक्षी प्रतिवादीगण**

1. श्रीमती पार्वती देवी प्रतिवादी सं0 3 पति स्व0 लक्ष्मी शंकर उपाध्याय, निवास स्थान 07. हरमू हाउसिंग कॉलोनी, थाना अरगोड़ा राँची, झारखण्ड।
2. श्री छतरधारी साहू प्रतिवादी सं0- 4
3. श्री शिव शंकर साहू प्रतिवादी सं0- 5 दोनो के पिता स्व0 इन्द्रनारायण साहू
4. श्री भरत साहू प्रतिवादी सं0- 6
5. श्री चितरंजन साहू प्रतिवादी सं07 दोनो के पिता स्व0 चन्द्रभुषण साहू प्रतिवादी, सं0- 4, 5, 6 और 7 का निवास स्थान - गाँव अरगोड़ा, थाना अरगोड़ा, जिला- राँची, झारखण्ड।
6. श्रीमती मनोरमा जायसवाल प्रतिवादी सं0 8 पति श्री राजामनी जायसवाल, थाना- अरगोड़ा, जिला- राँची, झारखण्ड।
7. श्री युधिष्ठीर प्रसाद @ युधिष्ठीर प्रसाद साहू प्रतिवादी सं0- 9 पिता तारा प्रसाद साहू, थाना- अरगोड़ा, जिला- राँची, झारखण्ड।

बजरिये इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि वादी ने मेरे न्यायालय में एक वाद Jharera Complain Case No. 47/21 दायर किया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है एवं मेरे न्यायालय द्वारा पूर्व में आपको गोसवारा एवं निबंधित नोटिस निर्गत करने के बावजूद न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे है।

**अत:** आपको निर्देष दिया जाता है कि आप दिनांक 29/04/2024 को 11-30 बजे पूर्वाहन मेरे न्यायालय में आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर अपना पक्ष रखे, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में इस वाद की सुनवाई एक पक्षीय कर दी जायेगी इसे सख्त ताकिद समझे। यह नोटिस आज दिनांक 08.04.2024 को मरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

# आजसू कार्यकर्ताओं की गुंडागर्दी फिर से हुई जग जाहिर : अंबा प्रसाद

- रामनवमी जुलूस में आजसू कार्यकर्ताओं द्वारा की गई बदसलूकी एवं सुरक्षाकर्मियों साथ मारपीट पर विधायक अंबा प्रसाद का बड़ा बयान
- महिला सुरक्षा एवं महिला अधिकारों की बात करने वाले भाजपा एवं आजसू के नेताओं को इस पर जवाब देना चाहिए
- चुनाव नजदीक है इसीलिए खुलकर कर रहे हैं गुंडागर्दी : अंबा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** बरकाकाना नया नगर में रामनवमी जुलूस में शामिल होने गई विधायक अंबा प्रसाद के साथ की गई बदसलूकी एवं सुरक्षाकर्मियों तथा कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट करने हथियार लूटने की कोशिश करने पर विधायक अंबा प्रसाद का बड़ा बयान सामने आया है। घटना के दूसरे दिन विधायक अंबा प्रसाद ने इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि आजसू कार्यकर्ताओं की गुंडागर्दी फिर से जग जाहिर हुई है, चुनाव नजदीक है इसीलिए आजसू पार्टी के कार्यकर्ता खुलकर गुंडागर्दी कर रहे हैं। विधायक ने कहा कि यह घटना से आजसू के चारित्रिक गिरावट का भी परिलक्षण होता है। क्या भगवान् राम किसी दल विशेष के हो सकते हैं ? क्या उनके स्वागत में स्थानीय विधायक का उपस्थित होना अपराध है ? राम तो मर्यादा पुरुषोत्तम हैं, जीवन के हर संबंधों में उन्हें हम आदर्श के रूप में देखते हैं। धैर्य, क्षमा, सहनशीलता, ज्ञान की इज्जत, नारी शक्ति का सम्मान, शत्रु के प्रति व्यवहार, भाई के प्रति व्यवहार हर परिस्थिति में राम आदर्श स्थापित किये हैं । इस पूरे घटनाक्रम में कई कार्यकर्ताओं एवं कर्मियों को गंभीर चोटें आई। मेरे कैमरामैन के साथ भी मारपीट किया गया कई लोगों को रिम्स रेफर किया गया है। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि इस प्रकार की घटना कतई भी बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। पूजा के नाम पर राजनीति करना एवं राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति करना समाज के लिए सही नहीं है। इस प्रकार के लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है। आगे विधायक ने कहा कि प्रभु श्री राम के लिए सजे धार्मिक मंच का इस्तेमाल राजनीतिक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए किया गया जहां एक महिला विधायक होने के बाद भी बुरा व्यवहार किया गया जबकि इनके बड़े-बड़े नेता महिला आरक्षण, महिला स्वतंत्रता, महिला स्वाधीनता की बात करते हैं,महिलाओं के रक्षा की बात करते हैं। वैसे नारी शक्ति के प्रति आजसू- भाजपा के नेताओं/ कार्यकर्ताओं का बर्ताव जगजाहिर है, इनसे किसी भी अच्छे ढंग के बर्ताव की कोई आशा नहीं है लेकिन थोड़ी उम्मीद थी कि मंच राम का है । वैसे मैं इनसे डरने वाली नहीं हूँ एवं इनके बर्ताव का अच्छे तरीके से जवाब देने में मैं सक्षम हूँ । अब वह दिन नहीं रहे जब आप किसी महिला को डरा के धमका के चुप करा सकते हैं । मुझे एक महिला के रूप में एवं एक जनप्रतिनिधि के रूप में अपनी शक्ति का एवं अपने अधिकारों का पूरा ज्ञान है । मेरा पूरा प्रयास होगा कि मेरे क्षेत्र में अब आगे कोई मनचला धर्मांध किसी बहन-बेटी के साथ ऐसा व्यवहार नहीं कर सके । विधायक ने अंत में लोगों से अपील करते हुए कहा कि राम की पूजा करने के साथ-साथ हमें उनके द्वारा स्थापित आदर्शों की भी समझ विकसित करनी चाहिए एवं उसे अपने व्यवहार में लाना चाहिए । एक सभ्य समाज में ऐसी घटना के लिए कोई जगह नहीं हो सकती है ।विधायक ने पूरे मामले पर पुलिस प्रशासन से कठोर कार्रवाई करने को कहा है। विधायक अंबा प्रसाद में यह भी कहा कि जब स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ आजसू के कार्यकर्ता इस प्रकार की हरकत कर सकते हैं तो पूरे क्षेत्र वासियों के साथ क्या किया जाएगा यह चिंता एवं चिंतन का विषय है।

## रामगढ़ ने सरायकेला खरसावां को 7 विकेट से हराया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर- 16 का आज ग्राउंड 1. में छावनी क्रिकेट ग्राउंड में सरायकेला खरसावां ड्व्ह्य रामगढ़ के बीच खेला गया रामगढ़ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्र आरक्षण करने का निर्णय लिया सरायकेला खरसावां निर्धारित 50-50 ओवर के मैच में 33.2 ओवर मे 158/10 विकेट खोकर रन किया। जिसमें दीपू कुमार यादव 27 रन एवं यश राज 23 रन सौरव सिंह 24 रन बनाये। रामगढ़ की ओर से गेंदबाज देवेश गोयल 7.2 ओवर में 32/5 विकेट एवं सचिन कुमार सिंह 10 ओवर में 36/4 विकेट मिला,। लक्ष्य की पीछा करने उतरी रामगढ़ ने 19.2 ओवर में 159/3 के नुकसान पर बना लिया. मुख्य बल्लेबाज संयम शर्मा 40 बॉल मे 55 रन एवं देवेश गोयल 41 बॉल 62 रन का योगदान दिया। सरायकेला खरसावां की ओर से सागर कुमार यादव,तनय, एवं धीरज को एक- एक विकेट मिला, रामगढ़ 7 विकेट से इस मैच को जीत लिया। मैच के अंपायर उमेश पाठक तथा अजित कुमार थे जबकि स्कोरिंग अमित कुमार तिवारी ने किया । मैच ऑब्जर्बर सुब्रोतो घोष तथा लाइजनर ऑफिसर शंभू कुमार सिंहा थे। मौके पर रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार जैन कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र साहू मानदसचिव अरुण कुमार राय एवं सदस्य राजा खान समेत कई लोग उपस्थित थे । रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय लाइजनर ऑफिसर शंभू कुमार सिन्हा मैच ऑब्जर्वर सुब्रतो घोष एवं अन्य लोगों ने प्लेयर ऑफ द मैच का कैश एवं ट्रॉफी देवेश गोयल को भेंट किया।

## भाकपा-माले ने दिवंगत कामरेड महादेव प्रजापति का स्मृति दिवस मनाया



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाकपा-माले सदस्य दिवंगत कामरेड महादेव प्रजापति का 13 वां स्मृति सह संकल्प दिवस के रुप में प्रजापति मुहल्ला उनके निवास स्थान- हेसला में मनाया गया। सर्वप्रथम चित्र पर माल्यार्पण पत्नी मानो देवी के द्वारा किया गया। तत्पश्चात उपस्थित साथियों ने बारी-बारी से पुष्प अर्पित करने के साथ ही 1मिनट का मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नारे लगाए गए÷भाजपा हटाओ-देश बचाओ,मोदी हटाओ-लोकतंत्र बचाओ, संविधान बचाओ, मजदूर-किसान, छात्र-नौजवान,महिला विरोधी भाजपा को सत्ता से बेदखल करो उपस्थित साथियों से आह्वान किया गया कि 21 अप्रैल 2024 को धुर्वा रांची,प्रभात तारा मैदान में इंडिया गठबंधन के द्वारा आयोजित उलगुलान न्याय महारैली को सफल बनाने के लिए तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया गया । तभी दिवंगत कामरेड महादेव प्रजापति का स्मृति श्रद्धांजलि, सच्ची श्रद्धांजलि होगी स्मृति सह संकल्प दिवस में भाकपा- माले जिला कमेटी सदस्य सह रामगढ़ प्रखंड सचिव कामरेड सरयू बेदिया, महादेव राम,लालकुमार बेदिया, जगदीश बेदिया, विजय प्रजापति, फुलचंद करमाली,जयकुमार बेदिया,रतन बेदिया, रजनी मुण्डा, शिन्कु प्रजापति ,प्रेमचन्द बेदिया, राजकिशोर ठाकुर, अनवर अंसारी, कविता देवी,भीम प्रजापति, बिटू प्रजापति, मालती देवी, बसंत प्रजापति, ,बिना देवी, रिषिराजकुमार, एवं श्याम कुमार आदि शामिल थे।

## गोला प्रखण्ड कार्यालय में झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा की हुई बैठक



**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा कि एक बैठक गोला प्रखण्ड कार्यालय मे कि गई जिसकी अध्यक्षता अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष गुलाम मोहम्मद (शाहरूख मलिक) संचालन अल्पसंख्यक प्रखंड संगठन सचिव एकराम हुसैन ने कि जिसमे मुख्य रूप से अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष साजिद आलम ने कहा कि 21/4/24 को राँची प्रभात तारा धुर्वा मैदान मे उलगुलान न्याय महारैली को सफल बनाने को लेकर चर्चा कि गई। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित मोहीब अन्सारी अल्पसंख्यक प्रखंड कोषाध्यक्ष, मो असफाक अन्सारी, अल्पसंख्यक प्रखंड सचिव जमील अन्सारी, प्रखंड उपाध्यक्ष सफीक अन्सारी, समशेर अन्सारी आदि उपस्थित थे।

## मारवाड़ी युवा मंच ने धूमधाम से मनाया रामनवमी



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामनवमी जयंती अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच रामगढ कैंट शाखा द्वारा बड़े धूम धाम से मारवाड़ी धर्मशाला के सामने चना एवं रूह अफजा वितरण रामनवमी जुलूस का स्वागत किया गया,युवा मंच अध्यक्ष ने बताया रामनवमी के पर्व को भगवान राम के जन्मोत्सव के रूप में पूरे देश में बड़े ही धूमधाम से साथ मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम का जन्म हुआ था। जिसकी वजह से हर वर्ष चैत्र माह की नवमी तिथि पर भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया जाता है। मौके पर शाखा के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, सचिव धीरज बंसल, श्रींजय मेवाड़ , राहुल अग्रवाल, नीलींद अग्रवाल, अमित अग्रवाल, आशुतोष बेरलीया, पंकज अग्रवाल, राहुल जैन, आयुष बजाज, वंशज पोद्दार, प्रतीक पोद्दार, आशीष जैन, प्रदीप अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल एवं मंच के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## धार्मिक नाटक के प्रस्तुति से कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मिलता है मौका : सुनीता चौधरी

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चितरपुर प्रखंड क्षेत्र के बोरोबिंग पंचायत अंतर्गत छोटकी पोना मे श्री श्री रामनवमी व चैती दुर्गा पूजा समिति के द्वारा बीती रामायण नामक नाटक का मंचन किया गया। इसका उद्घाटन का मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी व विशिष्ट अतिथि रामगढ़ जिप अध्यक्ष सुधा देवी द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया । मौके पर उन्होंने कहा कि पहले के जमाने में लोग नाटक का आयोजन करते थे। वर्तमान युग में इस तरह का नाटक से कलाकारों को अपने अंदर छुपी प्रतिभा को उभारने का मौका मिलता है। उन्होंने इस तरह के आयोजन के लिए आयोजन समिति के सदस्यों को बधाई दिया। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा माल्यार्पण व बुके देकर किया गया । जिसे देख ग्रामीण मंत्रमुग्ध हो गए।मौके पर युगेश महतो, अशोक राम बेदिया, महेश बेदिया, मनोहर कुमार, अशोक कुमार, बिनोद कुमार कुशवाहा, संजय नायक, बढ़न राम दांगी, प्रेम नाथ महतो, मोतीलाल राम, पारसनाथ महतो सहित कई मौजूद थे।

## धूमधाम से संपन्न हुई रामनवमी, महासमिति ने बांटे सैकड़ों तलवार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति के मीडिया प्रमुख सत्यजीत चौधरी ने प्रेस को विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया की बुधवार संध्या से हीं महासमिति के अध्यक्ष दीपक मिश्रा की अगुआई में तमाम पदाधिकारियों ने झांकियों और श्रद्धालुओं की सुविधा का ख्याल रखते हुए अपने वोलेंटियर को बगड़िया कॉम्प्लेक्स स्थित मंच के आस पास तैनात कर रखा था जो भीड़ को नियंत्रित करने में प्रशासन का सहयोग करते दिखे और पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। पूरे जिले भर की झांकियों के अध्यक्ष और सचिव को बारी बारी महासमिति के पदाधिकारियों ने भगवा अंगवस्त्र,पगड़ी और तलवार देकर सम्मानित किया जो सिलसिला रात्रि दो बजे तक जारी रहा। महासमिति के मंच पर जिले भर के कई नेता और जाने माने व्यवसाई, पत्रकार, प्रसासनिक अधिकारी एवं समाजसेवियों का भी स्वागत किया गया जिसमे प्रमुख रूप से आरएसएस के जिला संघचालक शत्रुघ्न प्रसाद, भाजपा के जिलाध्यक्ष सह संरक्षक प्रवीण मेहता, समाजसेवी सह वरिष्ट पत्रकार अमित सिन्हा, रंजित पांडे, व्यवसाई कमल बगड़िया, रंजन फौजी, बिमल बुधिया, प्रो.संजय सिंह, वसुधू तिवारी, विजय जयसवाल, रोबिन गुप्ता, मातृशक्ति प्रमुख सह प्राचार्य सिंधु झा पत्रकार संजय शुक्ला, प्रदीप कुमार



उर्फ बबलू, राजेश राय, महावीर अग्रवाल, अनिल विश्वकर्मा, अमितेश, इत्यादि को भी महासमिति ने अंगवस्त्र और तलवार भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर दीपक मिश्रा ने कहा की शांतिपूर्ण ढंग से इस भव्यतापूर्ण आयोजन को संपन्न करवाने का श्रेय महासमिति के सभी पदाधिकारियों को जाता है जिनके अथक प्रयास और सहयोग से पूरे रामगढ़ वासियों को धर्म और आस्था के प्रतीक श्रीराम जी को समर्पित रामनवमी में विभिन्न अखाड़ों के द्वारा शस्त्र प्रदर्शन और करतब देखने को मिला साथ हीं इस अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देने वालों में महासमिति के संरक्षक राजेश ठाकुर, छोटू वर्मा,छोटू सिंह, महासचिव संतोष नायक कोषाध्यक्ष रूपेश कुशवाहा, सत्यजीत चौधरी, प्रवीण सोनू, ब्रजेश पाठक, सौरव सिंह, धीरज साहू सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## विरासतों को बचाना वर्तमान पीढ़ी की जिम्मेवारी : एसके चौधरी

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में गुरुवार को वर्ल्ड हेरिटेज डे मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों को हेरिटेज डे मनाने के महत्व से अवगत कराया गया। उनके बीच हेरिटेज पर आधारित पेंटिंग, भाषण और क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता कराई गई।इस अवसर पर स्कूल के निदेशक एकेडमिक एसके चौधरी ने कहा कि किसी भी देश के लिए उसकी धरोहर उसकी अमूल्य संस्कृति होती है। किसी भी देश की पहचान, उसकी सभ्यता की जानकारी इन्हीं धरोहरों से पता चलती है। हेरिटेज डे मनाने का उद्देश्य पूरे विश्व में मानव सभ्यता से जुड़े ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना होता है। शिक्षिका साधना सिन्हा ने कहा कि आज ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण धरोहरों को कई तरह से नुकसान पहुंच रहा है. प्रदूषण, अम्लीय वर्षा, देखभाल का अभाव, लोगों द्वारा घूमने के दौरान दीवारों पर लिख देने आदि के कारण इनकी खूबसूरती प्रभावित हो रही है। बताया कि भारत में 3691 हेरिटेज हैं। जिसमें से 40 को यूनेस्को ने अपनी लिस्ट में रखा है। उन्होंने ताजमहल, लाल किला, कुतुबमीनार, बुलंद दरवाजा, हवा महल आदि के बारे में बताते हुए कहा कि इन हेरिटेज का देश की जीडीपी में भी पर्यटन के रूप में योगदान होता है।क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता में अंकित चौधरी, शुभम सिंह, अदिति कुमारी, सानिया परवीन,संजीव कुमार मेहता, सुमित मुंडा विजयी घोषित किये गए।



## भंडारा के साथ रामनवमी का त्योहार संपन्न, हजारों श्रद्धालुओं खिचड़ी भोग प्रसाद ग्रहण किया

**कुजु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडू प्रखंड के सीसीएल क्षेत्र के सारूबेडा पुराना हनुमान मंदिर में गुरुवार को भंडारा के साथ रामनवमी का त्योहार संपन्न हो गयाद्य कतार में खड़े होकर हजारों श्रद्धालुओं ने खिचड़ी भोग का प्रसाद ग्रहण किया, हनुमान मंदिर कमेटी के सदस्यों के द्वारा जो घर ले जाना चाहे उन्हें भी प्रसाद दिया गयाद्य इस संबंध में पूछने पर हनुमान मंदिर पूजा समिति के संरक्षक कुमार महेश सिंह ने बताया कि रामनवमी के इस अवसर पर प्रभु श्री राम, पवन पुत्र हनुमान और जगत जननी की कृपा सब पर बनी रहे, यही प्रार्थना करता हूं द्य कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी लोगों का सहयोग रहा द्य भंडारा में आए लोगों के बीच प्रसाद वितरण करने में हनुमान मंदिर समिति के अध्यक्ष रोजे करमाली, उपाध्यक्ष पारस महतो एवं अशोक साव, सचिव अजय सिंह एवं सह सचिव तेज प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज मिश्रा एवं इंदल सिंह, नवल महतो के अलावे सुधीर सिंह, प्रकाश सिन्हा,प्रकाश महतो, दिलीप करमाली, सुजीत सिंह, विनोद गिरि, मंगल मुंडा, जलेश्वर करमाली, राहुल कुमार,ओम जी, आशीष मिस्त्री, अशोक कुमार, राजन वर्मा, अशोक सिंह नीतीश कुमार,राजकुमार चौहान, सोनू सिंह, उपेंद्र सिंह, हिमांशु और प्रियांशु एवं आध्या मनोज श्रीवास्तव सहित अन्य सदस्यों का सक्रिय रूप से सहयोग रहा।



# कुंदरु कला में चैती दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन रामनवमी जुलूस में हजारों हुए शामिल

*अस्त्र-शस्त्र काअखाड़े में हैरतअंगेज प्रदर्शन हुआ, रामनवमी का निकला आकर्षक झांकियां*

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** रामगढ़ प्रखंड के कुंदरु कला पंचायत में चैती दुर्गा पूजा एवं रामनवमी पर विशाल जुलूस एवं आकर्षक झांकियां प्रदर्शन किया गया, जिसमें हजारों महिला पुरुष राम भक्त शामिल हुए, गांव के विभिन्न टोला में दुर्गा प्रतिमा का भ्रमण कराया गया इस दौरान जय माता दी जय अंबे जय जगदंबे के जयकारे से पूरा गूंजायमान हुआ, विशाल जुलूस के शक्ल केसरिया ध्वज कर राम भक्त जुलूस में एक से बढ़कर एक हैरत अंगेज अखाड़े में खेल का प्रदर्शन किया महावीर झंडा और दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन पर आकर्षक झांकी प्रस्तुत की गई जिसे दर्शकों का मन मोह लिया दुर्गा मंदिर से लेकर शिवालय मंदिर तक केसरिया रंग से पट्टा रहा



रामनवमी का झंडा लेकर ग्रामीण पंचायत क्षेत्र में भ्रमण किया राम लखन जानकी जय बोलो हनुमान की उद्घोष और भव्य जुलूस प्रदर्शन के साथ समापन किया गया, इस मौके पर रामगढ़ जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो पंचायत के मुखिया किसुन राम मुंडा,नेवालाल महतो,डॉ रेवालाल महतो,कजरु करमाली, मोहराय महतो, जितेंद्र करमाली, कुलदीप करमाली,अनिल केसरी, शैलेन्द्र महतो, बिजय केशरी, नागेश्वर करमाली, कांति करमाली, ज्ञानी ठाकुर, हीरालाल महतो, दिगम्बर गुप्ता, बिनोद करमाली कालेश्वर केशरी, सुरेश महतो विपुल केशरी, शम्भू महतो, पारस महतो, सहित भारी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

*मां छिन्नमस्ता इंटर कॉलेज, गोला के संस्थापक की 22 वीं पूण्यतिथि मनाई गई*

# उच्च शिक्षा की ज्योत जलाने वाले पुरोधा थे स्व. रिखेश्वर प्रसाद सिन्हा : सुजीत सिन्हा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** माँ छिन्नमस्ता इंटर कॉलेज गोला के संस्थापक सचिव स्व. रिखेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ रिखु बाबू की पुण्यतिथि गुरुवार (18अप्रैल) को महाविद्यालय परिसर में मनाई गई। सर्वप्रथम उनके पौत्र सह् कॉलेज के सचिव सुजीत सिन्हा ने उनकी तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य भोला महथा, वरीय व्याख्याता आशीष कुमार मिश्रा, प्रभात कुमार, संजीव कुमार सिन्हा, महरु रजवार एवं दिलीप रजवार सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

**गोला क्षेत्र में उच्च शिक्षा का ज्योत जलाने वाले पुरोधा थे स्व.रिखु बाबू : सुजीत सिन्हा**

पुलिस इंस्पेक्टर के पद से सेवानिवृत्ति के पश्चात उनका एक हीं लक्ष्य था कि किस तरह से इस पिछड़े हुए क्षेत्र में उच्च शिक्षा को बढ़ावा दिया जा सके। इसी प्रयास के तहत उन्होंने अपने निजी मकान में हीं माँ छिन्नमस्ता कॉलेज की नींव रखी बाद में 2004 में इसे माँ छिन्नमस्ता इंटर कॉलेज का नया नाम दिया गया। इसके उदाहरण स्वरूप चाकुलिया, निरसा( धनबाद) और झुमरीतिलैया (कोडरमा) है। निःशुल्क शिक्षा के प्रति वे कृतसंकल्प थे, इसलिए उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के अनेक छात्र/छात्राओं को आर्थिक मदद देकर उनके शिक्षा रुपी रथ को रुकने नहीं दिया।

## श्री रामचंद्र जी के आदर्शों को हम सभी को अपनाना चाहिए : सुनिता चौधरी

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री राम नवमी पूजा के शुभ अवसर पर रामगढ़ शहर के विभिन्न पूजा पंडाल में शामिल हुई विधायक सुनिता चौधरी रामगढ़ विधानसभा । मौके पर पूजा पंडाल के प्रभारी के द्वारा मुकद्दर सुंदर चौधरी को श्री रामचंद्र जी की तस्वीर भेंट एवं तलवार भेंट वा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया । रामगढ़ शहरी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में श्री श्री पवनसुत हनुमान मंदिर समिति वा भवानी मंडल मैन रोड, श्री श्री पवन पुत्र राम नवमी समिति मैन रोड दुर्गा मंदिर , श्री श्री प्राचीन हनुमान मंदिर श्री श्रीराम नवमी पूजा समिति थाना चौक, रामगढ़ युवा संघ चट्टी बाजार, श्री श्री रामनवमी पूजा समिति प्राचीन बजरंगबली मंदिर नई सराय चौक, श्री श्री प्राचीन हनुमान मंदिर श्री श्री राम नवमी पूजा समिति झंडा चौक, श्री श्री बालाजी हनुमान मंदिर लोहार टोला रामगढ़ इन सभी स्थान में रामनवमी के शुभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में सम्मिलित हुई । इस मौके पर माननीय विधायक सुनिता चौधरी के साथ जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, बिमल बुधिया, प्रो संजय सिंह,अरुण अग्रवाल, नीरज मंडल, अनुपमा सिंह, बिभन सिंह, कुलदीप वर्मा ओर पूजा समिति के बिक्की सोनकर, रिंकी सोनकर,जितेंद्र मंडल, बेबी मंडल, सन्नू लाल सोनकर, राजेंद्र सोनकर, रामकुमार मालाकार, राजकुमार अग्रवाल, राजकुमार खटीक, सनोज सोनकर, पवन सोनकर, संजय सोनकर, सुजीत सोनकर, मुन्ना खटीक, सतीष गुप्ता, कैलाश रजक, पवन करमाली, रिंकू करमाली, धीरज ठाकुर, कृष्णा, रवि मिश्रा,अमित सिन्हा, छोटन सिंह,लालू शर्मा, अमित विश्वकर्मा, मनोज साव, प्रभात अग्रवाल, दुर्गा विश्वकर्मा, अमित कुमार,टिंकू कुशवाहा,रघु सोनी, अनिल श्रीवास्तव सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए ।

## कोर्ट नोटिस

JHARERA COMPLAIN CASE NO. 59/21

**1.** श्रीमती पार्वती देवी प्रतिवादी सं0 3 पति स्व0 लक्ष्मी शंकर उपाध्याय, निवास स्थान 07, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, थाना अरगोड़ा राँची, झारखण्ड।

**2.** श्री छतरधारी साहू प्रतिवादी सं0- 4

**3.** श्री शिव शंकर साहू प्रतिवादी सं0- 5 दोनो के पिता स्व0 इन्द्रनारायण साहू

**4.** श्री भरत साहू प्रतिवादी सं0- 6

**5.** श्री चितरंजन साहू प्रतिवादी सं0- 7 दोनो के पिता स्व0 चन्द्रभुषण साहू, प्रतिवादी सं0 4, 5, 6 और 7 का निवास स्थान गाँव अरगोड़ा, थाना अरगोड़ा, जिला- राँची, झारखण्ड।

**6.** श्रीमती मनोरमा जायसवाल प्रतिवादी सं0 8 पति श्री राजामनी जायसवाल, थाना- अरगोड़ा, जिला- राँची, झारखण्ड।

**7.** श्री युधिष्ठीर प्रसाद @ युधिष्ठीर प्रसाद साहू प्रतिवादी सं0- 9 पिता तारा प्रसाद साहू, थाना-अरगोड़ा, जिला- राँची, झारखण्ड।

बजरिये इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि वादी ने मेरे न्यायालय में एक वाद Jharera Complain Case No. 59/21 दायर किया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है एवं मेरे न्यायालय द्वारा पूर्व में आपको गोसवारा एवं निबंधित नोटिस निर्गत करने के बावजूद न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे है।

अतः आपको निर्देष दिया जाता है कि आप दिनांक -29.04.2024 को 11꞉30 बजे पूर्वाहन मेरे न्यायालय में आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर अपना पक्ष रखे, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में इस वाद की सुनवाई एक पक्षीय कर दी जायेगी इसे सख्त ताकिद समझे।

यह नोटिस आज किया गया। दिनांक- 08-04-2024 को मरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**हस्ताक्षर**

**भू संपदा नियामक प्राधिकार रांची**

## कोर्ट नोटिस

**JHARERA COMPLAIN CASE NO.** 51/21

**1.** श्रीमती पार्वती देवी प्रतिवादी सं0- 3 पति- स्व0 लक्ष्मी शंकर उपाध्याय, निवास स्थान - 07, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, थाना- अरगोड़ा राँची, झारखण्ड ।

**2.** श्री छतरधारी साहू प्रतिवादी सं0- 4

**3.** श्री शिव शंकर साहू प्रतिवादी सं0- 5 दोनो के पिता स्व0 इन्द्रनारायण साहू

**4.** श्री भरत साहू प्रतिवादी सं0- 6

**5.** श्री चितरंजन साहू प्रतिवादी सं0 7 दोनो के पिता स्व0 चन्द्रभुषण साहू प्रतिवादी, सं0- 4. 5. 6 और 7 का निवास स्थान गाँव अरगोड़ा, थाना अरगोड़ा, जिला राँची, झारखण्ड।

**6.** श्रीमती मनोरमा जायसवाल प्रतिवादी सं0- 8 पति श्री राजामनी जायसवाल, थाना- अरगोड़ा, जिला- राँची, झारखण्ड ।

**7.** श्री युधिष्ठीर प्रसाद @ युधिष्ठीर प्रसाद साहू प्रतिवादी सं0- 9 पिता तारा प्रसाद साहू, थाना-अरगोड़ा, जिला- राँची, झारखण्ड।

बजरिये इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि वादी ने मेरे न्यायालय में एक वाद Jharera Complain Case No. 51/21 दायर किया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है एवं मेरे न्यायालय द्वारा पूर्व में आपको गोसवारा एवं निबंधित नोटिस निर्गत करने के बावजूद न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे है।

अतः आपको निर्देष दिया जाता है कि आप दिनांक-29.04.2024 को 11꞉30 बजे पूर्वाहन मेरे न्यायालय में आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर अपना पक्ष रखे, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में इस वाद की सुनवाई एक पक्षीय कर दी जायेगी इसे सख्त ताकिद समझे।

यह नोटिस आज दिनांक- 08.04.2024 को मरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**हस्ताक्षर**

**भू संपदा नियामक प्राधिकार रांची**

## कोर्ट नोटिस

**JHARERA COMPLAIN CASE NO.** 50/21

**1.** श्रीमती पार्वती देवी प्रतिवादी सं0 3 पति स्व0 लक्ष्मी शंकर उपाध्याय, निवास स्थान 07, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, थाना अरगोड़ा राँची, झारखण्ड।

**2.** श्री छतरधारी साहू प्रतिवादी सं0- 4

**3.** श्री शिव शंकर साहू प्रतिवादी सं0- 5 दोनो के पिता स्व0 इन्द्रनारायण साहू

**4.** श्री भरत साहू प्रतिवादी सं0- 6

**5.** श्री चितरंजन साहू प्रतिवादी सं0 7 दोनो के पिता स्व0 चन्द्रभुषण साहू प्रतिवादी, सं0- 4, 5, 6 और 7 का निवास स्थान गाँव अरगोड़ा, थाना अरगोड़ा, जिला राँची, झारखण्ड।

**6.** श्रीमती मनोरमा जायसवाल प्रतिवादी सं0- 8 पति श्री राजामनी जायसवाल, थाना- अरगोड़ा, जिला- राँची, झारखण्ड।

**7.** श्री युधिष्ठीर प्रसाद @ युधिष्ठीर प्रसाद साहू प्रतिवादी सं0- 9 पिता तारा प्रसाद साहू, थाना- अरगोड़ा, जिला- राँची, झारखण्ड।

बजरिये इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि वादी ने मेरे न्यायालय में एक वाद Jharera Complain Case No. 50/21 दायर किया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है एवं मेरे न्यायालय द्वारा पूर्व में आपको गोसवारा एवं निबंधित नोटिस निर्गत करने के बावजूद न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे है।

अतः आपको निर्देष दिया जाता है कि आप दिनांक 29.04.2024 को 11꞉30 बजे पूर्वाहन मेरे न्यायालय में आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर अपना पक्ष रखे, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में इस वाद की सुनवाई एक पक्षीय कर दी जायेगी इसे सख्त ताकिद समझे।

यह नोटिस आज दिनांक 08.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

**हस्ताक्षर**

**भू संपदा नियामक प्राधिकार रांची**

## मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया




**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज गांडेय प्रखंड के बड़कीटाड़, बांधाबांद,लोहारी व अन्य मतदान केंद्रों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान बैग का गठन कर इसका व्यापक प्रचार प्रसार किया गया तथा इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर सभी छात्राओं को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही 1950 वोटर हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सभी को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज हो। यदि किसी का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है तो उसे बीएलओ के माध्यम से या वोटर हेल्प लाइन एप के माध्यम से फॉर्म 6 अवश्य भरने और प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्हें शपथ दिलाई गई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करेंगे। साथ ही उन्हें अपने स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने लिए अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।

## रामनवमी बड़े ही धूमधाम से मनाई गई



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी के मंझिलाडीह हनुमान मंदिर प्रांगण में लगातार रामनवमी पर्व के शुभ अवसर पर अपना 25?वीं बर्षगांठ मनाते हुए आकषर्क झांकियां निकाली गई और रामभक्तों द्वारा रात भर हरि कीर्तन किया गया।विदित हो कि मंझिलाडीह हनुमान मंदिर हर बर्ष की भांति इस वर्ष भी अपनी 25 वीं वर्षगांठ मनाते हुए आकषर्क झांकियां निकाली एवं रातभर लोग झूमने पर मजबूर हो गए। हनुमान मंदिर के संस्थापक सह मुख्य जजमान हरिहर प्रसाद लाला ने इस मंदिर निर्माण में अहम् भूमिका निभाते हुए लगातार हर बर्ष रामनवमी पर्व को आकर्षक ढंग से पूजा अर्चना करते हैं। इस बार रामनवमी पर्व पर वरीय अधिवक्ता हेमंत कुमार लाला,चंदन कुमार लाला,जय कृष्ण शरणं, प्रेम कृष्ण सिन्हा, रामदेव समेत कई रामभक्तों की सराहनीय योगदान रहा।

## एनडीए प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी का टुंडी की सभा में कार्यकताओं द्वारा भारी विरोध सामना



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एन डी ए प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी का टुंडी की सभा में कार्यकर्ता द्वारा लगातार पांच वर्षों से गायब रहने के कारण भारी विरोध का सामना करना पड़ा। प्राप्त समाचार के अनुसार टुंडी के फैमिली होटल इन दिनों राजनीति हाल का रूप धारण कर चुका है आये दिन इस होटल में राजनीति पार्टी द्वारा मिंटिंग आयोजित करना आम बात सी हो गई है।आज भाजपा आजसू के द्वारा संयुक्त रूप से कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया जहां भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सांसद को लगातार पांच वर्षों से क्षेत्रों में उपलब्ध नहीं रहने का कारण काफी खरी खोटी सुनाई गई। एवं सांसद मद का पैसों की भी चर्चा काफी सुर्खियां में रहा इसके अलावा धनबाद जिला सांसद प्रतिनिधि की कार्यशैली पर भी सवाल उठाया गया जिससे निवर्तमान सांसद द्वारा अनदेखा कर दिया गया। वर्तमान परिस्थिति को देखा जाए तो भाजपा आजसू में दिल मिला है मन नहीं लोग गठबंधन धर्म का पालन करना अपना मजबूरी समझ कर चुप रहने में भलाई समझ रहे हैं।

## गाय को बचाने के चक्कर में दूध लदा वाहन पलटा, 13 सौ लीटर दूध सड़क पर बहा

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा हाईवे स्थित पेट्रोल पंप के समीप बोकारो से कपुरिया जा रहा दूध के पैकेटो से भरे 407 वाहन डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे में वाहन चालक बाल-बाल बच गये। घटना में वाहन पूरी तरह से छत्तीग्रस्त हो गया और काफी मात्रा में दूध का पैकट फट कर दूध सड़क में बह गया। वाहन में 13 सौ लीटर दूध था। घटना के संबंध में वाहन चालक ने बताया कि बोकारो से दूध लेकर कपुरिया जा रहा था। उसी दौरान सड़क पर बैठी गाय को बचाने के क्रम में वाहन अनियंत्रित होकर सड़क के बीच में स्थित डिवाइडर से टकराकर पलट गयी। घटना की सुचना पर महुदा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। और वाहन को केरान से उठा कर सड़क को किलियार किया ।

## मुफ्त शिक्षा केंद्र के कार्यालय प्रांगण में किया गया बैठक का आयोजन



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा बस्ती,के तुरी टोला में युवा भारत द्वारा संचालित मुफ्त शिक्षा केंद्र के कार्यालय प्रांगण में युवा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश कुमार तुरी के अध्यक्षता में एक बैठक की गई । जिसमें मुफ्त शिक्षा केंद्र के सक्रिय कार्यकर्ता व आचार्यो से संवाद करने दिल्ली और पटना से आए यूनिवर्सल पीस फेडरेशन के सक्रिय कार्यकर्ता वैष्णवी राय, सुधांशु सिंह और गुलशन कुमार ने विश्व शान्ति और सदभावना के सन्देश देते हुए। उपस्थित सदस्यों से वर्तमान परस्थिति पर भी चर्चा किए और कहा कि पूरा विश्व युद्ध का मैदान बनता जा रहा है। लोगों में मानवता खत्म होती जा रही है। हम सभी को विश्व शान्ति की ओर मिलकर कदम उठाना चाहिए। इस मौके पर पर युवा भारत, झारखंड के प्रदेश संयोजक रमेश कुमार महतो, जिला कार्यकारणी सदस्य नैंसी शर्मा, तहरीन फातमा, किरण शर्मा, मधु देवी, अजय कुमार महतो, नर्गिस परवीन, नाजिया परवीन, सरफुद्दीन अंसारी राज कुमार मिर्धा आदि उपस्थित रहे।

# रामनवमी पर्व को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन-पुलिस प्रशासन रात भर दिखी सक्रिय

### रामनवमी पर्व के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक लगातार स्वयं कर रहे थे मॉनिटरिंग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह जिले में रामनवमी पर्व सकुशल संपन्न हुआ। सभी के सहयोग व बेहतर समन्वय से जिले भर में धूम धाम से रामनवमी पर्व मनाया गया। वहीं जुलूस को लेकर मूलभूत सुविधाएं जैसे पीने के पानी की सुविधा, बैरिकेटिंग, दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति, एंबुलेंस की उपलब्धता समेत अन्य सारी व्यवस्थाएं जिला प्रशासन द्वारा सुनिश्चित कराई गई थी, जिला प्रशासन/पुलिस प्रशासन की टीम लगातार सक्रिय दिखें। शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने को लेकर जिला प्रशासन ने सभी शांति समितियों का आभार व्यक्त किया।

रामनवमी पर्व को सफलतापूर्वक संचालित करने के उद्देश्य से उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने हर रूट का निरीक्षण कर सारी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक स्वयं सारी व्यवस्थाओं को मॉनिटरिंग कर रहे थे, ताकि सुरक्षित माहौल में रामनवमी पर्व को संपन्न कराया जा सकें। इसके अलावा उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने रामनवमी पर्व को लेकर शुभकामनाएं दी और शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व संपन्न कराने की अपील की। इस दौरान उपायुक्त महोदय, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, आईएएस प्रशिक्षु, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गिरिडीह, प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के चुपुवाडीह में सड़क हादसे में एक युवती की मौत हो गई।वही एक युवक गंभीर रूप से घायल है। घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। वहीं मृतक के शव को भी पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल में रखा गया है।बताया गया कि देवघर से दोस्त का जन्मदिन मनाने के लिए ये दोनों मोटरसाईकिल से गिरिडीह के हुट्टी बाजार आ रहें थे , दोनों देवघर के रहने वाले हैं। युवक की पहचान युवराज सिंह और युवती की पहचान तृप्ति भाग्य के रूप में हुई है।

घटना गुरुवार की है बताया जाता है कि बेंगाबाद मधुपुर मुख्य मार्ग स्थित मुंडहरी के समीप अज्ञात बोलेरो की चपेट में आने से स्कूटी में बैठे युवक युवती को जोरदार टक्कर मारा जिससे युवतीको की मौत घटनास्थल पर ही हो गई जबकि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया ग्रामीणों की सहयोग से बेंगाबाद पुलिस को जानकारी दी गई हालांकि इस मौके पर स्थानीय मुखिया शमीम ने एंबुलेंस मंगा कर दोनों जख्मी युवक युवती को सदर अस्पताल गिरिडीह भेजा जहां डॉक्टरों ने युवती को मृत्यु घोषित कर दी। वहीं युवक की स्थिति गंभीर होने के कारण उसे सदर अस्पताल से रेफर कर दिया गया है इधर इस मामले में बेंगाबाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्परीक्षण के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

मृतक के परिजनों ने गिरिडीह नगर थाना को आवेदन देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा है कि मौके से फरार बोलेरो का पता लगाया जा रहा है आवेदन प्राप्त के साथ ही विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## मॉडर्न इंग्लिश अकैडमी स्कूल में कक्षा 7 के विद्यार्थियों को दी गई विदाई




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** न्यू इस्लामपुर के मॉडर्न इंग्लिश अकैडमी स्कूल में कक्षा 7 के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। इसके साथ साथ बच्चों को सम्मानित भी किया गया। जूनियर विद्यार्थियों ने रंगा रंग कार्यक्रम के साथ अपने सीनियर विद्यार्थियों को विदा किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में स्कूल के निदेशक मो. हसनैन अखूतर ने बच्चों की विभिन्न विषयों पर बच्चों की रहनुमाई की। कार्यक्रम में स्कूल विद्यालय समिति के सदस्य अब्दुल जब्बार, अली हसन, प्राचार्य मो. निशात अख्तर, शिक्षक वसीम बारी, मो. ज़ीशान अखूतर समेत सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

## चोपन स्वास्थ्य इकाई व केंद्रीय चिकित्सालय के बीच टेली कंसलटेशन हेल्थ कैंप का आयोजन

प्रभात मंत्र सवांददाता

**हाजीपुर :** दूरदराज के क्षेत्रों में कार्यरत रेलकर्मियों एवं उनके आश्रितों को सुविधाजनक और सुलभ तरीके से उच्च गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से एक अभिनव पहल के तहत् आज दिनांक 18.04.2024 को चोपन स्वास्थ्य इकाई और केंद्रीय सुपर स्पेषियलिटी अस्पताल, पूर्व मध्य रेल, पटना के बीच विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य देखभाल से जुड़े विषयों पर आधारित टेली कंसलटेषन हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया । मुख्यालय हाजीपुर में विडियो कांफ्रेंसिंग द्वारा इसका उद्घाटन पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री तरूण प्रकाष द्वारा किया गया । हेल्थ कैंप में केंद्रीय सुपर स्पेषियलिटी अस्पताल, पटना के विशेषज्ञ चिकित्कों द्वारा चोपन स्वास्थ्य इकाई में भर्ती मरीजों को टेली कंसलटेषन के माध्यम से चिकित्सा सलाह और मार्गदर्शन प्रदान किया गया । आज के इस शिविर में चिकित्सकों द्वारा कुल 73 मरीजों की जांच की गई। जिनमें से स्त्रीरोग से जुड़े 17 मामले तथा 12 मरीज पेडियाट्रिक ग्रुप के थे । इसके अलावा उच्च रक्तचाप के कुल 20 और मधुमेह के 15 मरीज उपस्थित हुए। स्वास्थ्य षिविर के आयोजन में पूर्व मध्य रेल के प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेषक एवं केंद्रीय चिकित्सालय, पटना के चिकित्सा



निदेशक की महत्वपूर्ण भूमिका रही । इसी क्रम में रेलकर्मी एवं उनके आश्रितों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराते हुए पटना स्थित केंद्रीय सुपर स्पेषियलिटी अस्पताल में पेसमेकर की सुविधा प्रारंभ हो गयी है । अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा दिनांक 16.04.2024 को सेवानिवृत्त रेलकर्मी श्री राम सागर शर्मा के स्वास्थ्य मूल्यांकन के बाद सफलतापूर्वक पेसमेकर लगाया गया ।

## चुनाव का पर्व देश का गर्व, जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बज्रगृह-सह-डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बाजार समिति स्थित चिन्हित बज्रगृह-सह-डिस्पैच सेंटर में चल रही तैयारी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्रमवार डिस्पैच सेंटर के लिए विधानसभा वार तैयार नक्शे में बने ले-आउट के माध्यम से जानकारी प्राप्त की। जिसमें वाहनों की पार्किंग/सामग्री/ईवीएम एकत्र करने वाले दर्शाये गए स्थानों के संबंध में भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता से जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वहां बूथवार मार्किंग, रौशनी, सीसीटीवी, सुरक्षा व्यवस्था, सिंगल एक्सेस पॉइंट, सिटिंग अरेंजमेंट, डबल लॉक सिस्टम, साफ-सफाई, अग्नि सुरक्षा, सी एवं डी कैटेगरी सुरक्षित बज्र गृह समेत अन्य विभिन्न बिंदुओं का जायजा लेते हुए संबंधित कोषांग के पदाधिकारियों से चर्चा की। उपायुक्त ने डिस्पैच सेंटर में आवश्यक सभी व्यवस्थाओं के अलावा साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय के अलावा मूलभूत सुविधाएं, बिजली की निरंतर उपलब्धता व मतदान से जुड़े कर्मियों की सुविधा को लेकर किए जाने वाले संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में सुरक्षा व्यवस्था के अलावा बज्रगृह-सह-डिस्पैच सेंटर में पर्याप्त संख्या में अग्निशमक यंत्र व अग्निशमन के लिए अन्य उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। इसके अलावे आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर डिस्पैच सेंटर में प्रतिनियुक्त अधिकारी, मतदान कर्मी की सुविधा को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया। साथ ही बाजार समिति परिसर में खड़े सभी वाहनों को बज्रगृह-सह-डिस्पैच सेंटर के आस पास से अन्य स्थानों पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए।

## एलएनटी स्टोर में लगी भीषण आग लाखों की संपत्ति जल कर राख



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के पंडुकी में स्थित एल एनटी स्टोर में लगी भीषण आग लाखों की संपत्ति जलकर हुए खाक। फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां आग बुझाने में हुई सफल। घटना के संबंध में कंपनी के पदाधिकारी बताया कि बाहर से चिंगारी कैंपस के अंदर आई वह पहले से झाड़ियों में आग लगी हुई थी और इस चिंगारी की वजह से कैंपस में भी आग लग गई। कुछ प्लास्टिक एवं लकड़ी की सामग्री रखी हुई थी जो देखते ही देखते तेज हवा के कारण आग ने भीषण रूप धारण कर लिया। हालांकि समय पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और तीन वाहनों की मदद से आग पर काबू पाने में सफलता मिली।

## ससुराल से प्रताड़ित व तंग आ कर महिला ने जहर खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** जिला अंतर्गत गांडेय के झरकट्टा निवासी चिंता देवी ने ससुराल की परेशानी व ट्रोचर की वजह से जहर खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। गुरुवार को इसकी इलाज सदर अस्पताल गिरिडीह में चल रहा है। बताया गया कि समय रहते गांव वाले इसे सदर अस्पताल लाए नहीं तो वह मर सकती थी उसके बेहतर इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। बताया गया कि चिन्ता देवी के पति गणेश प्रसाद गोस्वामी हजारीबाग में गाड़ी चलाते हैं और यह घर में सुसराल वालो के साथ रहती है। आरोप है कि इसके ससुर सुरेंद्र गोस्वामी, भैसूर गोविंद गोस्वामी, पवन गोस्वामी उसकी पत्नी पूनम देवी आदि लोग इसके साथ हमेशा मारपीट करते है और बहुत तंग व परेशान करते रहता है। बताया गया कि बुधवार को भी इसके साथ मारपीट किया गया और इसे घर जबरन निकाल दिया गया।

## गरीब मजदूरों की झोपड़ी में असामाजिक तत्वों ने लगाई आग

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के भूलन बरारी नया धौड़ा में मंगलवार कि रात को असामाजिक तत्वों द्वारा दिनेश ठाकुर और जितेंद्र ठाकुर नामक दिहाड़ी गरीब मजदूरों की झोपड़ी नुमा आवास में आग लगा दिया जिससे ठाकुर दंपति बाल बाल बचे।पीड़ितों ने घटना कि लिखित शिकायत बुधवार को जोड़ापोखर पुलिस से कि है। पीड़ित परिवार अगलगी कि घटना से अभी उबर भी नहीं पाए थे कि गुरुवार कि अहले सुबह में मुहल्ला के ही रामाश्रय ठाकुर नामक व्यक्ति के भी आवास में असामाजिक तत्वों द्वारा दुबारा आग लगाने कि घटना को अंजाम दिया गया है। असामाजिक तत्वों कि हरकत से क्षेत्र के लोगों में रोष व्याप्त है तथा जानमाल कि सुरक्षा को लेकर सशंकित है। बताते हैं कि नया धौड़ा में अधिकतर गरीब तबके के लोग रहते हैं। यहां अधिकांश घर खपड़ैल के है। बीते मंगलवार कि रात को मुहल्ले के दिनेश ठाकुर एवं जितेंद्र ठाकुर जब स्वजन के साथ सो रहे थे तभी असामाजिक तत्वों ने उसके आवासों में आग लगा दिया और दरवाजा खटखटा कर फरार हो गए। घर के लोगों ने घरों में आग लगा देख आनन फानन में घर से निकलकर जान बचाइ। अगलगी कि घटना देख लोगों में अफरातफरी मच गई। लोगों द्वारा शोर मचाने पर स्थानीय लोगों ने मशक्कत कर पानी से आग को बुझाया। मामले को लेकर पीड़ित रामाश्रय ने भी जोड़ापोखर पुलिस से लिखित शिकायत किया है। अगलगी कि घटना से मुहल्लेवासी दहशत में है।

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, हजारीबाग**
**नया समाहरणालय भवन, Ground Floor (B-002), हजारीबाग - 825301**
**Email Id - ssa_hazaribagh@rediffmail.com**

मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में 25 प्रतिशत सीट पर नामांकन हेतु आवश्यक सूचना

निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, झारखण्ड, रांची के पत्रांक–1551 दिनांक–23.11.2023 एवं राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, रांची के पत्रांक–4827 दिनांक– 22.12.2023 एवं पत्रांक–4836 दिनांक–22.12.2023 के द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)C के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2024–25 में प्रवेश कक्षा के 25 प्रतिशत सीट पर होने वाले नामांकन को ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से कराने के निमित पोर्टल तैयार किया गया है, जिसका Web Address - **rtehazaribag.in** है।

शैक्षणिक सत्र 2024–25 में 25 प्रतिशत सीट पर होने वाले ऑनलाईन नामांकन के लिए पूर्व में आवेदन आमंत्रित किया गया था, परन्तु 223 सीट के विरूद्ध अभिभावकों द्वारा समर्पित 348 आवेदनों की स्क्रूटनी के उपरांत मात्र 91 आवेदन सही पाया गया (सही पाये गये आवेदनों की सूची कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित)।

उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में शेष स्वीकृत सीट के विरूद्ध अभिभावकों से आवेदन आमंत्रित करने के निमित दिनांक–17.04.2024 से 26.04.2024 तक तिथि निर्धारित की जाती है। आवेदन सिर्फ ऑनलाईन माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा। विद्यालयवार शेष स्वीकृत सीट की विवरणी कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित है।

संबंधित सभी अभिभावकों से अनुरोध है कि अपने बच्चों के नामांकन के लिए निर्धारित अवधि में ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करना सुनिश्चित करेंगे।

**PR 323891 School Education and Literacy(24-25).D**

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
समग्र शिक्षा अभियान, हजारीबाग

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
समग्र शिक्षा अभियान, हजारीबाग

**झारखण्ड अग्निशमन सेवा**

अपार्टमेन्ट निर्माता/क्रेता कृपया ध्यान दें।

क्या आपके भवन में :–
- भागने के लिए सुरक्षित वैकल्पिक सीढ़ियों की व्यवस्था है ?
- आपातकालीन सूचना देने वाले यंत्र लगे हैं ?
- अग्निशमन हेतु होजरील एवं हाइड्रैण्ट लगे हुए हैं ?
- यदि लगे हुए हैं तो क्या ये कार्य के लायक हैं ?
- स्टेयरकेश लॉबी में फायर चेक डोर है ?
- सुरक्षित रिफ्यूज एरिया है ?
- आपके भवन तक अग्निशामक गाड़ियों के पहुँचने का रास्ता है ?
- अग्निशमन हेतु पर्याप्त जल भंडारण एवं पंपिग की व्यवस्था है ?
- वैकल्पिक पावर की व्यवस्था है ?
- फायर सर्विस इनलेट है ?
- बेसमेंट में स्वचालित स्प्रिंकलर सिस्टम लगे हैं ?
- भवन में तड़ित चालक लगे हैं ?
- क्या आपके भवन के सामने अग्निशमन/रेस्क्यू वाहनों को खड़ी करने के लिए **12** मीटर चौड़ी, ठोस एवं खुली समतल जगह उपलब्ध है ?

यदि नहीं, तो आप खतरे में हैं।
अग्नि सुरक्षा अपनायें, खतरों से बचें।

महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा,
गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा,
झारखण्ड, रॉंची

**PR 323844 Jharkhand Fire Service(24-25).D**

# रामनवमी शोभायात्रा के दौरान पिकअप वैन से हादसा, दो की मौत, दर्जनों घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में बुधवार को रामनवमी शोभायात्रा के दौरान पिकअप वैन से हादसा होने से सेन्हा थाना क्षेत्र के रियाडा एकागुडी निवासी नंदकिशोर साहु की पुत्री सोनी रानी कुमारी 22 वर्ष और बक्सीडीपा निवासी बंजरग साहु 38 वर्ष की मौत हो गई। दोनों शव को वुधवार की रात दंडाधिकारी की उपस्थिति में लोहरदगा सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया गया। मिली जानकारी के अनुसार इस दुर्घटना में शहर के बीआईडी बक्सीडीपा रियाडा कृषि बाजार के समीप रहने वाले लोग शामिल है जिसमें एक पांच साल बच्ची, विनय कुमार, संदीप मिश्रा, कमलेश्वर साहु, सिकन्दर साहु, प्रकाश साहु, आर्यन कुमार, शिवशंकर, अमित कुमार साहु, जितेंद्र साहु, रंजित साहु, अजय साहू, उज्वल शर्मा, रोहन साहु,



शिवशंकर, अखिलेश, प्रियांशु, संतोष कुमार सहित पांच लोगों को रिम्स रांची रेफर किया गया है। इस दुर्घटना के बाद शहर से ग्रामीण क्षेत्रों तक अफरा तफरी का माहौल बन गया लोग अपने लोगो की तलाश करनी जुट गए। जिसके बाद सभी घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां जिला प्रशासन की निगरानी में सभी घायलों का इलाज चल रहा है। वही अत्यधिक घायलों के बुधवार शाम को ही प्रशासन की मदद से रिम्स भेज दिया गया। वही गुरुवार लोहरदगा चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के द्वारा रामनवमी शोभायात्रा मे हुई दुर्घटना को देखते हुए अपनी संवेदना प्रकट करते हुए गुरुवार को दोपहर दो बजे तक सभी सनातनी प्रतिष्ठानो को स्वतःबन्द रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया तथा जिले भर के सामाजिक कार्यकर्ता अस्पताल पहुंचे तथा घायलों का हाल चाल जाना तथा हर संभव मदद करने की बात कही गई। वही इस घटना के बाद बुधवार को चिकित्सा सहायता हेतु पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमा, जिला उपायुक्त डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण, डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, वर्तमान सांसद सुदर्शन भगत, विधायक सह मंत्री रामेश्वर उरांव, 2024 भाजपा लोक सभा प्रत्याशी समीर उरांव, पूर्व विधायक तथा वर्तमान कॉन्ग्रेस लोक सभा प्रत्याशी सुखदेव भगत के साथ अन्य लोग मौजूद रहे।

## सोनी रानी कुमारी के आकास्मिक निधन से पूरा स्कूल परिवार ने किया शोक प्रकट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रामनवमी के शोभायात्रा में घटी दुर्घटना की चपेट में आई राजकीय कृत चुन्नीलाल उच्च विद्यालय +2 की छात्रा सोनी रानी कुमारी पिता नंद किशोर साहू का आकस्मिक निधन हो गया। उसके निधन से पूरा स्कूल परिवार शोकाकुल है,स्कूल परिवार के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उनके घर पहुंच कर उनके परिवार वालों को हिम्मत दिऐ, और चुन्नीलाल स्कूल परिसर पर एक शोक सभा आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया गया और सभी शिक्षक शिक्षकाएं,छात्र-छात्राएं एंव मुहल्ला वासियों ने दो मिनट मौन रख कर उनके आत्मा के शान्ति हेतु प्रार्थना किये। उसके उपरांत एक दिन के लिए स्कूल अवकाश कर दिया गया, स्कूल प्रांध्यापक मुकेश कुमार ने कहा कि सोनी कुमारी बहुत मृदुभाषी एवं बहुत ही सुशील छात्रा थी उनके निधन से सभी लोग काफी दुखी है आज इस शोकसभा में प्राध्यापक मुकेश कुमार, दीपक सर्राफ, शशांक वर्मन, संजय सर्राफ, लक्ष्मी नारायण तिवारी, रितु लकड़ा, अंजना रानी मिंज, बिंदी बृजबाला सांगा, मनी बाला, निशा नीलम कुजूर, सरिता कुमारी, श्री जन्मजय यादव, सूरज कुमार साहू, दीपक तिग्गा, शिवम मिश्रा, शंकर देवगम, अंजलि सर्राफ, अतुल कुमार के अलावा छात्र-छात्राएं अदि उपस्थित थे।

## घटना काफी दुखद,शोकित परिवार के साथ हूं, घायलों का हो रहा समुचित इलाज : डॉ. रामेश्वर उरांव



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को लोहरदगा जिले में रामनवमी शोभा यात्रा के दौरान डीजे वाहन हादसे में दो लोगों की मृत्यु हो गई थी एवं एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए थे जिसकी सूचना पाकर विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव सदर अस्पताल पहुंच घायलों से मिले और उनका कुशलक्षेम जाना। इस मौके पर मंत्री ने कहा की यह घटना काफी दुखद एवं पीड़ादायक है,इस संकट की घड़ी में दुखित परिवार के साथ हूं एवं जल्द ही मृतक के आश्रितों को उचित मुआवजा उपलब्ध कराया जाएगा। ईश्वर दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान दे, घायलों के जल्द स्वास्थ लाभ की कामना करता हूं। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, विशाल डुंगडुंग, असलम अंसारी, गुड्डू अग्रवाल, राजकुमार डे आदि उपस्थित थे।

## मतदाताओं में जागरूकता लाने के प्रति जिला प्रशासन एवम् हॉकी सिमडेगा करेगी कार्यक्रम आयोजित

**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मतदान के प्रति मतदाताओं में जागरूकता लाने के लिए जिला प्रशासन सिमडेगा स्वीप कोषांग एवम हॉकी सिमडेगा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम 20/04/2024 - प्रातः 07.00बजे से होगा। पिछले लोकसभा और विधान सभा चुनाव में सिमडेगा जिला के अन्तर्गत सबसे कम प्रतिशत 40त्न से भी मतदान होने वाले कोलेबिरा विधान सभा के जलडेगा प्रखंड के सुदूरवर्ती मतदान केंद्र संख्या 86 बरकीटांगर के घर घर घूमकर हॉकी खिलाड़ियों द्वारा सभी मतदाताओं से मिलकर वोट की महत्व को बतलाना और मतदान के लिए जागरूक करना। 23/04/2024 प्रातः - 07.00 बजे से मतदाता जागरूकता सीनियर कुरडेग प्रखंड स्तरीय महिला और पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2024 स्थान कुरडेग प्रखंड के खालीजोर खेल मैदान में एवम खालीजोर बाजार में मतदाता जकरुकता रैली 26/04/2024= प्रातः 07.00 बजे से होगा। मतदाता जागरूकता सीनियर कोलेबिरा प्रखंड स्तरीय महिला और पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2024 स्थान = कोलेबिरा प्रखंड के लचड़गढ़ खेल मैदान में।

## सांसद सुदर्शन भगत ने अस्पतालों में भर्ती मरीजों का लिया हाल-चाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रामनवमी के जुलूस के दौरान डीजे गाड़ी के अचानक से अनियंत्रित हो जाने से हुई बड़े हादसे में दो लोगों की मौत पर भारतीय जनता पार्टी जिला लोहरदगा संगठन के द्वारा गहरा शोक प्रकट किया गया। घटना होने के तत्पश्चात के भाजपा के जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी अस्पतालों में केंद्रीय महावीर मंडल के साथ मदद की। लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत रात में ही लोहरदगा के अस्पतालों में भर्ती मरीजों का हालात से रूबरू हुए ।वहीं लोहरदगा का लोकसभा प्रत्याशी समीर उरांव रिम्स रांची गए। इस दुःख के घड़ी में भाजपा परिवार मृतकों की पूण्य आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना व शोक की। साथ ही दुर्घटना के शिकार हुए परिवारों के साथ भाजपा परिवार है। शोक संवेदना लोहरदगा लोकसभा सांसद श्री सुदर्शन भगत, राज्सभा सांसद व भाजपा लोकसभा प्रत्याशी समीर उराँव, जिला अध्यक्ष मनीर उराँव, पूर्व विधानपरिषद सदस्य प्रवीण सिंह, पूर्व विधायक रमेश उराँव, सधनु भगत, जिला प्रभारी सुनीता सिंह, ओम प्रकाश सिंह, श्री चंद प्रजापति, ब्रज बिहारी प्रसाद, मदनमोहन पाठक, चन्द्रशेखर प्रसाद, बिंदेश्वर उराँव, बजरंग उराँव, राकेश प्रसाद, राजकिशोर महतो, राजमोहन राम, परमेश्वर साहू, विनोद राय, नवीन कुमार टींकू, नीरज कुमार नलिन, सामेला भगत, सूरजमोहन साहू, हर्षनाथ महतो, बालकृष्णा सिंह, राजकुमार वर्मा, जगनंदन पौराणिक, उमेश कास्यकार, त्रिवेणी दास, रामोतार वर्मन, ओम गुप्ता, अजातशत्रु, अशोक चंद्र घोष, छेदी राम, अनिल उरांव, मीना बाखला, अजय पंकज विमलकांत सिंह, भारती सिन्हा, सरोज प्रजापति, विश्वजीत शाहदेव, पशुपति नाथ पारस, मनिष शिखर, कलावती देवी, सजल कुमार, विश्वजीत शाहदेव, जितेंद्र महतो, बाल्मीकि कुमार, अमित लोहरा, राज किशोर साहू, धनंजय तिवारी, अविनाश शाहदेव, कैलाश साहू, विवेक सोनी, सूरज दसोंधी, भरत किसान, लखन उरांव, सुदामा प्रसाद, राजेश महतो, अमरेश भारती, नवीन कुमार साहू, संजय चौधरी, जितेंद्र महतो, सूरज साहू, बृजनंदन गोप, मंगल गोप, सहिंत अन्य ने की।

# जलडेगा के अलग-अलग इलाकों से निकला रामनवमी का भव्य जुलूस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जलडेगा प्रखंड के विभिन्न इलाकों में श्री राम नवमी का पर्व धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।श्री राम नवमी पर्व के मौके पर श्रद्धालुओं ने बुधवार सुबह स्नान आदि कर अपने घरों में प्रभु श्री राम का पुजन कर महावीरी झंडा लहराया तथा जलडेगा,ओडगा एवं महावीर चौक कोनमेरला में महावीरी जूलूश निकाला गया।जिसमें काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया। जलडेगा में विभिन्न गांवों से आए महावीरी झंडा का मिलान दुर्गा मंदिर परिसर में किया गया तथा पंडित अरूण मिश्रा के अगुवाई में महावीरी झंडा का पुजा अर्चना किया किया गया। इसके बाद लोगों द्वारा एक से बढ़कर एक खेल तमाशे का आयोजन किया गया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लोगों को समिति



द्वारा पुरस्कृत किया गया। ओडगा में भी धुमधाम के साथ श्री राम नवमी जुलूस निकाला गया।रामनवमी जुलूस ओडगा कुमहारटोली बड़ा महादेव मंदिर से जुलूस निकाला गया, जो विभिन्न रास्तों से होते हुए ओडगा बिरसा चौक तक पहुंचा, सामुहिक पुजा अर्चना उपरान्त खेल तमाशे का आयोजन किया गया। श्री राम नवमी जुलूस में ओडगा, सारूबहार, जोनोदा, ढेलसेरा, डुमरमुंडा आदि गांवों के लोगों ने भाग लिया। महावीर चौक कोनमेरला में भी श्री राम नवमी जुलूस निकाला गया तथा शिव बंजरंगबली मंदिर प्रांगण में विभिन्न करतबों का आयोजन किया गया। श्री राम नवमी जुलूस के दौरान सुरक्षा की दृष्टिकोण से प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस के जवान मौजूद थे।

## लोकसभा चुनाव में पीड़ित जमा करता परिवार के उम्मीदवार होंगे पवन तिग्गा



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को जिला कार्यालय लोहरदगा में बैठक किया गया बैठक का अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्री मुकेश कुमार सिंह ने किया। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि लोहरदगा लोकसभा में ठगी पीड़ित जमा करता परिवार के बैनर तले उम्मीदवार दिया जाए। अध्यक्ष ने कहा कि लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में वोट बैंक की संख्या लगभग 14 लाख 27,000 के आसपास है और जिसमें ठगी पीड़ित जमा करता परिवार लगभग 5 लाख लोगों से ठगी किया गया है। इस तरह से हमारे संख्या लोहरदगा लोकसभा को जीतने के लिए एक अच्छा रोड मैप है। बैठक में काफी विचार विमर्श के उपरांत पांचो विधानसभा क्षेत्र के ठगी पीड़ित जमा करता अभिकर्ता कमेटी से समर्थन के उपरांत प्रत्याशी का चयन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से लोकसभा उम्मीदवार के लिए श्री पवन तिग्गा को चयन किया गया। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से सुकरु उरांव, शशि नंदन भगत, विशाल कुजूर, श्याम देव उरांव, विश्वजीत उरांव,समीना खातून, गीता उरांव, शामिल देवी, गोकुल उरांव, बजरंग साहू, शराफत अंसारी, चुन्नू उरांव, लेन्दा उरांव, ताजमहल खातून, समीना खातून, मुनिता उरांव, किरण कुमारी, रंजन नगेसिया, विश्वनाथ नगरिया, हीरामणि उरांव, मंजू उरांव, हीरू उरांव, अमृता कुमारी, मुनेश्वर उरांव, सुखदेव उरांव, रविंद्र उरांव, अमृता, तसव्वर अंसारी, परदेसिया उरांव, जॉर्ज मनी लकड़ा आदि शामिल है।

## श्रम अधीक्षक ने बूथ का निरीक्षण कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मतदाता केंद्रों में मतदाताओं और मतदानकर्मियों के लिये आवश्यक विधि व्यवस्था का जांच किया गया। आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान केंद्रों में मतदाताओं तथा मतदान कर्मियों के लिये मतदान केंद्रों में विधि व्यवस्था का जांच श्रम अधीक्षक द्वारा प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत बूथ संख्या 21 राजकीय प्राथमिक विद्यालय बाजार डाँड़ू का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान मतदान केंद्र में बिजली, पानी, रैम्प, शौचालय अन्य चिंजो का निरीक्षण किया गया। वही श्रम अधीक्षक दीप्ति लौरी तिर्की द्वारा मौके पर मौजूद बीएलओ यशोदा कुमारी को निर्देश देते हुए चुनाव से पूर्व सभी चिंजो को दुरुस्त कराने का निर्देश दिया गया। मौके पर श्रम अधीक्षक दीप्ति लौरी तिर्की, ए एस आई अलबीना लकड़ा, बीएलओ यशोदा कुमारी मौजूद थे।

## दो मिनट का मौन रख शोक संवेदना व्यक्त कर मेला और अस्त्र शास्त्र प्रतियोगिता को किया स्थगित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड स्थित बुनियादी विद्यालय मैदान में रामनवमी मेला स्थल पर केन्द्रीय रामनवमी पूजा समिती द्वारा केन्द्रीय रामनवमी पूजा समिती के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार महतो की अगुवाई में बैठक आयोजित कर सभी ने निर्णय लिया की नवमी के दिन लोहरदगा के अपर बाजार में शोभा यात्रा दौरान डीजे लदा गाड़ी द्वारा दुर्घटना होने से जुलूस शामिल दो राम भक्त की मौत हो गया। तथा दर्जनों लोग घायल हो गये हैं। वही दो राम भक्तों की मौत पर केन्द्रीय राम नवमी पूजा समिती सेन्हा द्वारा दो मिनट का मौन रख कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दिया गया। और घायलों का जल्द स्वस्थ्य होने के लिये भगवान से प्रार्थना किया गया। नवमी को लोहारदगा में आकस्मिक दुर्घटना होने के कारण दशमी को सेन्हा में लगने वाला मेला सह अस्त्र शास्त्र चालन आयोजित प्रतियोगिता को ध्वनि यंत्र के माध्यम से घूम घूम कर स्थगित करने का सभी रामभक्तो को सूचना दिया गया। शोक संवेदना व्यक्त करने वाले में केन्द्रीय राम नवमी पूजा के अध्यक्ष जितेंद्र महतो, विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत साहू, सूखैर भगत, जय प्रकाश साहू, केदार नाथ साहु, जोधनरायण साहू, विनोद साहू, रामलगन महतो, दशरथ साहू, विजय सोनी, प्रकाश महतो, अजय महतो, अजय सोनी, अजय साहू सहित अन्य रामभक्त उपस्थित थे।

## दुर्घटना में दो लोगों की मौत पर राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा ने किया शोक प्रकट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति लोहरदगा के द्वारा कल दिनांक 17/4/2024 को रामनवमी यात्रा मे दुःखद घटना से समाज आज दिनांक 18/4/2024 दिन गुरुवार को राम नवमी जुलूस के दौरान हुई दुर्घटना के कारण जिला समिति लोहरदगा शोकाकुल है। इस तरह का घटना सारे समाज के लिए पीड़ा दायक है। आज साप्ताहिक सभा मे शोक संतप्त परिवार की शन्ति के लिए एवं दुर्घटना में घायल ब्यक्तियो को जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना किया गया। एवं दो मिनट का मौन धारण रखकर दुःखी परिवार के लोगो को इस दुःख की घड़ी मे माँ सरना चाला एवं धर्मेश से दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करे। सभा की समाप्ति शोक सभा के उपरान्त की गई। दुःख व्यक्त करने वालों मे समिति के जलेश्वर उरांव, सोमे उरांव, बिरसा उरांव, फूलदेव भगत, आकाश भगत, सोमदेव उरांव, सुधीर उरांव, सुधु भगत, सुकेश्वर उरांव, पंकज उरांव, मंगलदेव उरांव, फुल्केश्वर उरांव, अमरनाथ भगत, नूतन कच्छप, बसंती उरांव, राजमुनी उरांव, नीलम उरांव, जानकी उरांव, बिसनी उरांव, बिदामनी उरांव इत्यादि शामिल हैं।

# श्री रामचंद्र जी के पद चिन्हों पर चलकर ही सनातन की रक्षा की जा सकती है : मनोहर मोदी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चाँपी द्वारा भगवान श्री रामचंद्र जी का पूजन, झांकी,लाठी और तलवार का प्रदर्शन भैया बहनों द्वारा किया गया। भैया बहन में सनातन संस्कृति एवम भगवान श्री रामचंद्र जी का आस्था व्यापक रूप में है। भगवान श्री रामचंद्र जी के साथ भक्त श्री हनुमान जी की भक्ति का पूरे संसार में कृतिमान स्थापित है। श्री रामचंद्र जी और श्री हनुमान जी के पद चिन्हों पर चलकर ही सनातन की रक्षा की जा सकती है । श्री रामचंद्र जी ने जीवन सरलता पूर्वक जिया , समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपने धर्म संस्कृति में जोड़ते हुए समाज की रक्षा की,कुशल नेतृत्व क्षमता से भगवान श्री रामचंद्र जी अपने राज्य काल में जनता के बीच मिशाल पेश किया, एक कुशल नेतृत्व के साथ-साथ कुशल पुत्र, कुशल भाई और कुशल राजा का कर्तव्य को निभाते हुए समस्त



चराचर जगत में सनातन को विशेष प्रेरणा देने का कार्य भगवान श्री रामचंद्र जी के जीवन में देखने को मिलता है। प्रधानाचार्य मनोहर मोदी कम शब्दों में भगवान श्री राम चन्द्र जी के चरित्र चित्रण करते हुए समाज के सामने अपने बातों को रखते हुए कहा की अब वह दिन आ गया है,कि प्रत्येक समाज को अपने संस्कृति के प्रति लगाव रखते हुए,उनकी बताए गए मार्गो पर चलने की आवश्यकता है । तभी हमारा सनातन विश्व में प्रसिद्ध होगा । भगवान रामचंद्र जी का अयोध्या में भव्य मंदिर हम सबों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है,आज हम गर्व से कहते हैं की ऐसे भारत का नेतृत्व कर्ता होना चाहिए,जो हमारी संस्कृति को बचाने के लिए सनातन की रक्षा के लिए विशेष पहल करने वाला हो। इसलिए मतदान जरूर करें,परंतु भारत की संस्कृति और धर्म की रक्षा करने वाले को चुनकर भारत की लोकतंत्र में स्थापित करने की जरूरत है। जनता के पास वह ताकत है कि भारत की संस्कृति और धर्म की रक्षा करने वाले और भारतीय संस्कृति को जीवंत रखने वाले व्यक्ति को चुनकर भारत का बागडोर सौंप सकता है। तभी हमारा भारत विश्व गुरु बन पाएगा, इस तरह की प्रेरणादायक बातें, मतदाता जागरूकता अभियान के तहत प्रधानाचार्य मनोहर मोदी ने लोकतंत्र के पर्व में पहले मतदान फिर जलपान का आग्रह किया। विशेष रूप से रखें सलगी बजरंगबली मंदिर के समीप सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चाँपी के भैया बहनों के द्वारा प्रदर्शन के समापन में बोलते हुए,उन्होंने कहा कि अपने संस्कृति से ओतप्रोत भैया बहनों को तैयार किया जाता है, इसलिए समस्त लोगों से अपील है कि अधिक से अधिक नामांकन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चाँपी में कराय,ताकि नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा हमारे आचार्यो के द्वारा दिया जा सके और हमारा सरना सनातन की रक्षा करने के लायक भैया बहनों को तैयार कर सकें। इस कार्यक्रम के निमित्त सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चाँपी के प्रतिभागी भैया बहनों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। बड़की चाँपी पंचायत की उप मुखिया हेना तिवारी ने भैया-बहनों को मेडल पहनाकर उनका उत्साह वर्धन किया।

# उपायुक्त ने लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर की प्रेस कॉन्फ्रेंस

### कहा, अधिसूचना जारी, 24 अप्रैल तक भर सकेंगे नामांकन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 को लेकर लोहरदगा में होने वाले निर्वाचन प्रक्रिया की अधिसूचना जारी कर दी गयी। आज इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्णा एवं पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा द्वारा संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। इसके अंतर्गत दिनांक 24 अप्रैल 2024 तक प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी 26 अप्रैल 2024 को की जाएगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 29 अप्रैल 2024 तक होगी। 12-लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में मतदान 13 मई 2024 को होंगे। मतगणना 4 जून 2024 को होगी। लोहरदगा जिला में निर्वाचन संबंधित प्रक्रिया के बेहतर आयोजन के लिए कुल 19 कोषांगों का गठन किया गया है जो क्रियाशील हैं। मतदान के लिए पहला रैंडमाइजेशन दिनांक 15



अप्रैल को किया गया जिसके अनुसार कुल 375 बैलेट यूनिट, 375 कंट्रोल यूनिट और 417 वीवीपैट (रिजर्व सम्मिलित) हैं। कमीशनिंग 1 मई से 10 मई 2024 तक की जाएगी। मतदान को लेकर 30 अप्रैल 2024 से 6 मई 2024 तक बीएलओ द्वारा मतदाता पर्ची का वितरण किया जाएगा। जिन्होंने घर से मतदान के लिए फॉर्म भरा है उनकी होम वोटिंग फर्स्ट राउंड में 2 से 7 मई 2024 तक जाएगी। सेकेंड राउंड की वोटिंग 9 से 10 मई 2024 तक होगी। पोस्टल बैलेट की वोटिंग 7 से 9 मई 2024 तक होगी। उपायुक्त ने बताया कि निर्वाचन के लिए जेनरल ऑब्जर्वर के रूप में केडी कुंजन, (भा0प्र0से0, 2009 बैच), पुलिस ऑब्जर्वर के रूप में मनोज कुमार (भा0पु0से0, 2006 बैच और व्यय प्रेक्षक के रूप में रिजॉय कृष्णन (IDAS, 2012 batch) की प्रतिनियुक्ति की गई है। कुल 68 सेक्टर पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। 5 एफएसटी और एस एसटी दल गठित है और क्रियाशील है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि निर्वाचन के सफल आयोजन हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस बल उपलब्ध है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की मांग की गई है। बेहतर कम्युनिकेशन प्लान बनाया गया है। प्रत्येक बूथ कवर किया गया है। कुछ बूथों में हेलिकॉप्टर से पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। सुदूरवर्तीवर्ती बूथों में भी मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न होगा। आज की प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा,उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, वरीय पदाधिकारी मीडिया कोषांग-सह-जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक समेत अन्य उपस्थित थे।

# मैं खुद को भगवान श्रीकृष्ण की गोपी मानती हूं : हेमा मालिनी



एजेंसी

**नई दिल्ली :** मथुरा से तीसरी बार बीजेपी उम्मीदवार के तौर पर लोकसभा चुनाव लड़ रहीं एक्ट्रेस से राजनेता बनीं हेमा मालिनी ने बुधवार को कहा कि वह खुद को भगवान कृष्ण की गोपी मानती हैं. मथुरा की सांसद ने संवाददाताओं से कहा, मैं न तो नाम के लिए और न ही प्रसिद्धि के लिए राजनीति में शामिल हुई. मैं किसी भौतिक लाभ के लिए राजनीति में नहीं आई। खुद को कृष्ण जीसी की गोपी बताते हुए हेमा मालिनी ने कहा चूंकि भगवान कृष्ण बृजवासियों से प्रेम करते हैं इसलिए उन्हें लगा कि यदि वो उन सभी लोगों की सेवा में काम करेंगी तो वो उनपर भी अपनी कृपा करेंगे. उन्होंने कहा,और मैं बृजवासियों की सेवा कर रही हूं. उन्होंने मथुरा से तीसरी बार बृजवासियों की सेवा करने का मौका देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि बदहाल स्थिति में पड़े ब्रज 84 कोस परिक्रमा का विकास उनकी पहली प्राथमिकता होगी. उन्होंने कहा कि बदहाल स्थिति में पड़े ब्रज 84 कोस परिक्रमा का विकास उनकी पहली प्राथमिकता होगी. मथुरा से दो बार सांसद रही हेमा मालिनी ने कहा,ब्रज 84 कोस परिक्रमा को पर्यटकों के लिए सुखदायक और आकर्षक बनाने का प्रयास किया जाएगा. चूंकि इसके लिए डीपीआर 11,000 करोड़ रुपये में तैयार की गई है, इसलिए मैं एक आदर्श बुनियादी ढांचे के लिए शेष राशि स्वीकृत करवाऊंगी ताकि यह तीर्थयात्रियों को आवश्यक सुविधाएं प्रदान करें और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए आकर्षक और मंत्रमुग्ध कर दे.टूरिज्म से लोकल्स के लिए रोजगार भी बढ़ेगा.उन्होंने कहा कि उनकी दूसरी प्राथमिकता यमुना नदी की सफाई करना होगा. हेमा मालिनी ने दावा किया कि नमामि गंगे परियोजना शुरू होने से पहले ही उन्होंने गंगा और यमुना नदियों के प्रदूषण को लेकर संसद में सवाल उठाया था. उन्होंने कहा कि जब से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने नमामि गंगे परियोजना में रुचि ली है, तब से प्रयागराज में गंगा का पानी पारदर्शी और प्रदूषण मुक्त हो गया है. उन्होंने आरोप लगाया कि लेकिन दिल्ली सरकार ने यमुना नदी की प्रदूषण समस्या को हल करने में रुचि नहीं ली और पवित्र नदी मथुरा में प्रदूषित बनी हुई है. मथुरा सांसद के मुताबिक, दिल्ली और हरियाणा में यमुना की सफाई के बिना मथुरा में स्वच्छ यमुना का सपना हकीकत में नहीं बदला जा सकता.

# पवार का गढ़ दांव पर

## सुप्रिया सुले और सुनेत्रा पवार ने नामांकन में किया शक्ति प्रदर्शन





एजेंसी

**मुंबई :** एनडीटीवी चुनावी यात्रा पुणे पहुंची तो हालात काफी बदले नजर आए. पुणे देश का प्रमुख आईटी हब है. महाराष्ट्र का दूसरा सबसे बड़ा शहर है. यहां कई प्रमुख उद्योग भी हैं. महाराष्ट्र के पुणे जिले में चार लोकसभा सीटें आती हैं और इनमें ÷बारामती÷ की सीट सबसे अहम है. जहां ननद सुप्रिया सुले और भाभी सुनेत्रा पवार की टक्कर है. इस टक्कर के लिए सत्तारूढ़ और विपक्षी गठबंधन के तमाम बड़े चेहरे इसी पुणे शहर में पहुंचे हैं, क्योंकि पवार का गढ़ दांव पर लगा है.

### पुणे जिला क्यों अहम?

इस जिले में राज्य में सबसे अधिक 82.8 लाख पंजीकृत मतदाता हैं. वहीं पूरे राज्य में कुल 9.2 करोड़ मतदाता हैं. पुणे जिले में चार लोकसभा सीटें आती हैं. बारामती, पुणे, शिरूर और मावल. बारामती सबसे ज़्यादा चर्चा में है, लेकिन बाक़ी सीटों की लड़ाई भी दिलचस्प है. शिरूर और बारामती लोकसभा सीट पर शरद पवार गुट अजित पवार गुट के खिलाफ है, तो मावल में शिंदे गुट के खिलाफ शिवसेना का ठाकरे गुट खड़ा है. वहीं पुणे लोकसभा सीट पर लड़ाई त्रिकोणीय है. बारामती लोकसभा सीट पर पवार बनाम पवार है. दोनों ने शक्ति प्रदर्शन के साथ पुणे में अपना-अपना नामांकन दाखिल किया. दोनों के गठबंधनों के सभी बड़े चेहरे साथ थे .सुप्रिया सुले बनाम सुनेत्रा पवार की लड़ाई पर तो देश की निगाहें हैं ही, मावल लोकसभा सीट पर संजोग वाघेरे (शिवसेना, ठाकरे गुट) बनाम श्रीरंग बारणे (शिवसेना, शिंदे गुट) ने भी लोकसभा चुनाव को दिलचस्प बना दिया है. शिरूर लोकसभा सीट पर अमोल कोल्हे (राष्ट्रवादी, शरद पवार समूह) बनाम अधा राव पाटिल (राष्ट्रवादी, अजित पवार समूह) का मुकाबला है. पुणे लोकसभा सीट पर लड़ाई त्रिकोणीय है.यहां रवींद्र धांगेकर (कांग्रेस) बनाम मुरलीधर मोहोल (भाजपा) है लेकिन गणित बिगाड़ने के लिए वसंत मोरे (वंचित) भी मैदान में हैं.

### घड़ी वही, समय बदला

बारामती पचास साल से शरद पवार का गढ़ रहा है. यहां से शरद पवार एकतरफ़ा जीत के साथ बेटी सुप्रिया सुले को संसद भेज रहे थे. अब तक उनका प्रचार करने वाले अजित पवार अब अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार को बहन के ख़िलाफ़ खड़ा कर चुके हैं. भाभी-ननद का रिश्ता अब महायुति और महाविकास अघाड़ी का अखाड़ा बन चुका है. नामांकन भरने के बाद सुनेत्रा पवार ने कहा कि घड़ी वही है पर समय बदल गया है. घड़ी को वोट मोदी को ही जाएगा. वहीं अपने दौरे के दौरान एनडीटीवी से एक्सक्लूसिव बात करते हुए सुप्रिया सुले कहती हैं परिवार में सब ठीक है, लड़ाई विचारधारा की है. देवेंद्र फडणवीस ने हाल ही में हर सीट पर लड़ाई मोदी बनाम राहुल गांधी बताई थी. इस पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बालासाहब थोराट कहते हैं कि बारामती सीट पर ताई जीतेगी. यहां मोदी-राहुल की लड़ाई नहीं. सुप्रिया सुले को ही जीत मिलेगी.

# पहले चरण के चारों सीट पर इंडिया गठबंधन की जीत तय : तेजस्वी



एजेंसी

**पटना :** चुनावी सभा में तेजस्वी यादव के सामने चिराग पासवान के परिवार को गाली-गलौज का मामले पर सियासत काफी गरमा गई है। चिराग पासवान ने इसे अत्यंत दुखद बताया था। आज पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हमें इसकी कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने एक वीडियो डाला है। जो जनता के बीच का है। हम अपना भाषण दे रहे थे। अब जनता में कौन क्या बोलता है मंच पर नहीं सुनाई देता।

**हमलोगों को कई लोग ऐसी गालियां देते होंगे :** तेजस्वी यादव ने स्पष्ट कहा कि हम अपना भाषण दे रहे थे। ऐसे में कौन वीडियो बनाया और कौन गालियां दे रहा था? मुझे सुनाई नहीं दिया। लोग तो ऐसे ही बात करते रहते हैं। कोई वीडियो बनाकर डाल दिया। सब लोग ऐसी बात समझते हैं। हमलोगों को कई लोग ऐसी गालियां देते होंगे। इस बात को तूल नहीं दिया जाए।

**चारों सीट पर भारी बहुमत से जीतने जा रहे हैं :** राहुल गांधी की यात्रा पर उन्होंने कहा कि चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए आ रहे हैं। वह पूरे देशभर में चुनावी सभा कर रहे हैं। हमलोगों ने पहले चरण के चारों सीट पर 40 से अधिक चुनावी सभाएं की। हमलोग चारों सीट पर भारी बहुमत से जीतने जा रहे हैं। वहीं तेजस्वी यादव ने अनंतनाग में बिहार के प्रवासी मज़दूर की गोली मारकर हत्या की घटना पर उन्होंने कहा,दुखद घटना है, प्रशासन को देखना है कि ऐसी घटना क्यों हो रही है।

**चिराग बोले- मेरे परिवार को गाली दी गई :** वायरल वीडियो पर चिराग पासवान ने कहा कि उस मंच पर मेरे छोटे भाई तेजस्वी यादव खड़े थे। तेजस्वी से मेरा रिश्ता काफी पुराना है। हम दोनों अलग-अलग राजनीतिक खेमे में हैं लेकिन इस कारण हमलोग एक-दूसरे के परिवार को गाली तो नहीं देंगे न। उस मंच पर तेजस्वी यादव मौजूद थे, उनके सामने जिस तरह मेरे परिवार को गाली दी गई। मेरी मां और मेरी बहन के बारे में टिप्पणी की गई यह काफी दुखद है।

# पूरे देश में एक ही आवाज, फिर एक बार मोदी सरकार : योगी आदित्यनाथ



एजेंसी

**मेरठ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूरे देश में एक ही आवाज है, फिर एक बार मोदी सरकार। अबकी बार 400 पार। उन्होंने कहा कि देश के बारे में वही सोचेगा, जिसकी प्राथमिकता देश होगा। जिन लोगों के लिए परिवार महत्वपूर्ण है, वे लोग इस चुनाव में सपा, बसपा, कांग्रेस की बात कर रहे होंगे। जिनके लिए राष्ट्र प्रथम है, वे भाजपा उम्मीदवार का समर्थन करते हुए मजबूती से काम कर रहे हैं।मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल के समर्थन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गढ़ रोड स्थित सिसौली गांव में जनसभा की। उन्होंने कहा कि जिस वर्ष अरुण गोविल मेरठ से उम्मीदवार बने, उसी वर्ष अयोध्या में 500 वर्ष बाद श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा सपा, बसपा, कांग्रेस के लोग कर पाते क्या ? इसलिए हम आए हैं और अरुण गोविल को लेकर आए हैं।उन्होंने कहा कि 1857 में धन सिंह कोतवाल ने देश की स्वाधीनता के लिए अपनी नौकरी को ठुकरा कर देश के अमर बलिदानियों की श्रेणी में खड़ा होकर देश की स्वतंत्रता का उद्घोष किया था। महापुरुषों का सपना एक ही था, तेरा वैभव अमर रहे मां, हम दिन चार रहे न रहें। वे अपने लिए नहीं जिए थे, उनका जीवन देश के लिए था। देश की स्वतंत्रता और भावी पीढ़ी के लिए था। अमर बलिदानियों के सपने को साकार होते वर्तमान पीढ़ी देख रही है। विकसित भारत, आतंकवाद का समाधान, इन्फ्रास्ट्रक्चर हो। मेरठ से दिल्ली तक एक्सप्रेस-वे, रैपिड रेल, खेल विश्वविद्यालय, एक जिला एक उत्पाद में खेल उत्पाद को ग्लोबल बनाने का कार्य हुआ है। मेरठ में मेट्रो भी दे रहे हैं। ये विकास 2014 से पहले कहां था। भाजपा सरकार में गरीब कल्याणकारी योजनाओं का तो कोई सानी नहीं है।योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 1947 में भारत और पाकिस्तान स्वतंत्र हुए। पाकिस्तान को कम जनसंख्या के मुकाबले क्षेत्रफल ज्यादा मिला। भारत 80 करोड़ लोगों को चार वर्ष से निःशुल्क राशन मिल रहा है और अगले पांच साल तक जारी रहेगा। भारत की जनसंख्या 140 करोड़ है, जिसमें से 80 करोड़ निःशुल्क राशन पा रहे है। पाकिस्तान की आबादी 22 करोड़ है और लोग भूखे मर रहे हैं। भारत का विभाजन करके पाकिस्तान बना। भारत का समृद्ध क्षेत्र और ज्यादा जमीन भी दी गई और वहां लोग भूखे मर रहे हैं। जितनी पाकिस्तान की आबादी नहीं है, उससे ज्यादा लोगों को दस वर्षों में गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया है।

# काला सोना उगलने वाली सीट पर भाजपा-कांग्रेस में मुकाबला

एजेंसी

**चंद्रपुर।** भाजपा कांग्रेस से चंद्रपुर लोकसभा सीट पुनः लेना चाहती है, जो पिछले चुनाव में कांग्रेस ने महाराष्ट्र में जीती थी। पूर्वी महाराष्ट्र का यह क्षेत्र अपनी कोयला खदानों (काला सोना) के लिए तो जाना ही जाता है। भाजपा ने यहां से वरिष्ठ नेता एवं राज्य सरकार में मंत्री सुधीर मुनगंटीवार को प्रत्याशी बनाया है, जबकि कांग्रेस अपने दिवंगत सांसद सुरेश धानोरकर की विधवा प्रतिभा धानोरकर को टिकट दिया है। नागपुर के नजदीक स्थित चंद्रपुर शहर का एक बड़ा हिस्सा कोयले की भूमिगत खदानों के ऊपर बसा है, तो धरातल के ऊपर इसका 45 प्रतिशत भाग वन क्षेत्र से घिरा है। इसी क्षेत्र का हिस्सा ताड़ोबा अंधारी टाइगर रिजर्व में दुनियाभर के लोग बाघ देखने आते हैं। यहां की लकड़ियां भी ऐसी हैं कि देहरादून स्थित वन अनुसंधान संस्थान की सिफारिश पर नई संसद भवन व राममंदिर में उसी का उपयोग किया गया है।

**भाजपा का रहा दबदबा:** रामजन्मभूमि आंदोलन के उभार के बाद 1996 में पहली बार भाजपा के हंसराज अहीर ने यह सीट जीती थी 2004, 2009 और 2014 में भी यहां से जीतते रहे, किंतु 2019 में हार गए। तब कांग्रेस के खाते में आई राज्य की यह एकमात्र सीट थी। मुनगंटीवार 1989 में छात्र राजनीति में रहते हुए मात्र 25 वर्ष की उम्र में यहां से चुनाव लड़ चुके हैं, पर हार गए थे।

**आसान नहीं लड़ाई:** 1995 से लगातार पांच बार विस चुनाव जीतकर जब-जब राज्य में भाजपा सरकार बनी, तब-तब मंत्री बनते रहे हैं। भाजपा ने उन्हें चंद्रपुर सीट वापस पाने की जिम्मेदारी सौंपी है। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री मुनगंटीवार ने इस वर्ष चल रहे छत्रपति शिवाजी महाराज के 350वें राज्याभिषेक वर्ष पर शिवाजी का बाघनख लंदन के संग्रहालय से वापस लाने के साथ-साथ कई और कार्यक्रमों की योजना भी बना रखी है, पर लड़ाई आसान नहीं है। चंद्रपुर लोस क्षेत्र के छह में से दो विस क्षेत्रों पर कांग्रेस का कब्जा है। इनमें से एक क्षेत्र वरोरा की विधायक उनकी प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस उम्मीदवार प्रतिभा धानोरकर ही हैं। इसी जिले के एक और विस क्षेत्र (जो पड़ोसी लोस क्षेत्र गढ़चिरौली का हिस्सा है) ब्रह्मपुरी पर भी कांग्रेस का कब्जा है। ब्रह्मपुरी के विधायक विजय वडेट्टीवार को कांग्रेस ने चंद्रपुर की जिम्मेदारी दे रखी है। भाजपा को यहां पसीना बहाना पड़ रहा है।

# इस सीट पर 15 साल से भाजपा का कब्जा, क्या इस बार बदलेगा नतीजा?



एजेंसी

**पश्चिम चंपारण :** पश्चिम चंपारण लोकसभा सीट 2008 में परिसीमन के बाद अस्तित्व में आई। इससे पूर्व इस लोकसभा क्षेत्र का नाम बेतिया था। इस सीट पर छह बार भाजपा की जीत का रिकॉर्ड है। परिसीमन के बाद डॉ. संजय जायसवाल 2009 में पहली बार भाजपा से संसदीय चुनाव लड़े और जीते भी। तब से लगातार इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। चौथी बार भाजपा ने उन्हें चुनाव मैदान में उतारा है। आईएनडीआईए की ओर से अभी प्रत्याशी की घोषणा नहीं हुई है। लोकसभा क्षेत्र में वैश्य, यादव-मुस्लिम और ब्राह्मण के बाद कोइरी और कुर्मी के वोट अधिक हैं। हर बार मतदान से पूर्व इस संसदीय क्षेत्र की हवा बदल जाती है। राजनीतिक दलों के सारे समीकरण ध्वस्त हो जाते हैं। जाति की गोलबंदी जीत-हार का पैमाना बनती है।

### कभी कांग्रेस का गढ़, अब एनडीए का दबदबा

कभी कांग्रेस का गढ़ कहे जाने वाले इस लोकसभा क्षेत्र में अब एनडीए का दबदबा है। 2009 में लोजपा ने फिल्म निर्देशक प्रकाश झा को उतारा और कांग्रेस के उम्मीदवार लालू यादव के साले अनिरुद्ध प्रसाद उर्फ साधु यादव थे। 2014 में जदयू भाजपा से अलग हुई तो फिर जदयू से प्रकाश झा मैदान में उतरे और निकटतम प्रतिद्वंद्वी रहे। 2019 के चुनाव में सीट रालोसपा के खाते में गई और बृजेश कुशवाहा उम्मीदवार थे।

### चार पर भाजपा और दो पर राजद का कब्जा

इस लोकसभा सीट में छह विधानसभा क्षेत्र हैं। तीन विधानसभा पश्चिम चंपारण के नौतन, बेतिया एवं चनपटिया और तीन पूर्वी चंपारण के सुगौली, रक्सौल एवं नरकटिया हैं। चार पर भाजपा व दो पर राजद के विधायक हैं। बेतिया से भाजपा की रेणु देवी विधायक हैं, जो वर्तमान में बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री भी हैं। नौतन से भाजपा के नारायण प्रसाद विधायक हैं।

### इन्हें मिला प्रतिनिधित्व का अवसर

- 1962: कमलनाथ तिवारी (कांग्रेस)
- 1967: कमलनाथ तिवारी (कांग्रेस)
- 1971: कमलनाथ तिवारी (कांग्रेस)
- 1977 : फजलुर रहमान (जनता पार्टी)
- 1979 : केदार पांडेय (कांग्रेस)
- 1983 : पीतांबर सिंह (सीपीआइ)
- 1984: मनोज पांडेय (कांग्रेस)
- 1989 : धर्मेश प्रसाद वर्मा (जनता दल)
- 1991 : फैयाजुल आजम (जनता दल)
- 1996 : डॉ. मदन प्रसाद जायसवाल (भाजपा)
- 1998 : डॉ. मदन प्रसाद जायसवाल (भाजपा)
- 1999: डॉ. मदन प्रसाद जायसवाल (भाजपा)
- 2004 : पं रघुनाथ झा (राजद)
- 2009 : डॉ. संजय जायसवाल (भाजपा)
- 2014 : डॉ. संजय जायसवाल (भाजपा)
- 2019: डॉ. संजय जायसवाल (भाजपा)

महिला वोटर पर टिकी आप की उम्मीद

# केजरीवाल और सुनीता के नाम पर मांगे जा रहे हैं वोट



एजेंसी

**नई दिल्ली :** चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली में कुल 1.47 करोड़ वोटर हैं, जिनमें महिलाओं की संख्या 67 लाख और पुरुषों की तादाद 79 लाख है. ध्यान देने वाली बात ये है कि दिल्ली में वोट देने वालों में 46 फीसदी महिलाएं हैं. अरविंद केजरीवाल सरकार की महिलाओं को लेकर लाई गई योजनाओं के पीछे सबसे बड़ी वजह भी यही है.दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हाल ही में जेल से संदेश भिजवाया था कि बाहर आते ही वो महिलाओं के लिए हर महीने एक हजार देने वाली योजना लागू कर देंगे. और महिलाओं से अच्छी तरह कनेक्ट होने के लिए अब आम आदमी पार्टी ने चुनाव कैंपेन में सुनीता केजरीवाल का नाम भी जोड़ दिया है.कुल मिलाकर जेल भेजे जाने को लेकर अरविंद केजरीवाल के लिए सहानुभूति जुटाने के लिए ही ये सारे उपाय किये जा रहे हैं. जेल का जवाब वोट से कैंपेन तो पहले से ही चल रहा है, अब आम आदमी पार्टी ने महिला कार्यकर्ताओं की एक टीम भेज कर ये संदेश देने की कोशिश कर रही है कि अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के बाद सारा काम सुनीता केजरीवाल ही देख रही हैं.अरविंद केजरीवाल को जेल भेजे जाने की बात लोग कहीं भूल न जायें, इसके लिए भी जरूरी इंतजाम किये जा रहे हैं. दिल्ली हाई कोर्ट में एक याचिका दाखिल कर अरविंद केजरीवाल को अपने मंत्रियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बातचीत की अनुमति मांगी गई है. एक जनहित याचिका में अदालत से ये निर्देश देने की मांग की गई है कि अरविंद केजरीवाल को जेल में जरूरी सुविधाएं दी जाएं, ताकि वो दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में काम करना जारी रख सकें. याचिका में दलील दी गई है कि अरविंद केजरीवाल सरकार की तरफ से ऐसी कई योजनाएं शुरू की गई हैं जिनसे दिल्ली के लोगों को फायदा हुआ है. टीम केजरीवाल की तरफ से पेश वकील श्रीकांत प्रसाद ने की दलील है कि न तो भारतीय संविधान और न ही किसी कानून ने मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री सहित किसी भी मंत्री को जेल से सरकार चलाने से रोका गया है.अरविंद केजरीवाल के जेल जाने से कुछ दिन पहले ही दिल्ली सरकार की तरह मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना की घोषणा की गई थी - और उसके बाद कई दिनों तक मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बताते रहे कि कैसे दिन भर महिलाओं के फोन आ रहे हैं, और पूछा जा रहा है कि पैसे पाने के लिए क्या करना होगा. कैसे अप्लाई किया जा सकेगा, और योजना का लाभ कैसे लिया जा सकेगा. अरविंद केजरीवाल की ये योजना मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान की लाड़ली बहना योजना की तर्ज पर बनाई गई है, जिसे सूबे में भारी सपोर्ट मिला है. 2023 के विधानसभा चुनाव के बाद बीजेपी की सत्ता में वापसी की बड़ी वजह भी इसी योजना को माना गया था.

# इत्रनगरी : अखिलेश-डिंपल के नाम है अनोखा रिकॉर्ड



एजेंसी

**नयी दिल्ली:** अब तक 16 बार लोकसभा चुनाव की गवाह रही इत्रनगरी दो बार उपचुनाव की प्रक्रिया से भी गुजरी है। दोनों ही उपचुनाव सपा सांसदों के इस्तीफे के बाद हुए। खास बात यह रही कि दोनों ही बार सपा के ही सांसद निर्वाचित हुए। पहली बार हुए उपचुनाव में सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव यहां से पहली बार सांसद बने। दूसरी बार हुए उपचुनाव में पत्नी डिंपल यादव यहां से निर्विरोध सांसद निर्वाचित हुई।कन्नौज संसदीय सीट पर हुए 16 चुनावों के दौरान सात बार समाजवादी पार्टी का कब्जा रहा है। वर्ष 1998-2014 के बीच हुए सभी चुनाव में सपा को लगातार कामयाबी मिलती रही है। वर्ष 2019 में भाजपा की जीत के बाद यह सिलसिला टूटा। पहली बार उपचुनाव वर्ष 2000 में तब हुआ, जब 1999 में यहां से सांसद बने मुलायम सिंह यादव ने इस्तीफा दिया था। तब मुलायम सिंह यादव कन्नौज के साथ ही संभल से भी लड़े थे। दोनों जगह जीत मिलने पर उन्होंने कन्नौज सीट से इस्तीफा दे दिया था। उनके इस्तीफा से खाली हुई सीट पर अखिलेश यादव पहली बार सियासत के मैदान में आए। जनता के दरबार में हाजिरी लगाकर वह दिल्ली तक पहुंचने में कामयाब भी हुए। उसके बाद वह लगातार तीन बार सांसद बने। वर्ष 2009 में वह तीसरी बार सांसद बने। उसके तीन साल बाद वर्ष 2012 में सूबे की सपा की सरकार बनी तो अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बने। ऐसी सूरत में उन्हें इस सीट से इस्तीफा देना पड़ा। उनकी खाली हुई सीट पर पत्नी डिंपल यादव यहां से उम्मीदवार बनीं। उस चुनाव में वह निर्विरोध सांसद निर्वाचित हुईं। यह इस सीट पर एक रिकॉर्ड है।

### चार बार लोकसभा चुनाव लड़े अखिलेश, हर बार जीते

अखिलेश यादव अब तक चार बार लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। कन्नौज में उन्होंने वर्ष 2000, 2004 और 2009 में ताल ठोकी और कामयाब भी हुए। वर्ष 2012 से 2017 तक सूबे का मुख्यमंत्री रहने के दौरान वह लोकसभा चुनाव से दूर रहे। 2019 में उन्होंने आजमगढ़ संसदीय सीट से किस्मत आजमाई और वहां भी जीत हासिल की।

### तीन सीट से चुनाव लड़ीं डिंपल, हर बार उपचुनाव से इंट्री

इस समय मैनपुरी की सांसद डिंपल यादव अब तक तीन बार चुनाव जीत चुकी हैं। एक खास बात यह है कि उन्होंने तीन सीट से किस्मत आजमाई है। तीनों ही बार नई सीट पर उनकी इंट्री उपचुनाव से हुई है। पहली बार फिरोजाबाद, उसके बाद कन्नौज और अब मैनपुरी से मैदान में हैं।

### पति-पत्नी दोनों के नाम अनोखा रिकॉर्ड

अखिलेश यादव लगातार तीन चुनाव जीतकर हैट्रिक लगाने वाले इकलौते सांसद हैं।डिंपल यादव निर्विरोध ही निर्वाचित होने वाली इकलौती सांसद हैं।